डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

सोना ₹71800 10 ग्राम | चांदी ₹92000 01 किलो

सेंसेक्स 80,182.20 -502.25 | डॉलर 84.961 +0.053

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



पौष कृष्ण पक्ष 4, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), गुरुवार, 19 दिसंबर 2024, वर्ष-31, अंक-65, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

पेज-10 कपिल देव का रिकॉर्ड तोड़ बुमराह ने...

## बारेसाढ़ जंगल में वन विभाग की छापेमारी

**गारू (लातेहार)।** पलामू टाइगर रिजर्व के बारेसाढ़ परिक्षेत्र अंतर्गत बीसी आट के घने जंगल में वन विभाग ने बुधवार को छापेमारी कर शिकार की योजना बना रहे छह शिकारियों को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने मौके से दो मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन और अन्य सामान भी बरामद किए। बारेसाढ़ रेंजर तरुण कुमार सिंह को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ बाहरी शिकारी बारेसाढ़ के जंगल में शिकार की योजना बना रहे हैं। सूचना के आधार पर रेंजर सिंह ने वनपाल निर्भय सिंह और परमजीत तिवारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया। टीम ने जंगल में पहुंचकर शिकारियों को दबोचने की कोशिश की, लेकिन आरोपी भागने की कोशिश करने लगे। वनकर्मियों ने पीछा कर सभी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए शिकारियों की पहचान जावेद अंसारी (बारेसाढ़), विकास कश्यप और रामावतार कश्यप (भांडरिया, गढ़वा), रमेश घासी, अर्जुन घासी और मंजुल अंसारी (महुआड़ाड़, लातेहार) के रूप में हुई है। सभी आरोपियों को बारेसाढ़ थाना लाया गया। इस अभियान में वनरक्षक अरुण कुमार सिंह, टीपीएफ के धनेश्वर यादव, राजू यादव और सुमित समेत कई वनकर्मी शामिल थे। रेंजर तरुण कुमार सिंह ने बताया कि वन विभाग शिकारियों पर कड़ी निगरानी रख रहा है और ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सख्त कदम उठाए जा रहे हैं।

## जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा कराने वाली एजेंसी की याचिका हाई कोर्ट से खारिज

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट से 28 जनवरी को झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की सचिवालय सहायक (सीजीएल) परीक्षा आयोजित कराने वाली आउटसोर्सिंग एजेंसी सतवत इन्फो सोल प्राइवेट लिमिटेड को एक बार फिर बड़ा झटका लगा है। अदालत ने जेएसएससी की ओर से एजेंसी को ब्लैक लिस्टेड किए जाने के एकल पीठ के आदेश को बरकरार रखते हुए आउटसोर्सिंग एजेंसी की याचिका बुधवार को खारिज कर दी है। दरअसल, जेएसएसी-सीजीएल परीक्षा का पेपर लीक होने के बाद जेएसएससी ने परीक्षा कराने वाली एजेंसी सतवत इन्फो सोल प्राइवेट लिमिटेड को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था कि क्यों न इस कंपनी को ब्लैक लिस्टेड किया जाए। जेएसएससी से मिले नोटिस को चुनौती देते हुए एजेंसी ने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की थी।

## सड़क दुर्घटना में शिक्षक की मौत, शिक्षक संघ ने 50 लाख रुपए मुआवजा और नौकरी की मांग की

**- दुर्घटना में शिक्षक संजय सिंह की मौत, संघ ने सरकार से तात्कालिक सहायता की मांग की**

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** जिला मुख्यालय के किन्नामाड़ स्थित पेट्रोल पंप के पास बुधवार को एनएच 75 पर ट्रक की चपेट में आने से मेदिनीनगर निवासी शिक्षक संजय सिंह (42) की मौत हो गई। मृतक शिक्षक लातेहार के कुंदरी मध्य विद्यालय में प्रधानाध्यापक के रूप में कार्यरत थे। सूत्रों के अनुसार, शिक्षक संजय सिंह अपने घर से स्कूल जाने के लिए मोटरसाइकिल से निकले थे। पेट्रोल पंप से पेट्रोल भरवाने के बाद जैसे ही वह शेष पेज 11 पर



संजय सिंह (फाइल फोटो)

नायलॉन की डोरी से बने जाल की घेराबंदी कर फसलों को बचाने में जुटे किसान

## नीलगायों के झुंड का स्वच्छंद विचरण बना त्रासदी

नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** करीब तीन दशकों से नीलगायों के झुंड द्वारा विभिन्न प्रकार की फसलों को होने वाले नुकसान से जूझ रहे किसानों ने इस समस्या का समाधान ढूंढ निकाला है। रामनगर के किसान रामजन्म राम ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि संजय राम और मेहता परिवार ने नायलॉन की डोरी से बने जाल से खेतों की घेराबंदी करके नीलगायों के झुंड से अपनी फसलों को बचाने में सफलता प्राप्त की है। उन्होंने बताया कि इस घेराबंदी से नीलगायों के झुंड में भय समा जाता है, और एक-दो बार जाल में फंसने के बाद, नीलगायों के झुंड उस क्षेत्र में दोबारा नहीं आते। यह जाल बाजार में भी आसानी से उपलब्ध हैं।

रामजन्म राम ने बताया कि जंगलों की अंधाधुंध कटाई और डायनामाइट के धमाकों से नीलगायों का झुंड मैदानी इलाकों में आ जाता है। जहां दलहनी-तेलहनी फसलों (जैसे चना, अरहर, मसूर, सेम, मटर, सरसों, तीसी) के साथ आलू, टमाटर, गेहूं और धान के कोमल पौधे इनका प्रिय आहार बन गए हैं। शेष पेज 11 पर



मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने पीड़ित परिवार से की मुलाकात

# झारखंड की बेटी के साथ गुजरात में हुई हैवानियत

- घर के पास खेल रही नौ साल की बच्ची को अगवा कर दुष्कर्म किया
- पीड़िता को गंभीर आंतरिक चोटें आई हैं, बड़ोदरा के अस्पताल में भर्ती
- मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने पीड़िता के परिजन को सौंपा चार लाख रुपये का चेक

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** गुजरात के भरूच में झारखंड के एक श्रमिक की नौ साल की बच्ची के साथ दिल्ली के निर्भया कांड की तरह बेहद वीभत्स घटना को अंजाम दिया गया है। बताया गया कि सोमवार को लड़की अपने घर के पास खेल रही थी। उसी समय आरोपी विजय कुमार वहां आया और उसे अगवा करके अपने साथ झाड़ियों में ले गया। वहां उसके साथ हैवानियत की। बच्ची को अपनी हवस का शिकार बनाया और लड़की के प्राइवेट पार्ट में रॉड डाल दिया। इससे उसे गंभीर आंतरिक चोटें आई हैं। उसे बड़ोदरा के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़िता के माता-पिता मजदूर हैं और पलामू के पांकी के रहने वाले हैं। आरोपी पीड़ित लड़की की घर के पास में ही रहता है। आरोपी उसी फैक्ट्री में करता है, जहां पीड़िता के पिता काम करते हैं। वहीं, पुलिस ने आरोपी विजय कुमार को गिरफ्तार किया है। आरोपी पलामू के विश्रामपुर थाना क्षेत्र के लालगढ़ विहार का रहने वाला है। इधर, मामले की जानकारी मिलते ही प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, एडीजी सुमन गुप्ता (आईपीएस) और निदेशक समाज कल्याण किरण पासी (आईएएस) के साथ तीन सदस्यों की टीम ने पीड़ित बच्ची और उसके परिवार से मुलाकात की। उन्होंने पीड़िता के परिजन को चार लाख रुपये का चेक भी सौंपा। मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बच्ची को सही इलाज और सहायता मिले। गुजरात सरकार से हमने मांग की है कि आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में की जाए। सरकार पीड़ित परिवार को हर संभव मदद पहुंचाए, ताकि उन्हें इंसाफ मिल सके। मामले की जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस कमिटी के मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी ने बताया कि इस पूरे घटनाक्रम के संबंध में संबंधित अधिकारियों के साथ भी बातचीत की गई है। गुजरात में काम करने वाले झारखंड के श्रमिकों और उनके परिवार की सुरक्षा की मांग भी सरकार के सामने रखी गई है।



### सीएम के निर्देश पर भरूच गईं मंत्री



झारखंड की बच्ची के साथ हैवानियत की घटना सामने आने के बाद सीएम हेमंत सोरेन के निर्देश पर ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह भरूच पहुंचीं और पीड़ित बच्ची और उसके परिवार से मुलाकात की। साथ ही कहा कि जरूरत पड़ने पर हम एयरलिफ्ट करने को तैयार हैं।

## सत्य पासवान हत्या के मुख्य आरोपी गिरफ्तार रंगदारी वसूली की साजिश का खुलासा



**● पुलिस ने 7.65 बोर का देसी पिस्टल, जिंदा कारतूस, बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल और मोबाइल फोन बरामद किए**

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** जिला के नगर उंटारी थाना क्षेत्र में 3 दिसंबर को कुख्यात अपराधी सत्य पासवान की दिन दहाड़े गोली मारकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मुख्य आरोपी यासीन खान के पुत्र इकबाल खान और उसके सहयोगी शोहदाब खान को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने इनके पास से एक 7.65 बोर का देसी पिस्टल, चार जिंदा कारतूस, बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल, और एक मोबाइल फोन बरामद किया है। गढ़वा पुलिस कप्तान दीपक पांडेय ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि सत्य पासवान की हत्या का उद्देश्य स्थानीय व्यवसाइयों में डर पैदा करना और उनसे रंगदारी वसूलना था। हत्या से पहले, सत्य पासवान और आरोपी इकबाल खान के बीच शराब पीने के दौरान विवाद हुआ था, जिसके बाद इकबाल को यह आशंका हुई कि सत्य उसकी हत्या कर सकता है। इस डर से इकबाल ने अपने साथी तौसीब के साथ मिलकर सत्य पासवान की हत्या कर दी।

हत्या के बाद, इकबाल ने नगर उंटारी के व्यवसाइयों से रंगदारी वसूलने की योजना बनाई और शोहदाब खान के माध्यम से व्यवसायियों के बारे में जानकारी जुटानी शुरू कर दी। शोहदाब ने व्यवसाइयों के मोबाइल नंबर और दुकानों की तस्वीरें इकबाल को भेजी। यह साजिश व्यवसाइयों से बड़ी रकम वसूलने के लिए थी। पुलिस ने मामले की जांच के दौरान रंगदारी वसूली की योजना का खुलासा किया और चेरवाडीह जंगल से दोनों अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया।

## आज | कल




## तरहसी प्रमुख के अविश्वास प्रस्ताव में नया मोड़, हाईकोर्ट ने लगायी रोक

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** पलामू जिले के तरहसी प्रखंड प्रमुख प्रिया कुमारी के खिलाफ चल रहे अविश्वास प्रस्ताव में नया मोड़ आ गया है। झारखंड हाईकोर्ट ने 24 जनवरी तक सभी पंचायत समिति सदस्यों व तरहसी प्रमुख के वित्तीय प्रभार पर रोक लगा दी है। यह आदेश उच्च न्यायालय ने प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव से जुड़ी याचिका पर बुधवार को सुनवाई करते हुए दिया।

पंचायती राज्य निदेशालय सरकार के अवर सचिव के प्राप्तांक 2234 दिनांक 20 सितंबर 2024 को एक पत्र जारी हुआ था, जिसमें प्रमुख की अनुपस्थिति में उपप्रमुख को प्रमुख की शक्तियों का प्रयोग करने तथा उनके कृतियों का पालन करने का आदेश दिया था, इसके ठीक 1 सप्ताह के बाद पलामू उपायुक्त ने प्राप्तांक 316 दिनांक 28 सितंबर 2024 को एक पत्र जारी कर प्रमुख की अनुपस्थिति में अजय कुमार सिंह को प्रमुख के सभी कार्यों का निष्पादन करने का आदेश दिया था, जिसके बाद प्रिया कुमारी ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। अब पुनः हाईकोर्ट के जस्टिस दीपक रौशन द्वारा सुनवाई करते हुए डब्लूपी(सी) नंबर 6945-2023 प्रपत्र के माध्यम से यह आदेश दिया है कि 24 जनवरी 2025 तक तरहसी प्रखंड की सभी पंचायत समितियों को वित्तीय शक्तियों पर रोक लगा दी गई है एवं यह वित्तीय शक्ति पर रोक अगले सुनवाई तक जारी रहेगी।

## झारखंड हाई कोर्ट में हाजिर हुए डीजीपी और एटीएस के एसपी

**● मादक पदार्थ सैंपलिंग में चूक का मामला**

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने पुलिस द्वारा जब्त किए गए मादक पदार्थों की सही तरीके से सैंपलिंग नहीं करने, जिससे मादक पदार्थों के अवैध कारोबार से जुड़े आरोपितों को जमानत मिलने और एनडीपीएस केस में आरोपितों की सजा की दर कम होने के मामले में बुधवार को सुनवाई की। राज्य के डीजीपी अनुराग गुप्ता, एटीएस के एसपी ऋषभ झा और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के जोनल डायरेक्टर अदालत के समक्ष सुनवाई में उपस्थित हुए।

सुनवाई के दौरान अदालत ने डीजीपी को निर्देश दिया कि नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और राज्य सरकार एक स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) बनाएं, ताकि पुलिस की ओर से जब्त किए गए मादक पदार्थों की सैंपलिंग सही तरीके से हो। इसके साथ मादक पदार्थ के अवैध कारोबार से जुड़े केस में सजा की दर बढ़े और मादक पदार्थ के कारोबारियों को सख्त सजा मिले। डीजीपी ने कोर्ट को आश्वस्त किया कि अदालत के दिए गए निर्देशों का पालन किया जाएगा। इसके बाद कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए शेष पेज 11 पर



## इंडिया | क्या झारखंड के बिना नक्शा बने लाखों घर सुप्रीम कोर्ट के आदेश से तोड़े जाएंगे?



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

राजधानी रांची सहित झारखंड के विभिन्न शहरों में भूमाफिया और भ्रष्ट अधिकारियों की मिलीभगत से बड़ी संख्या में अवैध निर्माण हुए हैं जिसका विस्तार शहरी क्षेत्र की सीमा के आसपास बहुत तेजी से बेतरतीब ढंग से हो रहा है पर अब लगता है इस पर रोक लगेगी और बुलडोजर भी चल सकता है। अवैध निर्माण के खिलाफ कडा कदम उठाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने ऐतिहासिक फैसले में कहा कि प्रशासनिक देरी, समय बीतने या निवेश के कारण कोई अवैध निर्माण वैध नहीं हो सकता। शीर्ष कोर्ट ने देश में अवैध निर्माण से निपटने, शहरी विकास योजनाओं और उन्हें लागू करने के लिए जनहित में समग्र दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जस्टिस जेबी पारदीवाला व जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने मंगलवार को फैसले में कहा कि निर्माण के बाद होने वाले कानूनी उल्लंघनों के खिलाफ भी त्वरित कार्रवाई होनी चाहिए। ऐसे निर्माण को गिराने के साथ दोषी अधिकारियों पर भी जुमार्ना लगाया जाना चाहिए। पीठ ने मेरठ में एक रिहायशी भूमि पर बने अवैध व्यावसायिक निर्माण के ध्वस्तीकरण को सही ठहराते हुए कहा, शहरी योजना से जुड़े कानूनों व अधिकारियों की जिम्मेदारियों को कड़ाई से लागू करने की जरूरत है। पीठ ने कहा, स्थानीय प्राधिकरणों की ओर से अनुमोदित भवन योजना के उल्लंघन को प्रोत्साहित नहीं किया जा सकता है। जो निर्माण किसी भवन योजना अनुमोदन के बिना दुस्साहसपूर्वक किए जाते हैं, उन्हें भी प्रोत्साहित नहीं किया जा सकता है। हर निर्माण नियम का ईमानदारी व कड़ाई से पालन होना चाहिए। किसी उल्लंघन को अदालतों के ध्यान में लाए जाने की स्थिति में, इससे कठोरता से निपटा जाएगा। पीठ ने कहा कि कानूनों के तहत दायित्वों को पूरा करने में अफसरों की ओर से देरी, प्रशासनिक विफलता, नियामकीय अक्षमता, निर्माण और निवेश की लागत, प्राधिकार के लापरवाही बरतने को अवैध निर्माण के बचाव में ढाल के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है। देश में अवैध निर्माण के खिलाफ सख्त फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ऐसे निर्माण को नियमित करने वाली योजनाएं केवल असाधारण परिस्थितियों में और विस्तृत सर्वेक्षण के बाद आवासीय घरों के मामले में एक बार के उपाय के रूप में लाई जानी चाहिए। अनधिकृत निर्माण, उसमें रहने वालों और आस-पास रहने वाले नागरिकों के जीवन के लिए खतरा पैदा करने के अलावा,



बिजली, भूजल और सड़कों तक पहुंच जैसे संसाधनों पर भी प्रभाव डालते हैं, जिन्हें मुख्य रूप से व्यवस्थित विकास और अधिकृत गतिविधियों के हिसाब से डिजाइन किया जाता है। 36 पन्नों के फैसले में शीर्ष कोर्ट ने कहा कि बिल्डरों को अब शपथ लेनी होगी कि वह पूर्णता प्रमाणपत्र के बिना भवन का कब्जा नहीं देंगे। इसके साथ ही भवन निर्माण के लिए जरूरी अनुमति निर्माण की पूरी अवधि के दौरान उन्हें निरीक्षकों को देखने के लिए उपलब्ध कराना होगा। पीठ ने प्राधिकारियों को निर्देश दिया कि बिल्डिंग निर्माण की योजना की अनुमति देने से पहले उन्हें बिल्डरों या आवेदकों से शपथपत्र भरवाना होगा कि वह पूर्णता या कब्जा प्रमाणपत्र हासिल होने के बाद ही भवन उसके संबंधित मालिकों को सौंपेंगे।शीर्ष अदालत ने कहा, बिल्डर या डेवलपर या मालिक को निर्माण स्थल पर, निर्माण की पूरी अवधि के दौरान अनुमोदित योजना की प्रति दिखानी होगी। संबंधित अधिकारियों को समय-समय पर परिसर का निरीक्षण करना चाहिए और इस तरह के निरीक्षण का रिकॉर्ड रखना चाहिए।पीठ ने कहा, यदि नियमों का कोई उल्लंघन दिखे, तो कानून के अनुसार कार्रवाई होनी चाहिए और पूर्णता/कब्जा प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया को तब तक स्थगित करना चाहिए, जब तक कि उल्लंघन को पूरी तरह ठीक नहीं कर दिया जाता।सभी आवश्यक सेवा कनेक्शन, जैसे बिजली, पानी की आपूर्ति और सीवेज, सेवा प्रदाताओं की ओर से भवनों को पूर्णता और व्यवसाय प्रमाण पत्र पेश करने के बाद ही दिया जाना चाहिए।पूर्णता प्रमाण पत्र जारी करने के बाद भी, यदि नियमों का कोई उल्लंघन प्राधिकारियों के ध्यान में लाया जाता है, तो संबंधित प्राधिकरण द्वारा बिल्डर/मालिक/कब्जेदार के खिलाफ कानून के अनुसार तत्काल कदम उठाए जाएंगे।कोर्ट ने अपने फैसले में बैंकों को सख्त निर्देश दिया कि बैंक और वित्तीय संस्थानों को किसी भी भवन के निर्माण के बाद उसके पूरा होने के सर्टिफिकेट की पुष्टि करने के बाद ही उसके लिए लोन देना चाहिए। कोर्ट ने अपने रजिस्ट्रार को यह भी निर्देश दिया कि वे सभी हाई कोर्ट को इस फैसले की एक कॉपी भेजें, ताकि वे इस तरह के विवादों पर विचार करते समय इसे संदर्भित कर सकें। शीर्ष अदालत ने यह आदेश इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा अवैध निर्माण को ध्वस्त किये जाने के फैसले को चुनौती देने के मामले में सुनवाई करते हुए आदेश दिया है। उल्लेखनीय है कि रांची शहर में लाखों घर ऐसे हैं, जिनका निर्माण बिना नक्शा स्वीकृत कराए किया गया है। करीब आठ साल पहले रघुवर सरकार ने ऐसे घरों को नियमित करने के लिए कदम बढ़ाए थे। हेमंत सरकार के पहले कार्यकाल में भी इस दिशा में आगे बढ़ते हुए नगर विकास विभाग के अधिकारियों ने कई बैठकें की थी। अब ऐसे अवैध निर्माण का क्या होगा तोड़े जाएंगे या असाधारण मानकर छूट मिलेगी ?

## जिले में धान अधिप्राप्ति कार्य की हुई समीक्षा, लापरवाही पर होगी कार्रवाई

**● डीडीसी ने धान अधिप्राप्ति कार्यों का लगातार निरीक्षण करने के दिए निर्देश**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिले के 41 निबंधित पैक्सों में 15 दिसंबर से धान की अधिप्राप्ति कार्य शुरू हो चुका है, लेकिन कई केंद्रों पर कार्य शुरू नहीं हो पाया। इस संबंध में बुधवार को समाहरणालय के सभागार में उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने बैठक आयोजित की और धान अधिप्राप्ति कार्यों की समीक्षा की।

बैठक में उप विकास आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जहां धान अधिप्राप्ति कार्य नहीं शुरू हो सके हैं, वहां 19 दिसंबर तक उद्घाटन के बाद इसे हर हाल में शुरू किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि ऐसा नहीं हुआ, तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने बैठक में एक-एक पैक्स के कार्यों की जानकारी ली और पाया कि कई केंद्रों पर उद्घाटन कार्य नहीं होने के कारण धान की खरीदी नहीं हो पाई। इस पर उन्होंने इसे शीघ्र पूरा करने का आदेश दिया।

उप विकास आयुक्त ने बीडीओ, सीओ और नोडल अधिकारियों को धान अधिप्राप्ति कार्यों का लगातार निरीक्षण करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उन्होंने क्रय पदाधिकारियों और कंप्यूटर ऑपरेटरों को भी कार्य में कोई लापरवाही न बरतने के लिए कहा। बैठक में सहकारिता कार्यालय के अधिकारियों, नोडल पदाधिकारियों और राइस मिलर के प्रतिनिधियों सहित कई अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### डीएसई ने बीईईओ से पोशाक वितरण की जानकारी ली

**छतरपुर।** जिला शिक्षा अधीक्षक संदीप कुमार ने बुधवार को छतरपुर, नौडीहा बाजार प्रखंड के सभी प्रधानाध्यापक सह सचिव विद्यालय विकास, पोशाक वितरण में कितना कार्य हुआ है इसकी जानकारी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी कुलेश्वर दास से ली। इस मामले में जिला शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि दोनों प्रखंड के सभी प्रधानाध्यापक अपने-अपने विद्यालय में स्थानीय वेंडर से पोशाक की खरीदारी कर सभी छात्र छात्राओं को यूनिफॉर्म में विद्यालय में प्रवेश दें। यह राशि पीएफएमएस के माध्यम से खाते में गई है। खर्च कर बिल वाउचर अपलोड करते हुए कार्यालय को देना सुनिश्चित करें। पूर्व में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कुलेश्वर दास ने विद्यालय के सभी प्रधानाध्यापक सह सचिव के साथ बैठक कर निर्देश दे दिया था कि विद्यालय में जो भी पोशाक वितरण किया जाएगा वो स्थानीय वेंडर से ही खरीदारी करना है।

## थाना परिसर में शिविर का आयोजन

# जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में पहुंचे फरियादी




**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** थाना परिसर में बुधवार को जन शिकायत समाधान जागरूकता कार्यक्रम शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आईपीएस सह एसडीपीओ एस मोहम्मद याकूब ने की। संचालन अंचल पुलिस निरीक्षक सुरेश मंडल ने किया। शिविर में हुसैनाबाद अनुमंडल के हुसैनाबाद, हैदरनगर, मोहम्मदगंज, दंगवार ओपी, देवरी ओपी क्षेत्र के कई फरियादी पहुंचे। अधिकांश मामले जमीन संबंधित, पारिवारिक विवाद के मामले सामने आए। शिविर में फरियादियों द्वारा लिखित आवेदन लेकर उनकी समस्याओं का निष्पादन किया गया। शिकायत दर्ज कराने वालों को पावती रसीद भी दी गई। एसडीपीओ एस मोहम्मद याकूब ने बताया की पुलिस महानिदेशक झारखंड निर्गत आदेश के आलोक में पूरे झारखंड में शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजित की गई है। पुलिस पब्लिक के बीच समन्वय स्थापित करने के लिए अनुमंडल स्तर पर शिविर लगाया गया है। लोगों को दी गई कानून की जानकारी शिविर कार्यक्रम में लोगों को विक्टिम कंपनसेशन स्कीम और नए कानून के साथ ही जीरो एफआईआर, ऑन लाइन एफआईआर, डायल 112, 1930 आदि की जानकारी दी गई। अपराधियों की सूचना, साइबर अपराध के झांसे में होने वाली ठगी के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। मौके पर सीओ पंकज कुमार, हुसैनाबाद थाना प्रभारी संजय कुमार यादव, हैदरनगर थाना प्रभारी अफजल अंसारी, मोहम्मदगंज थाना प्रभारी, पंकज कुमार तिवारी दंगवार ओपी प्रभारी सोनू कुमार, देवरी ओपी के एएसआई अखिलेश यादव, सीताराम सिंह, रविरंजन सिंह, नर्मदेश्वर सिंह, कलिका राम समेत अनुमंडल क्षेत्र के सभी थाने और ओपी के कई पुलिस पदाधिकारी शामिल थे।

### जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के माध्यम से विवादों का त्वरित निपटारा होगाः एसडीपीओ

**नावाबाजार** विश्रामपुर पुलिस अनुमंडल क्षेत्र के नावाबाजार थाना परिसर में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विश्रामपुर एसडीपीओ अ ालोक कुमार टूटी, अंचल निरीक्षक रामाशीष पासवान, नावाबाजार थाना प्रभारी चिंटू कुमार, विश्रामपुर थाना प्रभारी सौरव कुमार चौबे, रेहला थाना प्रभारी संतोष कुमार, पांडू थाना प्रभारी कुमार सौरव आदि ने दीप प्रज्जवलित कर किया। एसडीपीओ आलोक कुमार टूटी ने कहा कि पुलिस प्रशासन द्वारा शुरू किया गया यह जागरूकता अभियान ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के लिए ज्यादा लाभकारी है। क्षेत्र के छोटे-छोटे विवादों का त्वरित निष्पादन इस कार्यक्रम के माध्यम से हो जाएगा। उन्होंने लोगों से इस कार्यक्रम से जुड़कर लाभ उठाने का अपील की। कार्यक्रम के दौरान कुल 13 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमे 8 आवेदन मामला जमीनी विवाद का था, जिसे संबंधित विभाग को अग्रसारित किया गया। कुछ मामलों का निपटारा ऑन द स्पॉट भी किया गया। साथ हीं 5 आवेदन घरेलू आपसी विवाद से जुड़े थे। अंचल निरीक्षक रामाशीष पासवान ने कार्यक्रम में शामिल स्थानीय लोगों को नए कानूनों के बारे में बताया गया। इसके अलावा साइबर अपराध से बचने की भी विशेष जानकारी दी गई। नावाबाजार थाना प्रभारी चिंटू कुमार ने कहा कि लोग अपनी समस्याओं को लेकर बेखौफ थाना पहुंचे। उनकी समस्याओं का निवारण करना उनकी प्राथमिकता होगा। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर उनका सदैव प्रयास रहा है। मौके विश्रामपुर थाना प्रभारी सौरभ कुमार चौबे, पांडू थाना प्रभारी कुमार सौरभ, उंटारी थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह, रेहला थाना प्रभारी संतोष कुमार, नौगढ़ा ओपी प्रभारी अनिल कुमार यादव सहित ग्रामीण मौजूद थे।

## एसडीओ ने किया अनुमंडलीय अस्पताल का औचक निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** आइएएस सह हुसैनाबाद एसडीओ कृष्णकांत कनवाड़िया ने हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस क्रम में उन्होंने मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। वार्ड में भर्ती मरीजों से बातचीत की। उन्होंने प्रसूति कक्ष, महिला वार्ड, शिशु कक्ष आदि की मौजूदा स्थिति का अवलोकन किया। डिजिटल एक्स रे की उपलब्ध सेवा की जानकारी ली। साथ ही मरीजों के लिए दवा उपलब्धता की जानकारी ली। ऑन ड्यूटी चिकित्सकों ने स्थिति की जानकारी दी। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों को मरीजों को बेहतर सुविधा देने समेत कई निर्देश दिया। साथ ही बढ़ती ठंड को देखते हुए हीटर व ब्लैंकेट आदि व्यवस्था कराने का निर्देश दिया। एसडीओ ने बताया कि दो दिनों के अंदर सभी सुविधाओं को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। स्वास्थ्य प्रबंध समिति के साथ बैठक कर बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की कोशिश की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिला स्वास्थ्य विभाग से बातचीत कर मरीजों के लिए सोनोग्राफी की सुविधा की दिशा में पहल की जाएगी.मौके पर डॉ आकाश कुमार, डॉ शशिभूषण, स्वास्थ्य प्रबंधक विभूति कुमार आदि समेत कई स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## अजाप्टा सदस्यों ने विधायक से की मुलाकात, समस्याओं से कराया अवगत



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** अजाप्टा की हुसैनाबाद इकाई के सदस्यों ने हुसैनाबाद के पुरन्दर विगहा स्थित आवास पर विधायक संजय कुमार सिंह यादव से मुलाकात कर समस्याओं से अवगत कराया। साथ ही आयोजित एक सादे समारोह में अजाप्टा के दर्जनों शिक्षकों ने फूल माला व बुके देकर स्वागत किया। हुसैनाबाद प्रखंड अध्यक्ष जुबैर अंसारी ने शिक्षा- शिक्षक जनित समस्याओं में पद रिक्तता के सापेक्ष में वांछनीय ग्रेडों में लंबित प्रोन्नति और सभी कोटि के शिक्षकों को एक समान लाभ प्रदान करने वाले एमएसीपी के बारे में अवगत कराया। हुसैनाबाद प्रखंड सचिव निर्मल कुमार ने कहा कि आप सामाजिक न्याय के पुरोधा हैं, आपसे शिक्षकों की काफी अपेक्षाएं हैं। यह वर्ग बिलकुल गरीब गुरबों के परिवार से आता है। आपकी पार्टी की सरकार इसी वर्ग के उत्थान के लिये प्रतिबद्ध है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिये शिक्षकों की समस्याओं पर भी सरकार को ध्यान देना चाहिये लेकिन त्रासदी है कि यहां समस्याओं का अंबार है,हल करने की दिशा में अभी तक विभाग का आश्वासन ही मिला है और प्रत्येक वर्ष शिक्षक रिटायर कर रहे हैं,लाभ से वंचित हो रहें हैं। पलामू प्रमंडल के सोशल मीडिया प्रभारी राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि 2022 से ही इस ओर ध्यान आकृष्ट कराते रहे है। समस्त बातों को सुनने के बाद विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने कहा कि मुझे सब याद है और आपके दोनों मांगों में प्रोन्नति संबंधित पहल यथाशीघ्र करेंगे। मौके पर जिला संयुक्त सचिव चक्रवर्ती सिंह,हैदरनगर प्रखंड अध्यक्ष अरुण कुमार चौधरी,राज्य प्रतिनिधि प्रेम कुमार चौधरी, मोहम्मदगंज प्रखंड अध्यक्ष सत्येंद्र पासवान,हुसैनाबाद के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष विकास प्रसाद ने भी संबोधित किया और व्यापक शिक्षा शिक्षक हित में लंबित मांगों को निष्पादन कराने का आग्रह किया। इस कार्यक्रम में सेवानिवृत्त शिक्षक अब्दुल रहीम, विनोद प्रसाद के साथ शिक्षकों में कन्हैया प्रसाद, जितेंद्र राम ,धुरेंद्र पटेल,दिवाकर पटेल, अरविंद झा,मनोज कुमार चौधरी, प्रमोद पासवान,सुनील पासवान, महेंद्र बैठा, कृष्ण कांत सिंह,डीएन सिंह,अरविंद कुमार, महेश यादव, कामेश्वर पासवान, अवधेश पासवान, बिहारी रजक, विनोद पासवान, राजेंद्र चौधरी हैदरनगर से प्रखंड सचिव रामचंद्र, राज्य प्रतिनिधि प्रेम कुमार चौधरी, संजय कुमार सहित दर्जनों शिक्षक मौजूद थे।

## पूर्व सैनिक परिषद ने थल सेना दिवस मनाने पर किया विचार



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पूर्व सैनिक कार्यालय पर पूर्व सैनिक परिषद के सदस्यों ने बुधवार को स्थानीय कार्यालय में बैठक की। सर्वसम्मति से आगामी 15 जनवरी 2025 को थल सेना दिवस मनाने पर विचार विमर्श किया गया। सभी सदस्यों ने पूर्व की तरह इस वर्ष भी सेना दिवस मनाने के लिए सहमति जताई। संगठन के जिला उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद की अध्यक्षता में हुई बैठक में कहा गया कि इस दिवस को मनाने के लिए पुनः 27 दिसंबर को सभी पूर्व सैनिकों के साथ एक और बैठक होगी। उक्त बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया जाएगा कि मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि कौन-कौन होंगे। स्कूली बच्चों,एनसीसी कैडेट का कार्यक्रम के लिए चयन करने सहित सभी विषयों पर निर्णय लिया जाएगा। बैठक में संगठन के प्रमंडलीय अध्यक्ष कैप्टन दुखन सिंह, लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद, प्रमंडलीय पेंशन अधिकारी सुबेदार अक्षय सिंह, कोषाध्यक्ष सुबेदार सतेन्द्र ठाकुर, कार्यालय क्लर्क असर्फी पाल, प्रसाद सिंह आदि मौजूद थे।

## नल जल योजना से लोगों को नहीं मिल पा रहा पानी

### संवेदक व विभागीय लापरवाही के कारण योजना की नहीं हुई शुरूआत



**नवीन मेल संवाददाता**

**नावाबाजार।** जल जीवन मिशन के तहत हर घर पाइप लाइन से पहुंचाने वाली जल नल योजना गांव में केवल कहानी सुनाने बात बन कर रह गई है। जनवरी 2023 में निविदा आमंत्रित कर संवेदक को स-समय कार्य पूरा करने की जिम्मेदारी सौंपने के बाद भी संवेदक के द्वारा कार्य में तेजी नहीं लाई गई। निविदा होने के लगभग 23 माह बाद भी आधा कार्य नहीं कराया जा सका। संवेदक की लापरवाही के कारण गांव में जैसे-तैसे बिछाई गई जल नल योजना केवल दिखावा मात्र बनकर रह गई है। इस पर न तो विभाग गंभीर है और न ही संवेदक द्वारा कार्य में रुचि दिखाई जा रही है। नतीजतन सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना स्वयं को मुंह चिढ़ा रही है। लोग पेयजल के लिए भटक रहे हैं। नावाबाजार प्रखंड के बसना, तुकबेरा , कंडा, इटको, रबदा, सोहदाग व कुंभी कला पंचायत स्थित गांव में जल जीवन मिशन के तहत हर घर तक पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने के लिए पाइपलाइन बिछायी जानी है। सप्लाई के लिए कहीं भी न तो मोटर लगाए गए हैं और न ही कहीं पानी टंकी। ऐसे में योजना संवेदक और विभागीय अधिकारी की लापरवाही के कारण धरातल पर नहीं उतर पाई। पानी सप्लाई के लिए संवेदक द्वारा कहीं भी डीप बोर नहीं किया गया। केवल नाम मात्र को 150-200 फीट गहराई बोरिंग कर सरकारी राशि की बंदरबांट किया जा रहा है। लोगों द्वारा आग्रह किए जाने के बाद भी पाईप लाईन का प्वाइंट संवेदक द्वारा नहीं दिया गया। कई ऐसे जगहों पर प्वाइंट छोड़े गए है, जहां कोई घर भी नहीं। मतलब खेत की प्यास बुझाने के लिए नल जल योजना लगाई जा रही हो। इसकी शिकायत भी स्थानीय लोगों द्वारा किया गया, लेकिन कोई कार्रवाई और न हीं संवेदक पर कार्य पूरा करने को लेकर दबाव बनाया जा रहा है। मेदिनीनगर स्थित विभागीय कार्यालय में शिकायत किए जाने के बाद कार्यालय के कर्मी व पदाधिकारी संवेदक की पक्ष में खड़े हो जाते हैं। गर्मी का मौसम एक बार दस्तक देगा। गांवों में पानी की हाहाकार मच जाती है। लेकिन इसकी परवाह संवेदक और विभागीय अधिकारी किसी को नहीं है। अब तो जिला प्रशासन भी यह मानने लगा है कि कार्यों में लापरवाही बरती गई है।


## भाजपा ने सदस्यता महाअभियान को लेकर की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** देवी धाम हैदरनगर परिसर में बुधवार को संगठन महापर्व सह सदस्यता महाभियान को लेकर भाजपा की मंडल स्तरीय बैठक मंडल अध्यक्ष प्रदीप सिंह की अध्यक्षता में हुई। संचालन संजय सिंह ने किया। मुख्य प्रभारी सह जिला मंत्री सोमेश सिंह ने कहा कि 22 दिसंबर से प्राथमिक सदस्यता महाभियान जबकि दो से 15 जनवरी तक सक्रिय सदस्यता अभियान चलाया जायेगा। पार्टी का सक्रिय सदस्य बनने के लिये कम से कम 50 लोगों को सदस्य बनाना अनिवार्य है। ऑनलाइन सदस्य बनने के लिये 88000 - 02024 पर मिस कॉल करने पर लिंक मिलते ही इस लिंक पर क्लिक कर फार्म भरकर सबमिट करना होगा। उन्होंने कहा कि सदस्यता महाभियान को लेकर मंडल स्तर पर 18 और 19 दिसंबर को बैठक होगी। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के दम पर ही भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी है। हैदरनगर में सदस्यता अभियान से गांव व शहर के लोगों को जोड़ा जायेगा। मंडल अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने कहा कि इस मंडल के सभी भाजपा कार्यकर्ता हर घर तक सदस्यता अभियान चलाने का संकल्प लिया है। यह सदस्यता अभियान पार्टी का एक महत्वपूर्ण कार्य है। इसके लिये उन्हें बूथ से लेकर जिला तक पूरी निष्ठा के साथ काम करने की जरुरत है। इसके बाद ही लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन वीरेंद्र सिंह ने किया। बैठक में मुख्यतः नरेन्द्र कुमार सिंह, सुधीर सिंह, सत्येन्द्र कुमार, अप्पू सिंह, देवेन्द्र सिंह, मनोज मिश्रा, भीष्मदेव सिंह, अलखनाथ विश्वकर्मा, रवि सिंह, सरयू गुप्ता, राजू गुप्ता, रमेश चौहान, रामजी विश्वकर्मा, पप्पू पासवान, अंकू सिंह राणा, विनोद विश्वकर्मा, सत्येन्द्र मेहता, प्रमोद मेहता, दिलीप पाल, लल्लू यादव सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

## पर्यटन स्थल भीमचूल्हा में सैलानियों के स्वागत की तैयारी में जुटे पुजारी व गाइड

**▸ बरसात में उग आए खर पतवार व झाड़ियों की सफाई अभियान हुआ तेज**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** सैलानियों की पहली पसंद बन गए पर्यटक स्थल भीम चूल्हा में उनके स्वागत की तैयारी में पुजारी सह गाइड गंगा तिवारी जुट गए हैं। इसे लेकर उन्होंने बरसात में उग आए खर पतवार व झाड़ियों की सफाई कराने का अभियान तेज कर दिया है। उन्होंने बताया कि वैसे, तो भ्रमणकाल के पूरे दिनों में सैलानियों का तांता लगा रहता है, मगर बीत रहे साल के अंतिम और नये के प्रथम सप्ताह में पिकनिक मनाने और सैर सपाटे को लेकर यह ऐतिहासिक महत्व का स्थल सैलानियों से गुलजार रहता है। इसे देखते हुए इसके पार्क के सौंदर्य को आकर्षक और मनमोहक बनाने के लिए हर साल इस सीजन में साफ-सफाई अभियान चलाया जाता है। उन्होंने बताया कि सौर ऊर्जा चालित जलापूर्ति व्यस्था की खराबी को ठीक कर दिया गया है। इससे पर्यटक स्थल के पूरे एरिया में पाइपलाइन और नल कनेक्शन देने के बाद गर्मी में फुल-पौधों और बेसकीमती मखमली घास के सूख जाने की समस्या नहीं रहेगी। इसके उद्घाटन के बाद बीत रहे चौथे साल में पेयजल और पटवन के लिए सौर ऊर्जा से जलापूर्ति की व्यस्था इसके विकास की कड़ी में बड़ी उपलब्धि साबित हुआ है।

### पूर्व मुखिया के माता का निधन, शोक

**हैदरनगर।** प्रखंड के खरगाड़ा पंचायत के पूर्व मुखिया व राजद कार्यकर्ता जितेन्द्र पासवान की माता पियारी देवी का निधन लंबी बीमारी के बाद बुधवार को हो गया। इनके निधन की सूचना पर विधायक संजय कुमार सिंह, राजद प्रदेश सचिव रिजवान खान, कलामुद्दीन खान व अजहर अली ने प्रभावित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि मृतक के पुत्र सह पूर्व मुखिया जितेन्द्र पासवान का पंचायत ही नहीं पूरे प्रखंड क्षेत्र में सक्रिय राजनीतिक भूमिका रही है। उन्होंने कहा है कि इस दुःख की घड़ी में पूरा राजद परिवार उनके साथ है। पूर्व मुखिया सफीउल्ला खान सहित सैकड़ों लोगों ने शोकाकुल परिवारों से मिलकर इस घटना पर गहरा दुःख व्यक्त किया है।

## पंसा में याद किए गए शिक्षक रवींद्र सिंह



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** पंसा में बुधवार को तीसरी पुण्यतिथि पर शिक्षक सह जिला पार्षद अंजू देवी के पति रवींद्र कुमार सिंह को याद किया गया। उनके स्मारक को फूल माला से सजाकर उनकी प्रतिमा का माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसमें बड़े पुत्र युवा समाज सेवी अश्विनी कुमार सिंह व अन्य परिजन और ग्रामीण शामिल थे। मौके पर उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा गया कि रवींद्र कुमार सिंह शांत स्वभाव व मधुर व्यवहार के दायित्व के प्रति निष्ठावान शिक्षक थे। गांव के ही स्कूल में प्रधानाध्यापक के पद पर रहते हुए एक शिक्षक और शिक्षकों के लीडर के रूप में उन्होंने समाज में अलग छाप छोड़ी है। समाज को उनकी कमी सदैव खलती रहेगी। बताते चलें उनकी पत्नी पहले पंसा पंचायत की मुखिया चुनी गई थी। उनके मरणोपरांत जिला परिषद सदस्य चुनी गई हैं। उनके दो पुत्रों में अश्विनी कुमार सिंह राजनीति और समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय हैं। जबकि प्रिंस सिंह उर्फ रामलखन सिंह जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय में कार्यरत हैं। उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करने में दोनों पुत्र, अन्य परिजनों के अलावा ब्रह्मदेव महतो, वीरेंद्र सिंह, नागदेव सिंह, चंदन मेहता, प्रशांत, शुभम और सौरभ सहित अन्य कई ग्रामीण शामिल थे।

**पहल**

## विश्रामपुर में खुला धान क्रय केंद्र

# किसी भी प्रकार का दलाली बर्दास्त नही की जायेगी : बीडीओ




**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** विश्रामपुर के पुराने ब्लॉक परिसर स्थित पैक्स भवन में बुधवार को धान क्रय केंद्र खुला। धान क्रय केंद्र का उद्घाटन जिला पार्षद विजय रविदास,बीडीओ राजीव सिंह व सीओ राकेश तिवारी ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। जिला पार्षद विजय रविदास ने कहा कि क्रय केंद्र खुल जाने से किसानों को फसल का उचित कीमत मिलेगा ।किसानों को किसी भी कीमत पर बिचौलियों के हाथों औने-पौने दाम पर धान बेचने की जरूरत अब नही है। बीडीओ राजीव सिंह ने कहा कि किसी भी प्रकार का दलाली व बिचौलियागिरी बर्दास्त नही की जायेगी। सीओ राकेश तिवारी ने कहा बगैर किसी भेद-भाव के वास्तविक सभी किसानों का धान क्रय होना चाहिये ।नोडल पदाधिकारी सह एमओ रणधीर कुमार ने बताया कि किसान अपना धान बेचने के लिये प्रज्ञा केंद्र तथा अपने मोबाइल के द्वारा ई-उपार्जन पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन कर सकते है। किसान निर्धारित दो सौ क्विंटल तक धान यहां बेच सकते है ।उससे ज्यादा बेचना हो तो उपयुक्त से अनुमति लेना होगा। पैक्स लिमिटेड के अध्यक्ष सुमित शेखर ने बताया कि सभी किसानों का धान ई-पॉश मशीन से लिया जायेगा ।जिसका न्यूनतम समर्थन मूल्य 24 सौ रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित है। उद्घाटन के पहले दिन तीन किसानों ने अपना धान विक्रय किया ।मौके पर क्रय पदाधिकारी इम्तियाज हुसैन, समाजसेवी विजय कुमार रवि, निवर्तमान वार्ड पार्षद सुनील कुमार चौधरी, रामजी विश्वकर्मा,सतेंद्र बक्सराय, मणि रामरामराज गुप्ता, राजू राम, अरविंद कुमार सहित सभी कार्यकरणी सदस्य तथा कई किसान मौजूद थे।

### ज्यादातर किसान बिचौलियों के हाथों बेच चुके हैं

बिश्रामपुर आंचलिक क्षेत्र में सीमांत व छोटे किसान हैं ।आर्थिक रूप से कमजोर यहां के किसान खाद बीज सब उधार लेते हैं। सरकारी धान क्रय केंद्र बहुत विलंब से खुलता है ।इधर धान की फसल कटते ही दुकानदारों द्वारा तगादा शुरू कर दिया जाता है, जिसके बाद किसान धान बेचना खलिहान से ही शुरू कर देते हैं। वर्तमान हालात यह है कि क्षेत्र के ज्यादातर किसान अपना धान बिचौलियों के हाथों बेच चुके हैं ।अब यही बिचौलिया क्रय केंद्र में सरकारी दर पर धान बेचकर अच्छा खासा मुनाफा कमाते हैं।

## स्वरोजगार अपना कर होगी बेरोजगारी दूर : बीडीओ



**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर।** प्रखंड के लेस्लीगंज पंचायत सचिवालय में बेरोजगार युवाओं के लिए मोबाइल रिपेयरिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जागरण पंचायत क्लब लेस्लीगंज व आईसीआईसीआई फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह, मुखिया संघ के अध्यक्ष मंदीप मेहता, लेस्लीगंज मुखिया रेखा देवी, चेंबर अध्यक्ष छोटेलाल प्रसाद, समाजसेवी वीरेंद्र प्रसाद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीडीओ ने कहा कि हमारा देश विकासशील देश है। कोई भी सरकार के लिए सभी को नौकरी देना संभव नहीं है। ऐसे में स्वरोजगार अपना कर हम अपने साथ-साथ दूसरों को भी रोजगार देने का काम कर सकते हैं। मुखिया संघ के अध्यक्ष मंदीप मेहता ने कहा कि निःशुल्क मोबाइल रिपेयरिंग प्रशिक्षण से अधिक से अधिक युवा जुड़कर इसका लाभ उठाएं। लेस्लीगंज पंचायत के मुखिया रेखा देवी ने कहा कि युवाओं में कौशल का होना बहुत जरूरी है। इस तरह के प्रशिक्षण के लिए लोग शहर में जाया करते हैं। परंतु जागरण पंचायत क्लब एवं आईसीआईसीआई फाउंडेशन ने ऐसा अवसर दिया है कि गांव के युवा गांव में ही प्रशिक्षण प्राप्त कर मोबाइल रिपेयरिंग से स्वरोजगार शुरू कर सकते हैं। मौके पर क्लब के सचिव अशोक प्रसाद, आईसीआईसीआई फाउंडेशन के अंशु सिंहा, हुमायूं खां , मोहित कुमार, आर्यन कुमार, सुमित कुमार , रितिक कुमार , आनन्द कुमार सहित अन्य लोग शामिल थे।

## जिला परिषद सदस्य पर जानलेवा हमला लूटपाट का प्रयास

**मेदिनीनगर।** पाटन पश्चिम के जिला परिषद सदस्य जयशंकर कुमार सिंह पर गुरुवार के दिन में जानलेवा हमला हुआ। घटना पाटन प्रखंड में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर के कार्यक्रम के दौरान हुई। सिंह ने बताया कि मंत्री के काफिले के साथ गाड़ी से उतरते ही उन पर लगभग 9 नामजद और 40-50 अज्ञात लोगों ने हमला कर दिया। हमलावरों ने उनके साथ मारपीट की और लूटपाट का प्रयास किया। सिंह ने बताया कि हमलावरों ने उनके पैसे छीन लिए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## कॉंग्रेस जिला कमिटी के उपाध्यक्ष कमरुद्दीन अंसारी ने अपने पद से दिया इस्तीफा

**मेदिनीनगर।** कॉंग्रेस जिला कमिटी के उपाध्यक्ष कमरुद्दीन अंसारी ने हाल ही में अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने यह कदम उस समय उठाया जब विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी के एन त्रिपाठी को मिली हार के कारणों की समीक्षा की जा रही थी। समीक्षा बैठक में अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष जीशान खान ने कांग्रेस जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक पर गंभीर आरोप लगाए थे। उनका कहना था कि पार्टी की हार में अध्यक्ष की भूमिका थी और इस तरह के आरोप पहले भी उन पर लगते रहे हैं। इस्तीफे के बाद कमरुद्दीन अंसारी ने कहा कि पार्टी को नई दिशा की जरूरत है। उन्होंने अपील की कि जिला कमिटी को भंग कर उसमें नई और ऊर्जावान व्यक्तियों को शामिल किया जाए, ताकि कांग्रेस पार्टी को एक मजबूत और प्रभावी नेतृत्व मिल सके।

# सड़क दुर्घटना में व्यवसायी की मौत, परिवार में मचा कोहराम

### तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से व्यवसायी की मौत, शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के कपड़ा व्यवसायी कृष्ण प्रसाद (42 वर्ष) की बुधवार को दोपहर सदर थाना क्षेत्र के दुबियाखाड़ मोड़ के पास सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। हालांकि, कृष्ण प्रसाद ने हेलमेट पहना हुआ था, लेकिन उनका सिर पूरी तरह कुचल गया, जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। कृष्ण प्रसाद पंच मुहान स्थित आरके ड्रेसेज के मालिक थे। जानकारी के अनुसार, वह बुधवार को अपनी स्कूटी पर सवार होकर बरवाडीह बकाया कलेक्शन के लिए जा रहे थे। इसी दौरान, तेज रफ्तार ट्रक ने ओवरटेक करते हुए उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। दुर्घटना की सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लिया। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया। इस दुर्घटना के बाद मृतक के घर में शोक का माहौल है, क्योंकि उनके दोनों बच्चे अभी छोटे हैं। घटना की जानकारी मिलने पर समाजसेवी और स्थानीय लोग मृतक के घर पहुंचे और परिवार को सांत्वना दी।

# संत मरियम स्कूल में तीरंदाजी प्रशिक्षण की नई शुरूआत

### आने वाले सत्र में स्कॉलरशिप और विशेष सुविधाओं की घोषणा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बदलते समय के साथ शिक्षा में व्यापक बदलाव जरूरी है और छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए संत मरियम स्कूल लगातार नई पहल कर रहा है। बुधवार को स्कूल के निदेशक अविनाश देव ने प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि संत मरियम विद्यालय बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के साथ-साथ उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में दक्ष बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस क्रम में आज से स्कूल में तीरंदाजी के प्रशिक्षण की शुरूआत हो रही है। इस पहल के तहत अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त तीरंदाज दीप्ति कुमारी को स्कूल में प्रशिक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है। दीप्ति कुमारी ने पद्मश्री पुरस्कार विजेता दीपिका कुमारी जैसी प्रतिष्ठित खिलाड़ियों को भी प्रशिक्षित किया है। यह स्कूल के साथ-साथ पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है।

निदेशक ने बताया कि आगामी सत्र में संत मरियम स्कूल ने छात्रों के लिए कई नई योजनाओं की घोषणा की है। वर्ग केजी से 9वीं तक के बच्चों के नामांकन के लिए सभी शाखाओं में नामांकन फॉर्म उपलब्ध हैं और 19 जनवरी को नवाहता परिसर में प्रथम टेस्ट का आयोजन किया जाएगा। मेधावी छात्रों के लिए विशेष स्कॉलरशिप योजना के तहत कक्षा 6, 7 और 8 के टॉप 5 छात्रों का मासिक शुल्क 50% माफ किया जाएगा। कक्षा 9 और 10 के टॉप 10 छात्रों का मासिक शुल्क 50% माफ होगा। अन्य विद्यालयों से कक्षा 11 में नामांकन लेने वाले छात्रों के लिए 90% अंक वालों का पूरा मासिक शुल्क माफ और 85% से अधिक अंक वालों का 50% शुल्क माफ किया जाएगा।

संत मरियम स्कूल ने यह भी घोषणा की कि आगामी सत्र से नेतरहाट आवासीय विद्यालय की तैयारी के लिए विशेष कक्षाएं चलाई जाएंगी। इस अवसर पर चेयरमैन अविनाश देव, प्राचार्य कुमार आदर्श, किड्स निदेशक आनंद कुमार और अंतर्राष्ट्रीय तीरंदाज दीप्ति कुमारी भी उपस्थित थीं।

### पार्किंग समस्याओं पर व्यापारियों की नाराजगी

# नगर निगम का अतिक्रमण हटाओ अभियान : दुकानदारों का विरोध



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर निगम के अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत पंचमुहान और बाटा रोड क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने के दौरान दुकानदारों और व्यवसायियों ने कड़ा विरोध जताया। दुकानदारों का आरोप था कि नगर निगम ने बिना किसी पूर्व सूचना या नोटिस के यह कार्रवाई की, जो पूरी तरह से अनुचित है।

**कार्रवाई और विरोध :** नगर निगम की टीम, सहायक नगर आयुक्त विश्वजीत महतो के नेतृत्व में, अस्थाई दुकानों और दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाने पहुंची। अचानक हुई इस कार्रवाई से दुकानदार घबरा गए और अपना सामान हटाने लगे। हालांकि, कई दुकानदारों ने टीम का विरोध किया। कार्रवाई के दौरान अतिक्रमण करने वाले कुछ दुकानदारों का चालान भी काटा गया।

छोटे दुकानदारों ने कहा कि वे फुटपाथ पर सामान बेचकर अपनी आजीविका चलाते हैं और नगर निगम को पहले उन्हें स्थाई स्थान उपलब्ध कराना चाहिए था। व्यापारियों ने यह भी आरोप लगाया कि बाजार में मुख्य समस्या वाहनों की पार्किंग से है, जिससे सबसे अधिक जाम लगता है, लेकिन नगर निगम इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहा। सहायक नगर आयुक्त ने कहा कि दुकानदारों को तीन घंटे पहले अतिक्रमण हटाने और सामान समेटने का निर्देश दिया गया था। इसके बावजूद निर्देश का पालन न करने वालों पर चालान काटा गया। अभियान के दौरान सिटी मैनेजर अभिषेक कुमार, सिटी मैनेजर शमीम अहमद, अनूप शर्मा और अन्य निगम कर्मी मौजूद रहे।

### नगर आयुक्त ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई रोकने का दिया आश्वासन



**मेदिनीनगर।** आज नगर निगम आयुक्त के साथ डाल्टनगंज चैंबर ऑफ कॉमर्स और पलामू जिला व्यवसायी संघ की संयुक्त बैठक हुई। इस बैठक में बाजार में बिना नोटिस के शुरू किए गए अतिक्रमण का विरोध किया गया और दुकानदारों ने जबरदस्ती तोड़फोड़ को रोकने की मांग की। नगर आयुक्त ने आश्वासन दिया कि कल से बाजार में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई रोकी जाएगी। पहले चरण में सड़क के दोनों ओर 3 फीट की व्हाइट लाइनिंग की जाएगी, जिसके बाद डाल्टनगंज चैंबर ऑफ कॉमर्स और पलामू जिला व्यवसायी संघ के प्रतिनिधि और नगर निगम की संयुक्त टीम अतिक्रमण की पहचान करने के लिए बाजार का भ्रमण करेंगे। साथ ही, बाजार के लिए पार्किंग स्थानों की पहचान भी की जाएगी। व्यवसायियों ने नगर आयुक्त का सहानुभूति पूर्वक उनकी मांगों को स्वीकार करने पर धन्यवाद व्यक्त किया। बैठक में डालटनगंज चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष विनोद उदयपुरी, महासचिव श्री मांगा सिंह, प्रथम डिप्टी मेयर, पलामू जिला व्यवसायी संघ के उपाध्यक्ष गणेश गिरी, पप्पू सराफ, अनुपम तुलस्यान, नागेंद्र कुमार नागिन आदि उपस्थित थे।

# दहेज प्रताड़ना मामले में पति-पत्नी के बीच सुलह, परिवार टूटने से बचा



### डालसा की मध्यस्थता से विवाद सुलझा, पति-पत्नी ने दिया संयुक्त सुलहनामा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) में कलिंदा देवी ने अपने पति रणधीर कुमार, ससुर बंगाली राम और सास सरोजनी देवी पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने और गाली-गलौज का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई थी। इस मामले में डालसा ने सभी आरोपियों को नोटिस जारी किया। डालसा सचिव ने विवाद सुलझाने के लिए लीगल एड डिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय को नियुक्त किया। दोनों पक्षों के बीच तीन तिथियों तक सुलह का प्रयास किया गया। अंततः पति-पत्नी ने सुलहनामा दाखिल कर समझौता किया। समझौते के तहत पति ने बच्चे की देखभाल का वचन दिया और दोनों ने एक-दूसरे का ख्याल रखने की सहमति जताई। समझौते के बाद दोनों पक्ष खुशी-खुशी विदा हुए। डालसा की इस पहल ने परिवार को टूटने से बचा लिया। इसके अलावा, प्राधिकरण ने प्री-लिटिगेशन और अन्य मामलों में भी सुलह कराकर कई विवाद निपटाए हैं।

# जन शिकायत समाधान कार्यक्रम : 80 मामलों का मौके पर निपटारा

### पलामू पुलिस ने सुनीं जनता की समस्याएं, लंबित मामलों के जल्द निपटारे का आश्वासन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर थाना परिसर में पलामू पुलिस द्वारा जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पलामू पुलिस कप्तान रेशमा रमेशन ने की। इस पहल के तहत सदर थाना, शहर थाना, सतबरवा थाना, पाटन थाना, महिला थाना, और चैनपुर थाना क्षेत्र के नागरिकों की शिकायतों का निपटारा किया गया।

**शिकायतों का त्वरित समाधान :** कार्यक्रम में 114 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 80 मामलों का समाधान मौके पर ही पुलिस कप्तान और विभिन्न थाना प्रभारियों की उपस्थिति में किया गया। शिकायतों का दायरा जमीनी विवाद, कांड संबंधी मामले, और अन्य विवादों तक फैला रहा।

**जन शिकायत समाधान :** कार्यक्रम सुबह 11 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक चला। इस दौरान 73 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें 36 जमीनी विवाद, 9 कांड संबंधी मामले और 28 अन्य शिकायतें शामिल थीं। दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक की अवधि में 41 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें 20 जमीनी विवाद, 3 कांड संबंधी, और 18 अन्य शिकायतें दर्ज हुईं। पुलिस कप्तान रेशमा रमेशन ने कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे अधिकारियों, पुलिस कर्मियों और अपनी समस्याएं लेकर आए नागरिकों का धन्यवाद किया। उन्होंने सभी लंबित मामलों के जल्द निपटारे का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मणिभूषण प्रसाद, शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार, सदर थाना प्रभारी उत्तम राय, सतबरवा थाना प्रभारी अंचित कुमार, चैनपुर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

### जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में मिठाई बांटते सिविलियन पर उठे सवाल

पलामू पुलिस द्वारा आयोजित जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के दौरान एक असामान्य घटना ने सभी का ध्यान खींचा। शहर के एक वरिष्ठ स्वर्ण व्यवसायी को थाना परिसर में मिठाई बांटते देखा गया। उन्होंने पुलिस अधिकारियों और उपस्थित पुलिसकर्मियों को मिठाई खिलाई, जिसे देखकर वहां मौजूद नागरिकों के बीच कई तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। इस घटना को लेकर कई लोगों ने सवाल उठाए हैं कि थाना परिसर, जो एक संवेदनशील और औपचारिक स्थान है, वहां एक सिविलियन द्वारा ऐसी गतिविधि कैसे हो सकती है। कार्यक्रम में आए कुछ ग्रामीणों ने इसे अनुचित ठहराया।

## वन विभाग के प्रमंडल स्तरीय कमेटी का गठन

**मेदिनीनगर।** रविवार को वन विभाग, पलामू प्रमंडल स्तरीय चतुर्थवर्गीय सरकारी कर्मचारी संघ के गठन और उनकी समस्याओं पर चर्चा के लिए लातेहार स्थित वन विभागीय सभागार में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में आरिफ अंसारी और अभिषेक कुमार उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता दुलार चंद बैठा ने की। इस दौरान संघ का अधिवेशन संपन्न हुआ और प्रमंडल स्तरीय कमेटी का गठन किया गया। बैठक में वक्ताओं ने कर्मचारियों की समस्याओं पर अपने विचार रखे। खासतौर पर प्रोन्नति और सरकारी लाभों की उपलब्धता जैसे मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श हुआ।

**नवनिर्वाचित पदाधिकारी :** प्रमंडल अध्यक्ष नंदबिहारी सिंह, उपाध्यक्ष दुलार चंद बैठा, राजदेव सिंह और बिरजु दांगी, सचिव सीताराम उरांव, कोषाध्यक्ष नवीन सागर, संगठन मंत्री अंजना यादव और उमेश कुमार, प्रेस सलाहकार कुमार चंदन और राकेश कुमार, संरक्षक मुमताज अहमद, और सक्रिय सदस्य गणेश सिंह, सुधीर दास, और जितेश्वर राम। इस प्रमंडल स्तरीय बैठक में सुधीर दास, प्रभु राम, नेमहश टोप्पो, मारकुश गिद्ध, भागो देवी, जान्ती देवी, संतोष कुमार, राजनाथ राम, संतोष उरांव, मोहन राम, बिनेश्वर उरांव, देशराज खलखो समेत अन्य जिलों के कई चतुर्थवर्गीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

# रेलवे स्टेशन के पास आश्रय गृह चालू नहीं, ठंड में बेहाल जरूरतमंद



### निगम के दावे अधूरे, आश्रय गृह का हो रहा दुरुपयोग

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रेलवे स्टेशन के समीप नवनिर्मित आश्रय गृह के संचालन में देरी के कारण ठंड के इस मौसम में जरूरतमंद लोग मजबूरी में खुले आसमान के नीचे रात बिताने को विवश हैं। फिलहाल नगर निगम क्षेत्र में दो आश्रय गृह संचालित हैं, जो सरकारी बस डिपो और सद्दीक मंजिल चौक के पास स्थित हैं। हालांकि, इनकी दूरी अधिक होने के कारण स्टेशन क्षेत्र के कई मजदूर, कामगार और दातुन बेचने वाले महिला-पुरुष स्टेशन परिसर में ही रात बिताने को मजबूर हैं।

**नगर निगम के दावे और हकीकत :** नगर निगम ने दावा किया था कि दिसंबर की शुरूआत में ही स्टेशन रोड स्थित आश्रय गृह को चालू कर दिया जाएगा। इसके अलावा, निगम आयुक्त जावेद अहमद ने अत्यधिक ठंड के दौरान मजदूरों और जरूरतमंदों को रेस्क्यू कर आश्रय गृह में पहुंचाने का निर्देश दिया था। लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि इस निर्देश का पालन नहीं किया जा रहा है, और लोग अब भी ठंड में ठिठुरने को विवश हैं।

**आश्रय गृह का दुरुपयोग :** करीब एक करोड़ रुपये की लागत से बने इस आश्रय गृह में 50 लोगों के रहने की व्यवस्था है। इसे चालू करने से स्टेशन क्षेत्र में रात बिताने वाले मजदूरों और लेट ट्रेनों के यात्रियों को राहत मिल सकती थी। लेकिन वर्तमान में यह स्थानीय लोगों के कपड़े सुखाने के लिए उपयोग हो रहा है। जानकारी के अनुसार, आश्रय गृह तक पहुंचने के लिए अलग रास्ता बनाना जरूरी था, जो अब तक नहीं बन पाया है। रेलवे स्टेशन पर दातुन बेचने वाले राजदेव सिंह ने बताया कि वह पूरी रात स्टेशन पर ही गुजारते हैं। लातेहार निवासी मालो कुंवर, जो मेदिनीनगर में मजदूरी करती हैं, ने कहा कि आशियाना न मिलने के कारण वह स्टेशन पर चादर बिछाकर सोने को मजबूर हैं। स्टेशन पर दोना-पत्तल बेचने वाली रधवा देवी ने बताया कि वह पेड़ों के सहारे साड़ी बांधकर रात काटती हैं ताकि थोड़ी बहुत कमाई हो सके।

देवंती देवी ने कहा कि अब तक कोई टीम उन्हें रेस्क्यू कर आश्रय गृह ले जाने नहीं आई है। जरूरतमंदों के लिए बनाए गए इस सुविधा केंद्र का लाभ सही समय पर न मिलने से निगम की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं।

## झारखंड आंदोलनकारी बिनोद बिहारी महतो की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**मेदिनीनगर।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा ने शाहपुर चलानी किला में झारखंड आंदोलनकारी बिनोद बिहारी महतो की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद होटल सूर्यांश, स्टेशन रोड, मेदिनीनगर में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। सभा की अध्यक्षता पलामू प्रमंडल अध्यक्ष बिकेश शुक्ला ने की। विषय प्रवेश कराते हुए मोर्चा के केंद्रीय संयोजक सतीश कुमार ने बिनोद बिहारी महतो की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके ₹पढ़ो और लड़ो₹ के आह्वान को आगे बढ़ाने का संकल्प दिलाया। सभा को संबोधित करते हुए मुरारी पांडेय ने कहा कि हमने संघर्ष कर राज्य पाया है और अब आंदोलनकारियों के सम्मान के लिए संघर्ष करेंगे। शंखनाथ सिंह ने संघर्ष तेज करने की बात कही, जबकि चंद्रधन सिंह ने झारखंड को खुशहाल बनाने के लिए बिनोद बिहारी महतो के विचारों पर चलने का आह्वान किया। अन्य वक्ताओं में तुलसी शुक्ला, विश्वनाथ मेहता, संजू सिंह, योगेंद्र सिंह, नरेश यादव, प्रदीप सिन्हा, हरिलाल यादव, ब्रज नंदन सिंह चेरो, संजय दुबे, रामाश्रय सिंह, बिनय विश्वकर्मा, फुलेश्वर सिंह, रमेश प्रसाद, लव कुमार तिवारी, मुंद्रिका सिंह, डॉ. मकबूल आलम, नंदलाल मेहता और शंकर चौधरी ने अपने विचार व्यक्त किए।

### सड़क, नाली और सफाई जैसे मुद्दों पर स्थानीय लोग चिंतित

# वार्ड 11: बुनियादी सुविधाओं की कमी, आम नागरिक निराश

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर निगम के वार्ड नंबर 11, में विकास की कई छाप दिखती है, लेकिन कुछ क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं की कमी अब भी बड़ी चुनौती बनी हुई है। वार्ड की आबादी पांच हजार के पार हो चुकी है। उत्तर में सूदना व हदहदवा नाला, दक्षिण में मेजर मोड़ से शिवकुमार लाल रोड होते हुए कोयल नदी, और पश्चिम में पुलिस लाइन रोड व कोयल नदी तक यह वार्ड विस्तारित है। जो पहले नगर परिषद का हिस्सा था।

वार्ड पार्षद कविता देवी, जो दो बार इस वार्ड का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं, ने पिछली बार मधुकर शुक्ला को पराजित किया था। उन्होंने वार्ड में कई विकास कार्य कराए हैं। हालांकि, बीएन कॉलेज फील्ड से नीचे कोयल नदी से सटे इलाके में रोड, नाली और अन्य बुनियादी सुविधाओं का अभी भी अभाव है। वहां नए घर तो बने हैं, लेकिन पानी की निकासी की उचित व्यवस्था न होने से सड़कों पर गंदा पानी बहता है।





*निवर्तमान पार्षद कविता देवी ने कहा कि वह जनता के सुख-दुख में हमेशा साथ रहती हैं और विकास कार्यों के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने 'मइयां सम्मान योजना' में आ रही परेशानियों को हल करने की दिशा में काम करने की बात भी कही।*

### वार्ड नंबर 11 के नागरिकों की राय







स्थानीय निवासी आरती कुमारी ने कहा कि साफ-सफाई पर निगम को विशेष ध्यान देना चाहिए। सफाई कर्मी आते तो हैं, लेकिन उचित निगरानी के अभाव में मनमानी करके चले जाते हैं।

दशई चौधरी ने बताया कि मेजर मोड़ से बीएन कॉलेज फील्ड तक लगी स्ट्रीट लाइटें खराब हो चुकी हैं और इन्हें निगम ने अब तक ठीक नहीं कराया।

वार्ड निवासी अमरेश चंद्रवंशी ने वार्ड की प्रगति को लेकर संतोष जताया, लेकिन मूलभूत सुविधाओं पर जोर देने की आवश्यकता भी बताई। यह वार्ड नगर निगम के लिए एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है, जहां विकास की नई संभावनाओं के साथ समस्याओं के समाधान पर ध्यान देना अनिवार्य है।

निर्मला देवी के अनुसार, कुछ इलाकों में नालियों का निर्माण बेहद जरूरी है।

# चालकों के सम्मान और अधिकार की लड़ाई जारी रहेगी : महासंघ

### - आंदोलन की सफलता पर आभार एवं अभिनंदन सभा का आयोजन



**मेदिनीनगर।** झारखंड परिवहन मजदूर यूनियन और झारखंड राज्य ऑटो चालक महासंघ की ओर से पलामू जिला अध्यक्ष रमाकांत दुबे की अध्यक्षता में छः दिनों से जारी आंदोलन की सफलता पर छः मुहान स्थित ऑटो स्टैंड के प्रांगण में आभार और अभिनंदन सभा का आयोजन किया गया। सभा में आंदोलन की सफलता पर खुशी जताई गई और इसमें सहयोग देने वाले सभी अधिकारियों, नेताओं, और स्थानीय लोगों को धन्यवाद दिया गया।

सभा के मुख्य अतिथि और मजदूर नेता राकेश कुमार सिंह का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि यह विजय सभी तीन पहिया वाहन चालकों की चट्टानी एकता का परिणाम है। उन्होंने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर, नगर आयुक्त जावेद हुसैन, और आंदोलन में सहयोग देने वाले अन्य सभी जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार प्रकट किया।

राकेश कुमार सिंह ने कहा कि आंदोलन के दौरान चालकों ने कठिन परिस्थितियों में भी एकजुटता बनाए रखी। उन्होंने प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के योगदान की सराहना की, जिन्होंने आंदोलन की आवाज को जनमानस तक पहुंचाया। सभा में मजदूरों के हक और अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रखने का विश्वास दिलाया गया।

पलामू जिला अध्यक्ष रमाकांत दुबे, विवेक सिंह, बिट्टू खान, अनुज मिश्रा, संतोष विश्वकर्मा, और सैकड़ों ऑटो चालक।

सभा के अंत में रमाकांत दुबे ने मजदूर नेता राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन से हर संघर्ष का समाधान संभव हो पाया है।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में महिला घायल

**मेराल।** गढ़वा-मझिआंव मुख्य सड़क पर मेराल थाना अंतर्गत ग्राम ओखरगाड़ा मोड़ के पास सड़क पर बने ठोकर से बाइक अनियंत्रित होने से 45 वर्षीय महिला घायल हो गई। घायल महिला को मोड़ पर उपस्थित स्थानीय मुखिया अजीज अंसारी ने आनन-फानन में गाड़ी व्यवस्था कर इलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेजा। जानकारी के अनुसार तरके गांव निवासी घायल महिला विजय पांडेय की पत्नी बृंदा देवी शाम के 6:30 बजे अपने गांव से गढ़वा घर जाने के क्रम में ओखरगड़ा मोड़ पर घायल हो गई। मुखिया अजीज अंसारी ने बताया कि ओखरगड़ा मोड़ पर ठोकर अधिक संख्या में बने होने के कारण राहगीर अनियंत्रित होकर गिर रहे हैं। आए दिन इस मोड़ पर दुर्घटना होते रहती है। ठोकर हटाने के लिए मेराल अंचल अधिकारी यशवंत नायक को चार माह पहले आवेदन दिया गया था, लेकिन इस पर अभी तक कोई पहल नहीं हुई है। इससे आए दिन लगातार लोग घटना का शिकार हो रहें हैं।

### मृतक के परिजनों को आर्थिक सहयोग किया

**सतबरवा।** प्रखंड क्षेत्र के बोहिता पंचायत के लोहड़ी गांव निवासी स्व. हरि भुइयां की पत्नी बुधनी कुवंर के निधन की जानकारी मिलने पर सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा,जिप सदस्या प्रतिनिधि अजय उरांव ने बुधवार को मृतका के परिजन को आर्थिक सहयोग किया। मौके पर रामनाथ पाठक ,गौरी शंकर पाठक ,कामेश्वर राम ,गार्ड भुईयां ,सतेन्द्र पाठक सहित कई लोग मौजूद थे।

### थाना परिसर में जनशिकायत समाधान शिविर आयोजन

**टंडवा (चतरा)।** थाना परिसर में बुधवार को जनशिकायत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। आम नागरिकों को त्वरित व सुलभ न्याय उपलब्ध कराने के लिए मौजूद पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने लिखित व मौखिक तौर पर समस्याएं सुनी। आपराधिक घटनाओं के शिकार फरियादियों की बातों को गंभीरता से सुनकर अधिकारियों ने समुचित जांच के बाद कार्रवाई का निर्देश दिया। बताया गया कि पुलिस व पब्लिक के बेहतर समन्वय स्थापित करने को लेकर ये अनूठा कार्यक्रम है। कुल पांच दर्जन से अधिक शिकायतों में मारपीट, धोखाधड़ी, मुआवजा व प्रताड़ना के मामले सामने आये। इनमें वर्षों से न्याय के लिए भटक रहे लोगों को चंद दिनों के अंदर ही इंसाफ दिलाने का लक्ष्य रखा गया है। दूसरी ओर ट्रांसपोर्टरों द्वारा कई आम्रपाली परियोजना क्षेत्र के वाहन मालिकों पर हुए झूठा मुकदमा को अविलंब निरस्त कर जालसाजी व न्यायालय को गुमराह करने में शामिल लोगों पर कार्रवाई की मांग की गई है।

# ड्रग्स पैडलर महिला गिरफ्तार, भेजा जेल

## महिला पर नशीली दवा बेचने का है आरोप

**नवीन मेल संवाददाता**

**बड़गड़।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बोडरी गांव निवासी ड्रग्स पैडलर महिला पूर्णिमा कुमारी उर्फ रानी को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। महिला पर नशीली दवा बेचने का आरोप था। इस मामले में ग्रामीणों की शिकायत पर रविवार को पुलिस द्वारा उक्त महिला सहित ड्रग्स खरीदने वाले कुल सात आरोपियों को गिरफ्तार कर थाने ले गई थी। पुलिस द्वारा आरोपियों से पीआर बांड भरवा कर रात्रि में सभी को छोड़ दिया गया था। बुधवार को ड्रग्स पैडलर महिला को गिरफ्तार किया गया। इसकी जानकारी देते हुए थाना प्रभारी दीपक कुमार मौर्य ने बताया कि पूर्णिमा कुमारी उर्फ रानी पर प्राथमिक दर्ज कर न्यायिक हिरासत में गढ़वा भेज दिया गया है।




## शिकायत समाधान शिविर में 33 आवेदन प्राप्त हुए

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सत्येंद्र नारायण सिंह ने कार्यालय कक्ष के सभागार में बुधवार को गढ़वा पुलिस जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजित किया। आयोजित कार्यक्रम में अनुमंडल क्षेत्र के सभी थाना क्षेत्र के विभिन्न मामलों के 33 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें बंशीधर नगर थाना क्षेत्र से 5 आवेदन,खरौंधी थाना क्षेत्र से 7, रमना थाना से 1, बिशनपुरा थाना क्षेत्र से 3, धुरकी थाना से 2, भवनाथपुर थाना से 3, हरिहरपुर ओपी से 3, केतार थाना से 2 और महिला थाना से संबंधित 7 आवेदन प्राप्त हुए। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सत्येंद्र नारायण सिंह ने बताया कि अधिकतर आवेदन भूमि से संबंधित तथा महिला थाना से संबंधित था जिसे जांच के लिए संबंधित थाना क्षेत्र के विभागीय पदाधिकारी और थाना प्रभारी को जांच कर निष्पादन करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम के माध्यम से लोगों की जनसुनवाई हो सके इसके लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय के निर्देश पर जिले के सभी अनुमंडल क्षेत्र में कार्यक्रम आयोजित है। मौके पर बंशीधर नगर थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक व महिला थाना सअनी कुसुम कुमारी व उर्मिला कुमारी, धुरकी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार, रमना थाना प्रभारी आकाश सिंह, बिशनपुरा थाना प्रभारी राहुल सिंह, भवनाथपुर थाना प्रभारी रजनी रंजन, केतार थाना प्रभारी अरूण कुमार रवानी, खरौंधी थाना प्रभारी रवि कुमार केसरी तथा हरिहरपुर ओपी प्रभारी सैफुल्लाह अंसारी व पुलिस पदाधिकारी विरेन्द्र चौड़े, कार्यालय के निशाल कोंगड़ी आरक्षी अमित कुमार, राजेश कुमार तथा बंशीधर नगर थाना के आरक्षी कौशल कुमार मौजूद थे।



### विनोद मिश्रा की 26वीं स्मृति दिवस मनाया

**श्री बंशीधर नगर।** भाकपा माले के कार्यकर्ताओं ने जंगीपुर ग्राम में राजू विश्वकर्मा के आवास पर विनोद मिश्र की 26वीं स्मृति दिवस मनाया। भाकपा माले के सदस्यों ने विनोद मिश्र के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने सांप्रदायिक, फासीवादी ताकतों के खिलाफ जन अभियान चलाने, वैश्वीकरण उदारीकरण, निजीकरण, महंगाई,लूट,भ्रष्टाचार के खिलाफ पूरे अनुमंडल में जन जागरण अभियान चलाने का संकल्प लिया। मौके पर अनुमंडल कमेटी के सचिव कामेश्वर विश्वकर्मा, राजू विश्वकर्मा, रामचंद्र उरांव, राजेंद्र राम, बाबूलाल सिंह, अबरार अंसारी, रामेश्वर सिंह, विनोद सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे कार्यक्रम की अध्यक्षता रामचंद्र उरांव ने किया।

## पुलिस ने तीन एकड़ में लगे पोस्ता खेती को नष्ट किया



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** थाना पुलिस ने पथरा पिकेट अंतर्गत बिचलीटांड मौजा में बुधवार को अवैध पोस्ते की खेती को नष्ट कर दिया। यह स्थान बिहार के सीमा से सटा हुआ है। जहां पुलिस ने अवैध रूप से लगे तीन एकड़ में अफीम (पोस्ता) की खेती को विनष्ट कर दिया गया। हरिहरगंज पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि पुलिस उक्त भूमि का मालिक तथा पोस्ते की खेती करने वाले की पहचान करने में जुटी है। उन्होंने बताया कि अवैध रूप से पोस्ते की खेती करने वाले लोगों को किसी भी कीमत में बख्शा नहीं जायेगा। अवैध पोस्ते के खेती के विरुद्ध लगातार छापेमारी अभियान जारी रहेगा। इस मौके पर पथरा ओपी प्रभारी मंटू कुमार सहित पुलिस बल के कई जवान शामिल थें।

### सड़क दुर्घटना में सहिया घायल

**भंडरिया।** गढ़वा जिले के बरिगावां गांव के पास हुई सड़क दुर्घटना में सहिया गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे इलाज के लिए गढ़वा रेफर कर दिया गया है। बता दें कि जिले के भंडरिया बरगढ़ मुख्य मार्ग पर बरगवां गांव के समीप बुधवार को सड़क दुर्घटना में परसवार गांव की सहिया संजू देवी गंभीर रूप से घायल हो गई थी। इलाज के लिए भंडरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था। वहां से प्राथमिक उपचार के बाद इलाज के लिए बाहर रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार घायल सहिया बाइक से अस्पताल कार्य से भंडरिया सरकारी अस्पताल आ रही थी। इस दौरान बीच बारिगवा के समीप छड़ सीमेंट लोड पिकअप से छड़ सरिया से सीधे माथे में लगने से गंभीर रूप से घायल हो गई।

## वनवासी कल्याण केंद्र ने 50 कंबल का वितरण किया

**नवीन मेल संवाददाता**

**बड़गड़।** प्रखंड अंतर्गत टेहरी पंचायत के हेसातु गांव में वनवासी कल्याण केन्द्र ने बुधवार को शिविर का आयोजन कर कंबल का वितरण किया। मौके पर हेसातु सहित कुल्ही, सरूवत, रजखेता एवं बहेरा के गरीब, असहाय वृद्ध महिला एवं पुरूषों के बीच 50 कंबल का वितरण किया गया। इस दौरान वनवासी कल्याण केन्द्र के जागरण प्रमुख रामजी उरांव जानकारी देते हुए बताया कि रमेश चंद्र मेमोरियल ट्रस्ट दिल्ली के सौजन्य से उपलब्ध कंबल प्रखंड के दूर्गम क्षेत्र में रहने वाले लाचार गरीब परिवारों के बुजुर्ग महिला पुरूषों को कंबल प्रदान कर उन्हें ठंड से राहत पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। आगे भी इस तरह का सहयोग लोगों को मिलता रहेगा। इस मौके पर मुख्य रूप से समाजिक कार्यकर्ता रामचंद्र सिंह, स्मिता देवी, विजय तिवारी, प्रदीप उरांव, रविन्द्र प्रसाद, अमरदीप उरांव, एता किसान, रतन किसान, जेठु किसान आदि उपस्थित थें।



## मनरेगा योजना के सही क्रियान्वयन के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में सभी 9 पंचायतों के मुखिया, पंचायत सेवक को मनरेगा योजना के सही और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य मनरेगा योजनाओं को बेहतर तरीके से लागू करना और रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा एक्ट) की सटीक जानकारी प्रदान करना था। इमास्टर ट्रेनर ने प्रशिक्षण के दौरान मनरेगा योजना की बारीकियों को विस्तार पूर्वक समझाया। उन्होंने योजनाओं के स्वरूप, उसके प्रावधान, क्रियान्वयन प्रक्रिया और लाभार्थियों तक सही तरीके से योजना पहुंचाने के उपायों पर प्रकाश डाला। पंचायत प्रतिनिधियों को मनरेगा के तहत कार्यों की योजना, मॉनिटरिंग और रिपोर्टिंग की प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी दी गई।इस प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न चुनौतियों और उनके समाधान पर चर्चा हुई। उपस्थित पंचायत सेवकों और मुखियाओं ने मनरेगा योजना से जुड़ी समस्याओं और उनके निवारण के बारे में सुझाव साझा किए।यह कार्यक्रम मनरेगा योजना की पारदर्शिता और प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए आयोजित किया गया। सभी उपस्थित जनों ने इस प्रशिक्षण को उपयोगी बताया और योजनाओं को सफलतापूर्वक लागू करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। मौके पर प्रमुख आभा रानी, उपप्रमुख देवदत्त प्रसाद आर्य, बीपीओ अंकित कुमार सिंह, प्रखंड समन्वयक प्रवीण कुमार मुखिया रामगहन मेहता,प्रमोद राम बिंदा देवी, रिंकु देवी, फूलकुमारी देवी, मंजू देवी, पंचायत सेवक उमेश कुमार, विनोद पासवान, कृष्णा कुमार, कपिलदेव सिंह, पंकज कुमार, बाबूलाल पासवान, सुबोध कुमार पाठक सहित कई लोग उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य उपकेंद्र मे गायब मिली एएनएम, विधायक से शिकायत

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड के आदिवासी बहुल परती कुशवानी और कधवन उप स्वास्थ्य केन्द्र में एएनएम के अनुपस्थिति के कारण ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। बुधवार को झामुमो नेता ने उप स्वास्थ्य केन्द्र परती का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एएनएम अंचला कुमारी केन्द्र से गायब मिली। झामुमो नेता दिन दयाल गुप्ता ने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा की अस्पताल का उद्घाटन के बाद एएनएम अंचला कुमारी की प्रतिनियुक्ति की गयी थी। लेकिन एएनएम उप स्वास्थ्य केन्द्र में कभी-कभार आती है। जिस कारण इस पंचायत के महिलाओं को सुरक्षित प्रसव के लिए 15 किलोमीटर दूर केतार स्वास्थ्य उप केन्द्र में जाना पड़ रहा है। झामुमो नेता ने इसकी शिकायत विधायक अनंत प्रताप देव से करते हुए परती कुशवानी और कधवन दोनों स्वास्थ्य उपकेंद्र में एएनएम की पदस्थापना कराने की मांग की है। इस मौके पर पंचायत अध्यक्ष शिव शंकर प्रसाद, धर्मेन्द्र राम, दीपक यादव, आनंद रजक, सुदेश्वर चौधरी, अजय बैठा, संतोष प्रजापति, कमलेश यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे। इस संबंध में एएनएम अंचला कुमारी ने कहा की उस केंद्र पर मेरी नियमित पदस्थापना नहीं की गयी है, टीकाकरण के लिए गुरुवार और शनिवार को जाती हूं।



## चार सूत्री मांगों को लेकर रयैतों ने प्रदर्शन किया

**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर विस्थापित संघर्ष मोर्चा के बैनर तले बुधवार को मजदूरों और रैयतों ने अपने चार सूत्रीय मांगों को लेकर सेल के प्रशासनिक भवन पर धरना प्रदर्शन किया। उनकी प्रमुख मांगों में प्लांट कटिंग पर रोक, ऑक्शन प्रक्रिया रद्द करना, तथा पूर्व में किए गए वादों को पूरा करना शामिल है। धरना स्थल पर पहुंचे विधायक अनंत प्रताप देव ने प्रदर्शनकारियों को आश्वासन दिया कि इस मुद्दे पर समिति के सदस्यों के साथ मुख्यमंत्री से वार्ता की जाएगी। उन्होंने कहा वह इस लड़ाई में आपके साथ हैं। गढ़वा उपायुक्त को पत्र लिखकर प्लांट कटिंग पर रोक लगाने की मांग की है।



### प्रदर्शनकारियों का आरोप

धरना दे रहे वक्ताओं ने आरोप लगाया कि भवनाथपुर और श्रीबंशीधर नगर के राजस्व ग्राम दहेड़िया तुलसीदामर के लोगों ने अपनी जमीन औने-पौने दामों पर देकर एशिया के सबसे बड़े क्रशर प्लांट की स्थापना कराई। लेकिन, सेल प्रबंधन की गलत नीतियों के कारण यह प्लांट वर्षों से वीरान पड़ा है। अब इसे ऑक्शन के माध्यम से कटिंग कर नष्ट करने की कोशिश की जा रही है, जो यहां की औद्योगिक विरासत को समाप्त कर देगा। वक्ताओं ने कहा कि विस्थापित किसी भी कीमत पर इस कटिंग कार्य को बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने मांग की कि विस्थापित समिति के सदस्यों और रैयतों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाए।

## प्रखंड स्तरीय रबी फसल कार्यशाला में किसानों को दी गई महत्वपूर्ण जानकारी

**पत्थलगड़ा(चतरा)।** पत्थलगड़ा प्रखंड सभागार में बुधवार को प्रखंड स्तरीय रबी फसल का कार्यशाला कार्यक्रम का आयोजित किया गया। प्रखंड स्तरीय रबी फसल कार्यशाला बैठक की अध्यक्षता बीडीओ कैलेंदर साहू व संचालन पौधा संरक्षण पदाधिकारी उमा शंकर ने किया। कार्यशाला में बीडीओ ने बताया कि झारखंड सरकार द्वारा कृषि विभाग से कई महत्वाकांक्षी योजनाएं चलाई जा रही है। जिसके तहत किसानों के बीच गेहूं, सरसों, मक्का, चना, मूंग के बीज एवं नैनो यूरिया समेत अन्य दवाई निःशुल्क वितरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार के धान क्रय केंद्र में जाकर धान बेचकर ज्यादा मुनाफा लें। बिचौलियों के हाथ में कम दरों में ना बेचें। इस दौरान पौध संरक्षण पदाधिकारी ने बताया कि रासायनिक खाद का उपयोग कम कर, जैविक खाद का प्रयोग ज्यादा करना है, जिससे फसल की अच्छी पैदावार होती है। फसल में हरा मार्क का दवा का प्रयोग करना है। लाल मार्क की दावा प्रयोग करने से कैंसर की बीमारी होती है। किसानों को बताया गया दवा छिड़काव करने के बाद एक सप्ताह के बाद उस फसल को खाने में प्रयोग करें। जिससे स्वास्थ्य ठीक रहेगा। सीओ उदल राम ने कहा सरकार द्वारा किसानों के लिए केसीसी, पानी पंप, बिजली मोटर, प्रेशर दवाई मशीन आदि उपलब्ध कराए जा रहे हैं। मौके पर एटीएम रवि कुमार, पंचायत सचिव मोहम्मद असलम, राकेश प्रसाद, राधिका देवी, वार्ड सदस्य इसराइल मियां, कृषि मित्र भीम दांगी, प्रकाश राणा, राजकुमार दांगी, राकेश कुमार, मिथुन कुमार आदि उपस्थित थे।

**खुश खबरी**

## धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन

# किसानों को उत्पाद का उचित मूल्य मिलेगा: प्रमुख

**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** खरौंधी प्रखंड स्थित पैक्स में मंगलवार को धान अधिप्राप्ति केंद्र का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन समारोह में प्रखंड प्रमुख आभा रानी, प्रखंड विकास पदाधिकारी रविंद्र कुमार, अंचल अधिकारी, सांसद प्रतिनिधि रामखेलावन पासवान, मुखिया प्रतिनिधि कृष्णा प्रसाद, पैक्स अध्यक्ष उपेंद्र दास, भाजपा मंडल अध्यक्ष संध्याकार विश्वकर्मा, कलामुदीन अंसारी, पंकज बैठा, और किसान संजय साव समेत कई अन्य प्रमुख लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत पूजा-अर्चना और नारियल फोड़कर किया गया। उपस्थित अतिथियों ने धान अधिप्राप्ति केंद्र के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे किसानों के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया। प्रखंड प्रमुख आभा रानी ने अपने संबोधन में कहा कि इस केंद्र के माध्यम से किसानों को उनके उत्पाद का उचित मूल्य मिलेगा, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। उन्होंने केंद्र के संचालन में पारदर्शिता बनाए रखने और किसानों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से करने पर जोर दिया।प्रखंड विकास पदाधिकारी रविंद्र कुमार ने कहा कि यह केंद्र किसानों को बिचौलियों से राहत देगा और सीधे उनके खाते में भुगतान सुनिश्चित करेगा। सांसद प्रतिनिधि रामखेलावन पासवान ने सरकार की ओर से किसानों के हित में चलाए जा रहे कार्यक्रमों का जिक्र करते हुए कहा कि यह केंद्र क्षेत्र के किसानों के लिए वरदान साबित होगा। उन्होंने किसानों को जागरूक होकर इस सुविधा का लाभ उठाने की अपील की।पैक्स अध्यक्ष उपेंद्र दास ने कहा कि केंद्र का उद्देश्य किसानों को उनकी मेहनत का सही मुआवजा देना है। भाजपा मंडल अध्यक्ष संध्याकार विश्वकर्मा ने इसे सरकार की किसानों के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक बताया। किसान संजय साव ने केंद्र के उद्घाटन पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि इससे किसानों को उनके फसल का सीधा लाभ मिलेगा और उनकी आय में वृद्धि होगी।इस अवसर पर बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे, जिन्होंने इस पहल का स्वागत किया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। धान अधिप्राप्ति केंद्र के उद्घाटन से क्षेत्र के किसानों में उत्साह और उम्मीद का माहौल है।



## विधायक ने सरकार से श्रीबंशीधर महोत्सव आयोजित करने की मांग की

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** विधायक अनंत प्रताप देव ने पर्यटन मंत्री को पत्र लिखकर फरवरी में बंशीधर महोत्सव कराने का अनुरोध किया है। पत्र में लिखा है कि झारखंड राज्य के गढ़वा जिला अंतर्गत स्थित श्री बंशीधर नगर को झारखंड राज्य का प्रमुख तीर्थ स्थल श्री बंशीधर धाम कहा जाता है। यहां पर श्री बंशीधर की वशीवादन करती 32 मन की स्वर्ण प्रतिमा के साथ राधिका की भी अद्वितीय प्रतिमा विराजमान है। इतिहासकारों के अनुसार आज से लगभग दो सौ वर्ष पूर्व भगवान श्री बंशीधर जी स्वयं अपनी इच्छानुसार नगर राज परिवार की राजमाता शिवमानी देवी को स्वप्न देकर श्री वंशीधर धाम पधारे हैं और विराजमान हुए हैं। उन्होंने कहा की राजमाता ने राधारानी की अष्टधातु की प्रतिमा वाराणसी से मंगाकर स्थापित की है।श्री वंशीधर मंदिर के ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व के मंदिर श्री बंशीधर महोत्सव का प्रथम आयोजन 26 एवं 27 मार्च 2017 को, द्वितीय आयोजन 25 नवंबर और 26 नवंबर 2018 और तीसरा आयोजन 3 एवं 4 मई 2023 को हुआ था। उन्होंने कहा की तीसरा श्री बंशीधर महोत्सव के आयोजन के पूर्व राज्य की लोकप्रिय हेमंत सोरेन सरकार ने इसे राजकीय महोत्सव का दर्जा प्रदान कर दो दिवसीय राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव का आयोजन 3 एवं 4 मई 2023 को कराया था। उन्होंने कहा की वर्ष 2024 में प्रथम छमाही में लोकसभा और द्वितीय छमाही में राज्य विधानसभा चुनाव यानी चुनावी वर्ष होने के कारण प्रतिवर्ष आयोजित होनेवाला राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव का आयोजन नहीं हुआ है।उन्होंने कहा कि कि वर्ष 2023 में प्रस्तावित राजकीय श्री वंशीधर महोत्सव को फरवरी माह में आयोजित कराने का सरकार प्रयास करें।

### प्रशासन गांव की ओर महाअभियान 19 से

**चतरा।** जिले भर में 19 से 23 दिसंबर 2024 तक चलेगा प्रशासन गांव की ओर महाअभियान। उक्त अभियान के माध्यम से प्रखंड मुख्यालय के अधिकारी गांव-गांव जाकर आमजनों की समस्याओं का निष्पादन करेंगे। साथ ही वैसे मामले जो लंबे समय से लंबित है उसका भी निष्पादन किया जाएगा। प्रशासन गांव की ओर महा अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से बुधवार को उपायुक्त रमेश घोलप के निर्देश पर उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार एवं अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं सभी संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारी के साथ ऑनलाइन बैठक की। बैठक में सर्वप्रथम सभी बीडीओ को निर्देशित करते हुए कहा कि शत प्रतिशत आदिम जनजाति परिवारों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित करने हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया गया था।

## बेहतर स्वास्थ्य के लिए लिए मोटे अनाज का सेवन जरूरी : बीडीओ

**सिमरिया (चतरा)।** बेहतर स्वास्थ्य के लिए मोटे अनाजका सेवन बहुत जरूरी है। उक्त बातें बुधवार को सिमरिया प्रखंड कार्यालय के नजदीक कृषि तकनीकी सूचना केंद्र में आयोजीत प्रखंड स्तरीय कृषि कार्यशाला में प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद ने कही। कार्यशाला में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने किसानों को संबोधित करते हुए धान अधिप्राप्ति, मोटे अनाज की खेती, प्रधानमंत्री सिंचाई योजना, किसान समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री सॉइल हेल्थ कार्ड योजना, मोटे अनाज की खेती के बारे में किसानों को विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में सिमरिया प्रमुख सोहन साव ने कहा कि कृषि विभाग से प्राप्त होने वाले बीज हर हाल में कृषि में प्रयोग करने की बात कही। ताकि डेमोंस्ट्रेशन का कार्य सफलता पूर्वक हो सके। साथ हीं मृदा जांच एवं जैविक खेती के स्वयं से किये जाने वाले जांच के बारे में भी कृषकों को बताया गया। वहीं कार्यक्रम का संचालन करते हुए बीटीएम राजेश कुमार द्वारा भी कीटनाशी के प्रयोग के बारे में किसानों को बताया गया। बैठक सह कार्यशाला में हुरनाली मुखिया, पौधा संरक्षक, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक, सहायक तकनीकी प्रबंधक, कृषक मित्र, विभिन्न पंचायतों के प्रतिनिधि एवं किसान उपस्थित थे।

# हाथियों के झुंड ने कई घर को क्षतिग्रस्त किया, पशुओं को रौंदा



● प्रभावितों ने वन विभाग से मांगा मुआवजा

**नवीन मेल संवददाता**

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत डूमारो पंचायत में मंगलवार रात हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया है। पंचायत के घोड़िया लांगर गांव में गोविंद गंझू के घर को हाथियों के झुंड ने मिलकर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया। गोविंद गंझू के अनुसार घर तोड़कर घर में रखा 40 क्विंटल धान, 20 क्विंटल मक्का को खा कर चट करने के साथ ही घर में खाना बनाने के सारे बर्तनों और अन्य सामानों को तोड़फोड़ कर बर्बाद कर दिया है। साथ ही हाथियों ने पालतू पशु सूअर,मुर्गी को भी अपने पैरों से कुचल कर मार डाला। इस घटना से गोविंद गंझू को अधिक नुकसान पहुंचा है। आशियाना उजड़ने के कारण पीड़ित परिवार के सामने दूसरे के घर में शरण लेने की समस्या उत्पन्न हो गई है। डुमारो मुखिया सह समाज सेवी अमरनाथ ठाकुर व पीड़ित परिवार ने वन विभाग से मुआवजे की मांग की है। घटना के संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि मंगलवार की देर रात 22 हाथियों का झुंड गांव में अचानक आ धमका और आतंक मचाने लगा।घटना की सूचना पर पहुंचे वन कर्मियों के साथ गांव वालों ने मशाल जला कर रात 2 बजे हाथियों के झुंड को क्षेत्र से बाहर भगाया।

# जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में भूमि विवाद का अधिक शिकायत आया



**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार)।** थाना परिसर में अनुमंडल स्तरीय जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन अनुमंडल पदाधिकारी विपिन कुमार दुबे व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शिव पुजन बहेलिया की अध्यक्षता में की गई। अंचलाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार बैठा, अनुमंडल क्षेत्र महुआडांड़ के थाना प्रभारी अवनीश कुमार, गारू थाना प्रभारी पारसमणि, बारेसाढ़ थाना प्रभारी अजीत कुमार, नेतरहाट थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह उपस्थित थे। अनुमंडल अंतर्गत सभी थाना क्षेत्रों के दर्जनों फरियादी अपनी फरियाद लेकर पहुंचे। मौके पर सबसे अधिक जमीन विवाद से जुड़े मामले सामने आए। जिस पर पारी से सुनवाई करते हुए विवाद को समझौते के माध्यम से निपटारा कराने का प्रयास किया गया। कई मामलों पर जल्द कार्रवाई करने का आश्वासन देते हुए शिकायत दर्ज किया गया। महुआडांड़ शास्त्री चौक से लेकर पेट्रोल पंप के आगे तक व दुर्गा मंदिर से लेकर पीपल चौक होते हुए बिरसा चौक तक सड़क पर गंदे नाले का पानी बहने को लेकर शिकायत किया गया। इस तरह से सड़क पर गंदा पानी बहते रहने से काफी दुर्गंध भी आती है। इस कारण आने-जाने वालों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस विषय पर त्वरित संज्ञान लेते हुए अनुमंडल पदाधिकारी विपिन कुमार दुबे ने कहा कि इस पर विधि पूर्वक कारवाई की जाएगी। इसे लेकर महुआडांड़ थाना प्रभारी अवनीश कुमार को कहा कि लोगों से मिलकर इस समस्या का समाधान निकाले ताकि सड़क पर आवागमन करने वालों को निजात मिले। एसडीएम ने कहा कि शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों का जांचोपरांत उचित कार्रवाई की जायेगी। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शिव पुजन बहेलिया ने कहा कि इस तरह के शिविर में आकर लोग अपने समस्यायों से संबंधित आवेदन दे ताकि लोगों की समस्यायों का सामाधान किया जा सके।

## न्यूज बॉक्स

### बाइक के धक्के से बैंक कर्मी घायल

**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित मुख्य मार्ग पर मुरपा मोड़ के समीप बुधवार संध्या बाइक के धक्के से एक बैंक कर्मी घायल हो गए। घायल की पहचान महेश सहानी (26 वर्ष) समस्तीपुर बिहार निवासी है, जो वर्तमान में बालूमाथ के आईसीआईसीआई बैंक कर्मी हैं। वह शाम को मुरपा मोड़ से थाना चौक की ओर आ रहे थे। इस दौरान थाना चौंक की ओर से जा रहे एक तेज रफ्तार बाइक ने धक्का मारने से बैंक कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें स्थानीय लोगों की मदद से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया। वहां चिकित्सक ध्रुव कुमार ने घायल का प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया।

### श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का प्रथम वार्षिकोत्सव 11 को

**लातेहार।** अयोध्या के भगवान श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का प्रथम वार्षिकोत्सव आगामी 11 जनवरी को विश्व हिंदू परिषद लातेहार द्वारा धूमधाम से मनाया जायेगा। इस आशय की जानकारी विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष श्याम किशोर अग्रवाल ने दी। उन्होने बताया कि हिंदी तिथि के अनुसार यह वार्षिकोत्सव मनाया जायेगा। पिछले साल 22 जनवरी को पौष मास की शुक्ल पक्ष की द्वादशी तिथि को भगवान श्री राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम किया गया था। इस वर्ष यह तिथि 11 जनवरी को पड़ रही है। उन्होंने कहा कि आयोजन की तैयारियों को ले कर एक बैठक आगामी 21 दिसंबर को शहर के अमवाटीकर मोड़ स्थित श्रीराम वाटिका में आयोजित की कई है। जिला अध्यक्ष श्याम किशोर अग्रवाल, जिला मंत्री संजय तिवारी ने विश्व हिंदू परिषद के जिला, प्रखंड, नगर के पदाधिकारी व अन्य सनातनी हिंदुओं से बैठक में भाग लेने की अपील की है।

### आंदोलनकारियों का एक दिवसीय कार्यशाला 21 को

**लातेहार।** सदर प्रखंड के आरागुंडी पंचायत के कुंदरी मैदान में 21 दिसंबर को झारखंड आंदोलनकारियों का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। कार्यशाला सुबह 11 से दोपहर 2:30 बजे तक चलेगी। इसकी जानकारी चिन्हित आंदोलनकारी विश्वनाथ प्रसाद ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड आंदोलन संघर्ष मोर्चा के संस्थापक सह प्रधान सचिव पुष्कर महतो, केंद्रीय संयोजक मुनेश्वर केवट, केंद्रीय उपाध्यक्ष रोजलीन तिर्की, जितेंद्र कुमार कुशवाहा व जामताड़ा के जिला अध्यक्ष नारायण मंडल शामिल होंगे। उन्होंने इस एक दिवसीय कार्यशाला में लातेहार के सभी आंदोलनकारियों को पहुंचाने की अपील की है।

### छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड कार्यालय परिसर में बुधवार को शिविर आयोजित कर 113 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया। साइकिल का वितरण प्लस टू उच्च विद्यालय द्वारी व उत्क्रमित उच्च विद्यालय इचाक छात्र छात्राओं के बीच किया गया। बताया गया कि 44 छात्र, 69 छात्रा को साइकिल दिया गया। साइकिल का वितरण प्रभारी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी चितरंजन शर्मा,बीआरपी कृष्ण मुरारी शर्मा द्वारा किया गया। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक के साथ शिक्षक उपस्थित थे।

### बिरहोर परिवारों का आयुष्मान कार्ड बनाने का निर्देश

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड के वरीय पदाधिकारी सह निर्वाचनअधिकारी देवंती देवी ने बुधवार को प्रखंड मुख्यालय के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के साथ आदिम जनजाति बिरहोर बस्ती जपुआ का निरीक्षण किया। इस क्रम में बिरहोर परिवारों को आयुष्मान कार्ड बनाने का निर्देश दिया। बिरहोर परिवारों की समस्या पर पैनी नजर रखने का निर्देश प्रखंड कर्मियों को दिया। बिरहोर परिवारों ने पेयजल की सुविधा दुरुस्त करने की मांग की। उन्होंने जल्द ही समस्या का समाधान का आश्वासन दिया। कस्तूरबा बालिका विद्यालय का निरीक्षण किया। उपस्थिति पंजी के साथ विद्यालय से संबंधित कई अन्य पंजी का संधारण किया। उन्होंने विद्यालय में अध्यनरत छात्राओं को समय पर गुणवत्तापूर्ण भोजन व अन्य सामग्री उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। शिकायत मिलने पर कार्रवाई की भी चेतावनी दी। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव, व विद्यालय के शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### डेढ़ दर्जन चालकों का कटा एक-एक हजार का चालान

**गिद्धौर (चतरा)।** थाना के समीप बुधवार को परिवहन विभाग व पुलिस के संयुक्त नेतृत्व में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस क्रम में बिना हेलमेट व लाइसेंस के बाइक चलाने वालों चालकों को महंगा पड़ गया। करीब डेढ़ दर्जन बिना हेलमेट के बाइक चलाने वाले चालकों का एक-एक हजार रुपया का चालान काटा गया। बिना लाइसेंस के बाइक चलाने वाले चालकों का 5000 रुपया का चालान काटा गया। वाहन चेकिंग अभियान का नेतृत्व जिला मोटरयान निरीक्षक नीरज कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक सोनी खालखो कर रही थी। बताया गया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा। मोटर यान निरीक्षक नीरज कुमार ने कहा कि दो पहिया व चार पहिया वाहन चालकों को वाहन की सारी कागजात साथ में रखनी होगी। साथ ही दो पहिया वाहन चालकों को किसी भी स्थिति में हेलमेट लगाने व चार पहिया वाहन चलाकों को सीट बेल्ट का प्रयोग करने की अपील किया। बगैर हेलमेट बाइक चालकों के चालान काटे जाने की खबर से हड़कंप मच गया। मौके पर सहायक पुलिस अवर निरीक्षक रंजय सिंह सहित पुलिस बल के जवान उपस्थित थे।

### चतरा ने पिपरवार सीनियर को 8 विकेट से हराया

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में खेले जा रहे लीग मैच में गुरुवार को टू इंडियन चतरा बनाम पिपरवार सीनियर के बीच मैच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पिपरवार सीनियर ने निर्धारित 24 ओवर में सभी विकेट खो कर 168 रन बनाया। जवाबी पारी खेलने उतरी टू इंडियन चतरा की टीम ने 12.5 ओवर में दो विकेट खोकर 169 रन बना कर मैच आठ विकेट से जीत लिया। टू इंडियन चतरा की ओर से बल्लेबाजी करते हुए प्रशांत कुमार ने नाबाद 65 रन, विशाल कमल ने नाबाद 57 रन का महत्वपूर्ण योगदान दिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रशांत कुमार को दिया गया।

### छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**महुआडांड़।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बरटोली के शरद टोप्पों की पुत्री शीतल टोप्पो ने घर पर देर शाम पंखा में अपने दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस संबंध में मृतक के पिता शरद ने बताया उनकी पुत्री संत जेवियर्स कॉलेज के पार्ट 1 की छात्रा थी। विनोद टोप्पो ग्राम पकरडीह बराही थाना नेतरहाट बाराबर फोन करने और धमकी देने के कारण मानसिक तनाव मे आकर आत्महत्या कर ली है। पूर्व में भी मोबाइल छीनकर वह लड़का ले गया था, इससे उनकी पुत्री डरी सहमी रहती थी। घटना की सूचना पाकर महुआडांड़ पुलिस बरटोली पहुंची। शव को कब्जे लेकर बुधवार की सुबह पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेजा गया। इस घटना के संबंध में पुलिस ने मामला दर्ज कर कारवाई शुरू कर दी है। घटना से पूरे गांव में मातम छाया है।

### गुड गवर्नेंस सप्ताह के तहत विशेष कैंप का आयोजन

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा प्रखंड क्षेत्र में केंद्र सरकार के प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग के निर्देश पर गुड गवर्नेंस सप्ताह 2024 के तहत विशेष कैंप का आयोजन किया गया है। बीडीओ देवलाल उरांव ने बताया कि 19 से 24 दिसंबर तक उक्त कैंप लगाये जायेंगे। जिसका थीम सरकार गांव की ओर है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गुरुवार को कल्याणपुर और बहेरा तथा शुक्रवार को गाडीलौंग व टंडवा पंचायत भवन में, शनिवार को कोयद पंचायत स्थित बिरहोर टोला के उवि बसरिया में, सोमवार को नावाडीह उर्फ तेलियाडीह पंचायत भवन तथा मंगलवार को पंचायत भवन कोयद में शिविर लगाकर वंचितों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जायेगा। बता दें, कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सभी प्रखंड कर्मियों को सक्रिय भूमिका निभाने के सख्त निर्देश दिये गये हैं।

## अल्पसंख्यक दिवस मनाया

**पत्थलगड़ा (चतरा)।** बुधवार को पत्थलगड़ा प्रखंड के बरवाडीह गांव में हाफिज मुमताज के अध्यक्षता में अल्पसंख्यक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बीडीओ कलिंदर साहू ने बताया कि अल्पसंख्यकों के लिए सरकार बहुत सारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। जिसका अल्पसंख्यक लाभ ले सकते हैं। बीडीओ ने संबंधित योजनाओं व कार्यक्रमों की भी जानकारी दी। मौके पर प्रमुख मनीषा कुमारी, मुखिया संदीप कुमार सुमन, पंचायत सचिव मो. असलम, राकेश प्रसाद, पत्राकर मो. सेराजुल, मोहम्मद कुदूस, वसी उदीन, मोहम्मद शहाबुद्दीन, मोहम्मद कलामुद्दीन, मोहम्मद जीशान आदि उपस्थित थे।

## पेंटिंग के क्षेत्र में चंदवा का युवक बना रहा पहचान

**चंदवा।** कहते हैं कि प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती है। प्रतिभा का निखार एक न एक दिन लोगों के सामने आ ही जाती है। चाहे वह कला का क्षेत्र हो या फिर कोई अन्य। दरअसल आज हम बात करने जा रहे हैं चंदवा के कामता के रहने वाले सियाराम गुप्ता के पुत्र मृत्युंजय कुमार की। उन्होंने पेंटिंग के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना रखी है। पेंटिंग के माध्यम से वह सकारात्मक तस्वीर सामने लाता है। जिसे लोग काफी पसंद भी करते हैं। कोई भी पेंटिंग को मृत्युंजय बड़ी सरलता के साथ बना देता है। इसके साथ अगर कोई भी इंसान खुद की पेंसिल से बनाई गई तस्वीर लेना चाहते हैं, तो वह भी आर्डर देते हैं। महज कुछ हजार में मृत्युंजय ब्लैक एंड वाइट और कलर स्केच बना देता है। यकीन मानिए इनके हाथों से बनाया गया कोई भी पेंटिंग देख आप अचंभित हो जाएंगे। इसके अलावा ऑनलाइन राष्ट्रीय एग्जीबिशन में भी मृत्युंजय हिस्सा ले चुका है।

## जिला में जरूरत मन्दो के बीच कंबल का वितरण करें प्रशासन : प्रकाश राम

**चंदवा।** लातेहार विधायक प्रकाश राम ने कंबल वितरण में हो रहे विलंब को लेकर चिंता जाहिर करते हुए प्रशासन से अविलंब कंबल वितरण करने को कहा है। कंबल वितरण में हो रहे विलंब को लेकर विधायक प्रकाश राम ने कहा कि यह शुद्ध रूप से प्रशासनिक लापरवाही है। आधा ठंडा बीत चुका है। बावजूद अब तक जिला को कंबल का आवंटन ही नहीं हो पाया है। आवंटन और वितरण में भी कम से कम 15 दिन का समय लग सकता है। प्रशासनिक उदासीनता का नतीजा है कि असहायों को ठंड में ठिठुरने को मजबूर होंगे। इतने वर्षों में पहली बार ऐसी स्थिति बन रही है कि ठंड बीतने को है और अब तक कंबल का वितरण प्रारम्भ नहीं हुआ। इसके अलावा विधायक प्रकाश राम ने कहा कि कंबल आपूर्ति करने वाले एजेंसी इस बात का ध्यान रखें कि कंबल मानक के अनुरूप हो और तय समय-सीमा में पारदर्शी के तरीके से इसका वितरण हो। विधायक श्री राम ने जल्द इस मामले को लेकर विभागीय सचिव से वार्ता करने की भी बात कही है।

## घायल रिंकी को मिली आर्थिक मदद

**गारू (लातेहार)।** प्रखंड के रामसेली गांव निवासी बाइक-बस दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल सुले मुंडा की पुत्री रिंकी कुमारी को स्थानीय नेताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं से मदद मिली है। दुर्घटना में रिंकी की आंख की हड्डी टूट गई और माथे पर गंभीर चोट आने से उसकी स्थिति काफी नाजुक हो गई। रिंकी का इलाज डालटनगंज स्थित आशा केयर सेंटर में चल रहा है, लेकिन आर्थिक तंगी के कारण परिवार को इलाज में गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा था। रिंकी की मदद के लिए लातेहार मुखिया संघ जिलाध्यक्ष सुभाष कुमार सिंह ने अपनी पहल शुरू की और परिवार से मिलकर उन्हें आर्थिक सहायता दी। साथ ही प्रखंड के विधायक प्रतिनिधि मनोज यादव ने भी रिंकी के इलाज के लिए सहयोग किया। उनके अलावा प्रखंड के प्रमुख व्यक्तियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी रिंकी के परिवार से मिलकर आर्थिक मदद दी। इस संबंध में जिला अध्यक्ष सुभाष कुमार सिंह ने कहा कि उनकी पूरी कोशिश है कि रिंकी का इलाज सही तरीके से हो और उसकी मदद में कोई कमी नहीं रहे। विधायक प्रतिनिधि मनोज यादव ने भी हर संभव सहायता देने का वचन दिया। कहा कि हमारे लिए यह जरूरी है कि किसी भी गरीब और जरूरतमंद को इस तरह के समय में अकेला न छोड़ा जाए।

## एलसीसी ब्ल्यू और शेरशाह एलेवन ने अपने-अपने मैच जीते

**लातेहार।** सीनियर जिला क्रिकेट लीग के मैच में एलसीसी ब्ल्यू व लातेहार टाइटंस के बीच खेला गया। एलसीसी ब्ल्यू ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपने निर्धारित ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 173 रन का स्कोर खड़ा किया। जय देव ने 60 रन, अजय ने 56 रनो का योदान दिया। लातेहार टाइटंस ओर से राम कुमार साहनी ने 4 और मनीष यादव ने 2 विकेट लिए। जवाबी परी खेलने उतरी लातेहार टाइटंस ने 16 ओवर में ही 10 विकेट खोकर महज 107 रन ही बना सकी। विष्णु मैहर 19 ,श्रवण ने 16 आनंद कुमार सिंह 10 रनो का योगदान दिया। एलसीसी ब्ल्यू की ओर से उज्ज्वल ने 4 विकेट और अजय ने 3 विकेट चटकाए। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार एलसीसी ब्ल्यू के अजय कुमार साहू को संघ के समरेश बादल ने दिया। मैच के अंपायर समरेश कुमार बदल तथा धीरेन्द्र सुरवार थे। स्कोरिंग रौनक दुबे ने किया। एक अन्य मैच में शेरशाह एलेवन व आरएससीसी के बीच खेला गया। शेरशाह एलेवन ने आरएससीसी को 86 रन से हराकर मैच को जीत लिया। शेरशाह एलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपने निर्धारित ओवरो में 6 विकेट खोकर 172 रन बनाया। धीरेन्द्र सुरवार 42 रन, धनंजय पांडेय ने 35, विकास ने 27 रन का योगदान दिया। आरसीसी की ओर से इमरान आलम ने 4 विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसीसी ने 15 वें ओवर में ही सभी विकेट खोकर 86 रन पर ढ़ेर हो गई। शिवांश ने 18, अभिजीत ने 14 रन बनाए। की ओर से शिवम कुमार सिंह ने 4 विकेट, धनंजय पांडेय ने 2 विकेट चटकाया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार शेरशाह एलेवन के शिवम कुमार सिंह 4 ओवर में 13 रन देकर 4 विकेट लिया।

## लैंपस में धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन

**महुआडांड़ (लातेहार)।** महुआडांड़ लैंपस में झारखंड सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन जिला परिषद सदस्य ईस्तेला नगेसिया, एमओ संजय मिंज ने फीता काटकर किया। ग्रामीणों ने बताया कि लैंपस के खुल जाने से किसानों में खुशी का माहौल है। धान अधिप्राप्ति केंद्र होने से किसानों की धान का निर्धारित मूल्य पर मिलेगा व मुनाफा होगा। लैंप्स के खुल जाने से अब किसानों को अपना उत्पादित धान बेचने में सहूलियत होगी। धान क्रय केंद्र के उद्घाटन पर लैंपस प्रबंधक मनोज महली ने बताया कि 10 हजार क्विंटल धान लेने का लक्ष्य है। साथ ही 265 किसान अभी तक धान बेचने के लिए रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। धान की कीमत प्रति किलोग्राम 23 रुपए और उसमें बोनस 1रुपए है। धान लेने के बाद लगभग 10 से 15 दिनों के अन्दर बेचे गए लाभुक के खाते में राशि पहुंच जाएगी। शेष राशि कुछ माह के बाद मिलेगा। मौके लैंपस कर्मचारी व किसान उपस्थित थे।

टाउन हॉल में आयोजित हुआ जन शिकायत समाधान कार्यक्रम

# शिविर का उद्देश्य शिकायतों का समाधान करना : आईजी

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को जिला मुख्यालय के पंडित दीनदयाल उपाध्याय टॉउन हॉल में किया गया। जिले के चारों पुलिस अनुमंडल स्तर पर अलग-अलग क्षेत्र में कार्यक्रम की शुरूआत हुई। सभी शिकायतें को पुलिस पदाधिकारी द्वारा सुन कर निदान करने की कोशिश की गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक राजकुमार लकड़ा, एसपी कुमार गौरव, लातेहार एसडीपीओ अरविंद कुमार, शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर प्रमोद सिन्हा, अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो समेत पुलिस और सिविल प्रशासन के कई पदाधिकारी शामिल थे। मौके पर आईजी राजकुमार लकड़ा ने कहा कि शिविर का उद्देश्य शिकायतों का समाधान करना है। शिविर के माध्यम से जनता को यह जानकारी भी देना है कि उनकी समस्या का समाधान तत्काल हो सकता है। कई लोगों को यह जानकारी नहीं रहती कि उनकी समस्या का समाधान किस स्तर पर और कहां होगा। इसके लिए एक हेल्प डेस्क भी बनाया गया है, जो लोग शिकायत लिखकर नहीं ला पाएं, वैसे शिकायतकर्ता अपनी शिकायत लिखवा सकते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि लातेहार पुलिस अधीक्षक द्वारा एक बेहतर प्रयास किया जा रहा है कि जिन लोगों के समस्या का समाधान हो जा रहा है उसे भी पुलिस अधीक्षक द्वारा राय लिया जा रहा है। इससे लोगों का पुलिस प्रशासन पर और भरोसा बढ़ेगा। पुलिस कप्तान कुमार गौरव ने कहा कि पिछली बार के जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में कुल 286 मामले आए थे, जिनका समाधान त्वरित गति से किया गया। इस बार भी बड़ी संख्या में लोग अपनी अपनी समस्या लेकर आ रहे हैं। अभी तक जिले में कुल 100 मामले पंजीकृत हो चुके हैं। यह कार्यक्रम शाम तक चलेगा और लोगों की समस्या के आवेदन भी बढ़ेंगे। इससे साफ होता है कि पुलिस प्रशासन पर लोगों का भरोसा बढ़ा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ही अंतिम व्यक्ति को न्याय दिलाना है। साथ ही न्याय भी त्वरित गति से दिलाया जाए, इसी मकसद से यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। शिविर में चंदवा, लातेहार शहर सहित आदि क्षेत्रों से लोगों ने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। इसी तरह जन शिकायत समाधान कार्यक्रम जिले के बरवाडीह, बालूमाथ, महुआड़ांड, और लातेहार पुलिस अनुमंडल स्तर पर आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान प्राप्त लिखित एवं मौखिक समस्याओं पर प्रखंड कार्यालय एवं थाना, ओपी के पदाधिकारियों से संपर्क स्थापित कर शिकायतों का निष्पादन किया जायेगा। जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में लातेहार अनुमंडल में 50 मामले सहित पूरे जिले में कुल 100 मामले पंजीकृत किए गए हैं। जिसमें भूमि विवाद में मारपीट, महिलाओं से अत्याचार, यौन उत्पीड़न, एससी एसटी अपराध, ह्युमन ट्रैफिकिंग समेत कई मामले दर्ज किए गए।

# सीपीआर इमरजेंसी की हालत में मेडिकल थेरेपी है : डॉ. फैज

▸▸ कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**


**लातेहार।** समाहरणालय सभागार में डायरेक्टर हॉर्टिकल्चर फैज अक अहमद मुमताज व उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की उपस्थिति में कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) से संबंधित प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में सर्वप्रथम सीपीआर की पूरी जानकारी स्लाइड के माध्यम से दी गई। मरीज को सीपीआर देने की पूरी तकनीक बताई गई। डायरेक्टर हॉर्टिकल्चर फ जअक अहमद मुमताज ने कार्यशाला में सीपीआर विपरीत परिस्थितियों में हृदय गति रूक जाने के बाद जीवन रक्षा करने के संबंध में अपनाई जाने वाली तकनीक के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि सीपीआर इमरजेंसी की हालत में इस्तेमाल की जाने वाली एक मेडिकल थैरेपी की तरह है। इससे कई लोगों की जान बचाई जा सकती है। रिम्स के चिकित्सक डा. जसवंत ने सीपीआर तकनीक का डेमोस्ट्रेशन कर दिखाया। इस दौरान उन्होंने बताया कि सीपीआर का पूरा नाम कार्डियो पल्मोनरी रिससिटैशन है। इससे कार्डियक अरेस्ट और सांस न ले पाने जैसी आपातकालीन स्थिति में व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि सीधे शब्दों में कहें तो कई बार किसी व्यक्ति की अचानक सांस रुक जाती है या फिर कार्डिएक अरेस्ट की स्थिति में किसी को सांस नहीं आती है, तो सीपीआर दिया जाता है। इसकी वजह से लोगों की जान बचाई जा सकती है। एक तरह से सीपीआर में बेहोश व्यक्ति को सांसें दी जाती हैं। जिससे फेफड़ों को ऑक्सीजन मिलती है। साथ ही इससे शरीर में पहले से मौजूद ऑक्सीजन वाला खून संचारित होता रहता है। अगर व्यक्ति की सांस या धड़कन रुक गई है तो पर्याप्त ऑक्सीजन के बिना शरीर की कोशिकाएं बहुत जल्द खत्म होने लगती हैं। इसका असर दिमाग पर भी पड़ता है, जिससे गंभीर व्यक्ति की मौत भी हो जाती है। ऐसी स्थिति में अगर सीपीआर दिया जाता है तो कई जानें बचाई जा सकती हैं। इससे जान बचने की संभावना बढ़ जाती है। सीपीआर तकनीक का उपयोग कैसे और किन हालात में करना चाहिए, इसकी विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण सह कार्यशाला में आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, उपाधीक्षक सदर अस्पताल डॉ. अखिलेश्वर सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार, अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

## जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में आए पांच मामले

**सिमरिया (चतरा)।** एसपी विकास कुमार पांडेय के नेतृत्व में बुधवार को सिमरिया थाना परिसर में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एसडीपीओ प्रदीप कुमार, पुलिस इंस्पेक्टर उमेश राम और थाना प्रभारी मानव मयंक उपस्थित थे। जन शिकायत में कुल पांच मामले आए। जिसमें एनडीपीएस से एक, भूमि संबंधित दो, महिला प्रड़ताड़ना मामला एक और भाड़ा बकाया भुगतान संबंधित एक मामला शामिल था। यह जन शिकायत समाधान कार्यक्रम सिमरिया, लावालौंग और शिला ओपी क्षेत्र के लिए आयोजित किए गए थे। एसडीपीओ ने बताया कि माह के प्रत्येक सप्ताह बुधवार को यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें आम लोगों की समस्याओं से जुड़े मामलों का निष्पादन किया जाएगा। उन्होंने आम लोगों से घरेलू विवाद, घरेलू हिंसा, महिला प्रताड़ना, भूमि विवाद सहित अन्य मामलों को लेकर जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की।

राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण

# जिला को कुष्ठ रोग से मुक्त करना है : डॉ. शोभना



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** सिविल सर्जन डॉ. अवधेश कुमार सिंह, जिला कुष्ठ उन्मूलन पदाधिकारी डॉ. शोभना टोप्पो के निर्देश पर बुधवार को सदर अस्पताल के सभागार में राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण मे लेप्रोसी रोगियों का जल्द पहचान, समुचित इलाज, दिव्यांगता को रोकने के उद्देश्य से डॉ. राजेश कुमार, काशीनाथ चक्रवर्ती ने जिले के सभी प्रखंडों से आए एएनएम को जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के सभी प्रखंडों के एएनएम को माध्यमिक स्तर से लेकर रेफरल प्रणाली तक समन्वय स्थापित करने व कुष्ठ रोगियों को दिव्यागंता से कैसे बचाव किया जाए पर जानकारी दी गई। साथ ही उसके उपाय और चिकित्सा के बाद पुनर्वास को लेकर विशेष रूप से प्रशिक्षण दिया गया। वर्तमान समय में सिविल सर्जन व जिला कुष्ठ उन्मूलन पदाधिकारी के निर्देश पर जिला के सभी चिकित्सा पदाधिकारी, स्वास्थ्य कर्मियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर प्रशिक्षित किए जा रहे हैं, ताकि जिले के सभी प्रखंडों में विशेष रूप से कुष्ठ उन्मूलन अभियान का सफल आयोजन कर प्रखंड स्तर से लेकर ग्राम स्तर तक में कुष्ठ रोगियों को खोज कर रोगियों का समुचित इलाज का व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किया जा सके। मौके पर जिला कुष्ठ उन्मूलन पदाधिकारी डॉ. शोभना टोप्पो ने बताया कि कुष्ठ उन्मूलन प्रशिक्षण क्रार्यक्रम का आयोजन का मुख्य उद्देश्य लातेहार जिले को कुष्ठ रोग से मुक्त करना है। इस कार्यक्रम के शत प्रतिशत सफलता को लेकर जिले के सभी प्रखंडों के स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षण देकर बेहतर से बेहतर परिणाम प्राप्त किया जा सके। मौके पर एएनएम कनक लता, ज्योति मिंज,अल्बीना कुमारी, रिंकू कुमारी, रंजीता कुमारी, प्रेम लता सिन्हा, ज्योति लकड़ा, सुप्रिया कुमारी, नमिता कुमारी, मालती कुमारी, सीता सारस, माधुरी कुमारी, सबीता सोनी, अनिमा एक्का, रीना कुमारी, पूजा भारती, रीना बेक समेत अन्य एएनएम मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### आंगनबाड़ी सेविकाओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण हुआ सम्पन्न



**सेन्हा-लोहरदगा।** बाल विकास परियोजना पदाधिकारी नन्दी रानी कच्छप की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय आंगनबाड़ी सेविकाओं का प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत समापन हुआ।सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं को पोषण भी पढ़ाई भी के तहत तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया।प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं को नवचेतना के माध्यम से जिला बल विकास समन्वयक गौतम दत्ता और महिला पर्यवेक्षिका रोसा बाड़ा के द्वारा गर्भवती माताओं का देख भाल एवं सही मार्गदर्शन पर प्रकाश डालते हुए उपचार कराने एवं पौष्टिक आहार देने तथा किस कारण से बच्चे कमजोर है या दिव्यांग होते हैं। वैसे बच्चों को चिन्हित करने पर प्रकाश डाला गया।साथ ही बच्चे बच्चियों को शिक्षा के क्षेत्र में पहला पड़ाव कहाँ से आरम्भ करें और से 3 वर्ष के बच्चे बच्चियों के प्रति किस प्रकार शिक्षा का अलख जगाया जाये तथा खान पान, पोषण, शाररिक व मानसिक विकास सहित विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी साझा करते हुए सभी सेविकाओं को प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर महिला पर्यवेक्षिका सुषमा कुजूर, बॉबी कुमारी नायक के अलावे शालो भगत, रजनी देवी, सलिख खातून समेरुन खातून, जगमनी उराँव संजीदा खातून, किरण उराँव, आरती उराँव सहित अन्य सेविकाएं उपस्थित थे।

### पंचायत विकास सूचकांक के तहत एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के झलजमीरा पंचायत के पंचायत भवन में पंचायत विकास सूचकांक के तहत मुखिया बन्धन उरांव की अध्यक्षता में वार्ड सदस्य, पंचायत सचिव, आंगनबाड़ी सेविका, जनसेवक, सहिया, एएनएम, ग्राम संगठन, पशु चिकित्सक, डीलर सहित अन्य लोगों के साथ एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित किया गया।आयोजित कार्यशाला में मुखिया बन्धन उरांव ने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न तरह के विकास योजनाओं के बारे में चर्चा करते हुए योग्य ग्रामीण लाभुकों को योजनाओं का लाभ देने के बारे में निर्देश दिया। राशन डीलर को निर्देश दिया गया की सभी कार्डधारियों को ससमय राशन दे। एएनएम से कहा गया कि समय समय पर बूढ़े बिजुर्गो का स्वास्थ्य जांच कर दवा वितरण करे। प्रधानध्यापको को बच्चे बच्चियों का शिक्षा और मध्याह्न भोजन तथा खेल के बारे ध्यान देने के लिये निर्देश दिया गया। वही जल सहिया को पेयजल के लिये निर्देश दिया गया।साथ ही पंचायत के विकास कार्यो में सभी का सहभागिता के लिये अपील किया गया। मौके पर पंचायत सचिव गुहा उरांव, जनसेवक संदीप रजक के अलावे नीतीश कुमार गोस्वामी, रामस्वारथ महतो, आंगनबाड़ी सेविका मालती देवी, जमुना देवी, नीलिमा टोप्पो, सरोज देवी सहित अन्य उपस्थि थे।

### पथ निर्माण से संबंधित योजनाओं की समीक्षा की गई



**लोहरदगा।** अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा की अध्यक्षता में बुधवार को पथ निर्माण से संबंधित योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में ग्रामीण कार्य प्रमंडल लोहरदगा के द्वारा किये जा रहे मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना शीर्ष 4515 के अंतर्गत कुल 41 प्रगतिशील पथ योजनाओं; ग्राम जुरिया तिगरा से अरकोसा पथ तक पथ निर्माण, कुसुमडीपा से टेलर टाँगर तक, ग्राम चरहु से मेरले पथ का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण आदि, गैर योजना शीर्ष मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण की 17 योजनाओं (2022-23), वर्ष 2023-24 की 61 योजनाओं, 2024-25 की योजनाओं, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (फेज-3) के अंतर्गत प्रगतिशील पथ योजनाओं, आरसीपीएलडब्ल्यूईए की 5 योजनाओं, आरसीपीएलडब्ल्यूईए ब्रिज (2019-20), आरसीपीएलडब्ल्यूईए ब्रिज (2021-22) और जनजातीय क्षेत्रीय उप योजना (आदिवासी कल्याण) की योजना जिसमें पेशरार में पुंदाग हुसरू पथ पर पुंदाग नदी में उच्च स्तरीय पुल निर्माण (वर्ष 2021-22) की समीक्षा की गई। इसके साथ-साथ राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल अंतर्गत एनएच 143 ए में कुडू-घाघरा पथ के चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण, भूमि अधिग्रहण, एनएच 143 ए में बायपास पथ निर्माण व भूमि अधिग्रहण का कार्य समेत अन्य योजनाओं की समीक्षा की गई। इसके अतिरिक्त ग्रामीण कार्य विशेष प्रमंडल के द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में सभी संबंधित विभागों के कार्यपालक अभियंता/सहायक अभियंता उपस्थित थे।


**समाहरणालय, गढ़वा (समाज कल्याण शाख)**
**कार्यालयः- जिला बाल संरक्षण इकाई,गढ़वा**
**Email Id-dcpsgarhwa@gmail.com**

**बाल कल्याण समिति, गढ़वा के आदेशानुसार**
**आम सूचना**



नाम :- देवनाथ (काल्पनिक)
लिंग :- पु0
माता/पिता का नाम :- अज्ञात
पता :- अज्ञात
उम्र :- 40 दिन (लगभग)
वजन :- 2.300 कि0ग्रा0
ऊँचाई :- 45 से0मी0
बालक का रंग :- गोरा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त बालक गढ़वा जिला के श्री बंशीधर नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्राप्त हुआ है, बालक, बाल कल्याण समिति, गढ़वा में उपस्थापन के पश्चात् विशिश्ट दत्तक संस्थान, देवघर में संरक्षित है। बालक के जैविक माता-पिता एवं विधिक संरक्षक का पता ज्ञात करने हेतु राज्य स्तरीय एवं स्थानीय सभी समाचार पत्रों में यह विज्ञापन प्रकाशित की गई है। सूचना प्रकाशित होने के 60 (साठ) दिनों के अन्दर यदि कोई बालक के जैविक माता-पिता/विधिक संरक्षक होने का दावा प्रस्तुत करना चाहते हैं तो बाल कल्याण समिति, गढ़वा/जिला बाल संरक्षण इकाई, गढ़वा/जिला समाज कल्याण कार्यालय, गढ़वा में सम्पर्क कर बालक से संबंधित दस्तावेज/साक्ष्य के साथ अपना दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। दावा प्रस्तुत करने हेतु दिये गये समय सीमा की समाप्ति के पश्चात् उक्त बालक से संबंधित किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा एवं दत्तक ग्रहण मार्गदर्शिका 2022 के नियम 6 के उपनियम 13 के अंतर्गत उक्त शिशु को दत्तक ग्रहण हेतु बाल कल्याण समिति, गढ़वा द्वारा विधिक रूप से स्वतंत्र घोषित कर दिया जाएगा।

**कार्यालय पताः-** जिला बाल संरक्षण इकाई, गढ़वा/बाल कल्याण समिति, गढ़वा, पुराना समाहरणालय भवन, गढ़वा। जिला समाज कल्याण, नया समाहरणालय, कल्याणपुर, गढ़वा।
सम्पर्क नम्बर :- 7739067700, 6200118854, 7870520029

**PR 342300 Women, Child Development & Social Security(24-25).D** — जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, गढ़वा


## लोहरदगा में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन, बोले डीआईजी

# पुलिस व जनता के बीच बेहतर समन्वय बनाना उद्देश्य

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** पुलिस विभाग की ओर से नया नगर भवन, लोहरदगा में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ दक्षिणी छोटानागपुर, रांची के डीआईजी अनुप बिरथरे, एसपी हारिस बिन जमां, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा समेत अन्य ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में डीआईजी अनूप बिरथरे ने कहा कि पुलिस विभाग की ओर से सभी जिलों में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य आमजनों से शिकायत प्राप्त करना व उसकी सतत निगरानी करना, शिकायत को ट्रैक करना, हर शिकायत की समीक्षा करना, लोगों के बीच डायल 112 व 1930 जैसे नंबरों की जानकारी देना आदि है। डायल 112 पर डायल कर किसी भी प्रकार की समस्या को आप बिना थाना गये दर्ज करा सकते हैं। डायल 1930 पर साइबर क्राईम से संबंधित मामलों की शिकायत की जा सकती है। जन शिकायत समाधान कार्यक्रम अंतर्गत 9470546635 पर भी आमजन अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। सरकार द्वारा आम लोगों के लिए फिर से इस कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। डीआईजी ने कहा कि जो थाना प्रभारी अपने थानों में एफआईआर दर्ज नहीं करेंगे उन पर कार्रवाई की जाएगी।

**लोहरदगा में साईबर क्राईम थाना के लिए भेजा जाएगा प्रस्ताव :** डीआईजी ने कहा कि लोहरदगा जिला में साईबर क्राईम थाना के लिए गृह विभाग को प्रस्ताव भेजा जाएगा। साईबर थाना के लिए लोहरदगा जिला से कई प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। जिला में जो पीसीआर वैन खराब पड़े हैं उन्हें ठीक कराया जाएगा या आवश्यकता पड़ने पर नये वाहन की खरीद की जाएगी और पेट्रोलिंग बढ़ाई जाएगी।

**महिलाओं की शिकायत सभी थानों में होगी दर्ज :** डीआईजी ने कहा कि महिलाओं की शिकायत सिर्फ महिला थाना में दर्ज होने के बजाय अब सभी थानों में दर्ज होगी। इसी तरह एसटी/एससी मामले भी सभी थानों में दर्ज होगी। अगर कोई थाना प्रभारी शिकायत लेने से इनकार करता है तो उसपर कड़ी कार्रवाई किया जाएगा।

**सभी के सहयोग से कम हुआ नक्सलवाद एवं उग्रवाद :** लोहरदगा जिला में नक्सलवाद और उग्रवाद सभी के सहयोग से कम हुआ है। एक समय लोहरदगा जिला में यह समस्या बहुत अधिक थी। इसके प्रभाव को कम करने के लिए कई लोगों ने अपने प्राण न्यौछावर किये। अब यह समस्या कम हो चुकी है तो पुलिस का कार्य सोशल पुलिसिंग की तरफ ज्यादा बढ़ गया है।

### आपके शिकायत की लगातार मॉनिटरिंग होगी, समाधान होगा : हारिस बिन जमां

पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने कहा कि जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आम लोगों और पुलिस के बीच के संबंध को और विश्वसनीय बनाने के लिए चलाया जा रहा है। एसपी ने कहा कि समाधान का एक कार्यालय भी बना हुआ है। आप वहां पर भी जाकर अपनी शिकायत कर सकते हैं। पिछले बार लगभग 126 मामले आये थे जिसमें 93 मामलों को निष्पादित किया गया है। बाकी के मामलों के निपटारे की पहल की जा रही है। एसपी ने कहा कि आप जब कोई शिकायत दर्ज कराएंगे तो उसकी संख्या जेनरेट होगी। उसके बाद उसकी मॉनिटरिंग की जाएगी। जो भी शिकायत प्राप्त होगी उसका समाधान किया जाएगा। आप अपनी शिकायत मोबाईल नंबर (9470546635) एवं ईमेल (Janshikayat.ldg@jhpolice.gov) से भी दर्ज करा सकते हैं। आप जो भी शिकायत दर्ज करायें उसकी पावती रसीद अवश्य प्राप्त करें। आपको जब कभी भी हमारी जरूरत पड़ेगी चाहे रात के 2:00 बजे हो या सुबह के 6:00 बजे हो आप हम लोगों से संपर्क करें। पुलिस आपकी हर समस्या का समाधान करेगी।

## सदस्यता अभियान को महापर्व की तरह मनाएं : सचिन कुमार साहू

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** भाजपा की नगर बैठक अटल भवन में कार्यशाला आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू ने की जिसमें सदस्यता अभियान को लेकर चर्चा की गई। भाजपा के नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू ने कहा की 22 दिसंबर से 14 जनवरी तक सदस्यता महापर्व बनाने का निर्णय लिया गया है 22 दिसंबर को सदस्यता महापर्व का विधिवत शुभारंभ होगा और 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती पर विशेष कार्यक्रम आयोजित होंगे। भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष सह जिला सदस्यता अभियान संयोजक अजय पंकज ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता चुनौतियों को अवसर में बदलने का हुनर जानते हैं। यह सदस्यता महापर्व, पार्टी को मजबूत और संघर्षशील बनाने का अवसर है। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष राजकिशोर महतो ने कहा कि भाजपा का सदस्यता कार्यक्रम अभियान नहीं बल्कि संगठन महापर्व है। भाजपा संगठन महापर्व अन्य पर्व की तरह अपने परिवार के साथ मानती है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्य समिति एसटी मोर्चा के सदस्य लक्ष्मी नारायण भगत ने कहा कि झारखंड से लोकतंत्र विरोधी, राष्ट्रीय विरोधी, विकास विरोधी ताकतों से लड़ने के लिए भाजपा के संघर्षशील और मजबूत संगठन को निरंतरण गति देनी है। नगर सदस्यता अभियान संयोजक बिंदिया देवी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक परिवार है और हम हर एक परिवार को मजबूती के रूप में देखना चाहते हैं। सत्यम कुमार ने कहा कि सदस्यता अभियान को पूर्ण रूप से सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्रों में पूर्ण रूप से लग जाए और पार्टी को मजबूत बनाएं। अभियान नगर सहसंयोजक अशोक कसकर ने कहा कि इस सदस्यता अभियान को महापर्व की तरह बनाना है। मौके पर उपस्थित संजय शर्मा, शंभू ठाकुर, रामलाल उरांव, ज्ञानेश कुमार गुप्ता, आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जय श्रीराम समिति के नेतृत्व में सैकड़ों सनातनियों ने की धार्मिक यात्रा



*सोनमेर मंदिर, देवड़ी मंदिर तथा सूर्य मंदिर में भक्तों ने की पूजा अर्चना*

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जय श्रीराम समिति के नेतृत्व में धार्मिक यात्रा सोनमेर मंदिर, देवड़ी मंदिर,सूर्य मंदिर एवं दशम फॉल जाने के लिए सैकड़ों भक्त सुबह 7 बजे निकले। सोनमेर मंदिर में पूजा अर्चना के बाद यात्रा तमाड़ के देवड़ी मंदिर के लिये निकले। देवड़ी मंदिर में सोलह भुजी मां दुर्गा की पूजा अर्चना के बाद सभी बुंडू स्थित सूर्य मंदिर में पूजा अर्चना कर लोहरदगा जिला समेत सभी सनातनियों के लिए सुख शांति की कामना की।साथ ही झारखंड की खूबसूरती और मनोरम स्थली दशम फॉल की मनमोहक वादियों का नजारा देख लोग गदगद हुए। नगर अध्यक्ष दीपक साहू ने कहा समिति के द्वारा साल में दो बार तीर्थ स्थलों के दर्शन के लिये धार्मिक यात्राएं आयोजित की जाती है। इस तरह का भक्ति यात्रा से लोगों में धर्म- संस्कृति को जानने एवं समझने साथ ही आपसी सौहार्द की भावना जागृत होती है और पूरा शहर का वातावरण भक्तिमय होता है। समिति के द्वारा भक्तों को फल और पानी की व्यवस्था की गयी थी।

### नगर प्रशासक के समक्ष 11 जनवरी को प्रदर्शन करेगा एक्टू

**लोहरदगा।** ऐक्टू एवं अखिल भारतीय म्युनिसिपल एण्ड सेनिटेशन वर्कर्स फेडरेशन, लोहरदगा ने संकल्प दिवस मनाया। केन्द्रीय कमिटी के निर्णयानुसार ऐक्टू एवं एआईएम एण्ड एस वर्कर्स फेडरेशन, लोहरदगा के तत्वावधान में पावरगंज में गरीब, किसान, महिला, मजदूर, छात्र, नौजवान के रहनूमा साथी विनोद मिश्रा के स्मृति दिवस पर एक मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजली अर्पित की गई तथा उनके अधूरे सपनों को पूरा करने का संकल्प लिया गया। दिनांक 24, 25, 26फरवरी 2025 को नई दिल्ली में आयोजित ऐक्टू के 11वें राष्ट्रीय महासम्मेलन को भी तन, मन, धन से सफल बनाने का संकल्प लिया गया। जिला स्तरीय स्थानीय एवं राज्य स्तरीय मांगों की पूर्ति के लिए दिनांक 11 जनवरी 2025 को नगर प्रशासक लोहरदगा के समक्ष प्रदर्शनोपरान्त संलेख समर्पित करते हुए वार्ता कर समस्या का निदान करने का निर्णय लिया गया।

### किसान गोष्ठी कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

**लोहरदगा।** लोहरदगा जिला के कोकर ग्राम में फसल सुरक्षा योजन अंतर्गत किसान गोष्ठी कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया जिसमें राज्य स्तरीय पदाधिकारी निदेशक समिति झारखंड विकास कुमार उपस्थित रहे साथ में उपनिदेशक समिति अभिषेक तिर्की केंद्रीय आईपीएम केंद्र की उपनिदेशक प्रीति कुमारी उपस्थिति रही। साथ में जिला कृषि पदाधिकारी, उपनिदेशक आत्मा सभी प्रखंड के बीटीएम एवं एटीएम कोकर ग्राम के किसान उपस्थित रहे किसानों के बीच में फसलों की सुरक्षा के उपाय जैविक खेती के उपयोग के बारे में प्रशिक्षित किया गया। उनके द्वारा योजना संबंधित कृषकों के क्षेत्र का भी भ्रमण किया गया।


**कार्यालयः असैनिक शल्य चिकित्सक सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लोहरदगा।**

पत्रांक. 944 — लोहरदगा, दिनांक 18/12/2024

**निविदा संख्या - 01**
**अति अल्पकालीन निविदा**

स्वास्थ्य विभाग, लोहरदगा के स्वास्थ्य संस्थानों हेतु मेडिकल सामग्री एवं कार्यालय उपयोग हेतु अन्य जरूरी सामग्री की आवश्यकता है। प्रतिष्ठित निर्माताओं / उनके अधिकृत विक्रेताओं से विभिन्न शर्तों के साथ मुहर बन्द निविदा दिनांक 27.12.2024 के पूर्वाह्न 11:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदा स्पीड पोस्ट / निबंधित डाक अथवा स्वयं निविदादाता या उनके अन्य प्रतिनिधि जमा कर सकते हैं। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 27.12.2024 के पूर्वाह्न 12:00 बजे अधोहस्ताक्षरी कार्यालय कक्ष में जिला क्रय समिति के समक्ष निविदादाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि की उपस्थिति में खोला जाएगा। निविदादाता सामग्रियों की सूची एवं निविदा की शर्तें कार्यालय अवधि में सिविल सर्जन, लोहरदगा के कार्यालय से राष्ट्रीयकृत बैंक का रू0 1000/- (एक हजार रू० मात्र।) का बैंक ड्राफ्ट सिविल सर्जन, लोहरदगा के नाम से जमा कर दिनांक 19.12.2024 से दिनांक 24.12.2024 के पूर्वाह्न 12:00 बजे तक प्राप्त कर सकते हैं। ड्राफ्ट की राशि वापस नहीं की जायेगी।

**असैनिक शल्य चिकित्सक सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लोहरदगा।**



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार**

**अति अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/05/2024-25/RE_5

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र० सं० | ग्रुप सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Gr_2 2 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड महुआडांड पंचायत ओरसा ग्राम कुकुद पाट में आँगनबाड़ी भवन निर्माण। | 1108200 | 22200 | 2500 | 3 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 21.12.2024
3. ई-निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 21.12.2024 से दिनांक 28.12.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई-निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समय –30.12.2024 अपराह्न 1:00 बजे
6. ई-निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :- कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट-बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई-भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

PR 342295 Rural Development(24-25)#D



**कार्यालयः- जिला परिषद, लातेहार।**

**पशु मेला की बन्दोबस्ती वर्ष 2024-25**
**सूचना**

| क्र0 | प्रखण्ड | निलामी हेतु सैरात का नाम | पूर्व वर्ष की बन्दोबस्ती की राशि | जमानत की राशि | निलामी की तिथि | समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 6 |
| 1 | हेरहंज | पशु मेला (पौष पूर्णिमा) | 3,11,000 | 31100 | 27/12/2024 | 11:00 AM |

नोट :-
1. उक्त तिथि को डाक सम्पन्न नहीं होने पर **दिनांक 28/12/2024 को पूर्वाहन् 11:00 बजे** तथा यदि इस तिथि को भी डाक सम्पन्न नहीं हुआ तो पुनः **दिनांक 30/12/2024 को पूर्वाहन 11:00 बजे** बन्दोबस्ती की जाएगी।
2. निलामी की नियम एवं शर्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर कार्यालय अवधि में देखी जा सकती है। तथा NIC Latehar के वेबसाईट पर भी उपलब्ध है।
3. निलामी में भाग लेने वाले व्यक्तियों के लिए स्थानीय प्रमाण पत्र/पहचान पत्र/आधार कार्ड की छायाप्रति (कोई एक) जमा करना अनिवार्य होगा। आवश्यकतानुसार मांगे जाने पर मूल प्रति प्रस्तुत करना होगा।

उप विकास आयुक्त-सह-
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, लातेहार।

PR 342318 (Rural Development) 24-25 (D)



**झारखण्ड सरकार, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग**
**कार्यालय जिला पशुपालन पदाधिकारी, पलामू**

**-ःआम सूचनाः-**

एतद् द्वारा दिनांक 04.12.2024 को निदेशक, पशुपालन झारखण्ड रॉची की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जिला पशुपालन कार्यालय, पलामू को विभागीय कार्य का सम्पादन करने हेतु भाडे पर एक चार पहिया वाहन ड्राइवर के साथ रखने का निदेश प्राप्त हुआ है।

अतः इच्छुक चार पहिया वाहन मालिक/वाहन चालक को सूचित करना है यदि वो अपना वाहन को भाडे पर लगाना चाहते है तो दो दिनों के अन्दर जिला पशुपालन कार्यालय, पलामू से सम्पर्क कर सकते है।

जिला पशुपालन पदाधिकारी,
पलामू

PR 342314 Animal Husbandry(24-25)#D



**झारखण्ड सरकार, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग**
**कार्यालय जिला पशुपालन पदाधिकारी, पलामू**

**-ःपशुपालकों हेतु आम सूचनाः-**

एतद् द्वारा पलामू जिला के सभी पशुपालकों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारत सरकार द्वारा 21 वीं पशुगणना कराने का निर्णय लिया गया है। जिसका शुभारम्भ दिनांक 17.12.2024 से किया जा रहा है।

अतः सभी बडे-छोटे पशुपालकों से अनुरोध है कि पशुओं की गणना करने में 21वीं पशुगणना के प्रगणकों का सहयोग करना चाहेंगे, ताकि पलामू जिला के सभी पशुओं की गणना की जा सके।

जिला पशुपालन पदाधिकारी,
पलामू

PR 342313 Animal Husbandry(24-25).D



**Jharkhand Bijli Vitran Nigam Limited**
**(CIN:U40108JH2013SGC001702)**
**Office of the General Manager-Cum-Chief Engineer,**
**Electric Supply Area, Medininagar**

**Very short e-TENDER NOTICE**

e-tender in two parts (Part-I Technical and Commercial and Part-II Price Part) is invited from the reputed tenderers having good experience of following same type of Civil Works and having sound financial status..

| Sl. No. | NIT No. | Name of work | Estimated cost (In Rs.) | Earnest money to be deposited (In Rs.) | Cost of BOQ (non refundable) (In Rs.) | Time for completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 239/PR/JBVNL/ 2024-25 | Construction of Ladies Toilet in the premises of Electric Supply Area, Medininagar. | Rs 5,53,100.00 | Rs 11,100.00 | 1250.00+225.00 (GST 18%) = 1475 .00 | 03 Month |

| | |
|---|---|
| Availability of tender document on website | 19.12.2024 2:00 PM to 30.12.2024 at 5:00 PM |
| Last date and time for bid submission/uploading | 29.12.2024 at 5:00 PM |
| Date and time for opening of Tender Part -I (Technical and Commercial) | 30.12.2024 at 05:30 PM |
| Date and time for opening of Tender Part -II (Price Part) | Will be communicated later on |
| Tendering Officer and address for communication | GM(T), Electric Supply Area, Medininagar |

Any query towards this tender can also be had from the office of the undersigned during office hours or may contact on Mob No. 8809507127

1. e-Tender documents and BOQ including terms & conditions, specification etc. can be downloaded and submitted online on website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned during office hours. NIC helpline no. 0651-2400178.
2. Bidder shall deposit online tender fee as mentioned above for Cost of BOQ and EMD as per rules ofe-tendering portal (**jharkhandtenders.gov.in**).
3. The tenders will be received through electronic tendering mode only.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager cum Chief Engineer
Electric Supply Area, Medininagar

PR 342339 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd (24-25)_D

## एक नजर

### 20 किलो प्रतिबंधित मांस के साथ अजबुला खान गिरफ्तार

**गुमला।** चैनपुर थाना क्षेत्र के बरवे नगर पंचायत के रहमत नगर निवासी अजबुला खान (45) को बुधवार को चैनपुर पुलिस ने 20 किलो प्रतिबंधित मांस के साथ गिरफ्तार कर लिया। चैनपुर थाना प्रभारी कुंदन चौधरी ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि रहमत नगर में अजबुला खान प्रतिबंधित मांस की बिक्री कर रहा है। तत्परित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने खान के घर पर छापा मारा और 20 किलो प्रतिबंधित मांस बरामद किया। अजबुला खान को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। वहीं, पुलिस ने प्रतिबंधित मांस को गड्ढा खोदकर नष्ट कर दिया है। चैनपुर क्षेत्र में यह पहली बार नहीं है जब प्रतिबंधित मांस की बिक्री का मामला सामने आया है। इससे पूर्व भी रहमत नगर से प्रतिबंधित मांस की बिक्री के मामलों में गिरफ्तारी हो चुकी है।

### मोटरसाइकिल व एक साइकिल के बीच टकराव, तीन घायल

**चैनपुर।** चैनपुर थान क्षेत्र में देर शाम छतरपुर के समीप विधायक भूषण तिर्की की आभार यात्रा से लौटते समय एक दुर्घटना घटित हुई। मोटरसाइकिल और एक साइकिल के बीच टकराव हुआ। मिली जानकारी के अनुसार, कातिंग निवासी रवि तिर्की और पुनीत बाड़ा, जो विधायक की आभार जुलुस में भाग लेकर घर लौट रहे थे, की साइकिल सवार रोजलीना मिंज से भिड़ंत हो गई।इस घटना में रवि तिर्की और पुनीत बाड़ा को पैर और हाथ में चोटें आईं, जबकि रोजलीना मिंज को पैर और कमर में गंभीर चोटें आईं। सभी घायलों को 108 सेवा के माध्यम से चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई।

### अचानक बिजली से ग्रामीण की मौत

**गुमला।** गुमला के जारी थाना क्षेत्र के बंझर पहाड़ टोली निवासी 40 वर्षीय अनुज लकड़ा की करंट लगने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, अनुज घर में खराब बिजली लाइन को ठीक कर रहा था, तभी अचानक बिजली आ गई और करंट की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने बताया कि गांव में पिछले एक सप्ताह से बिजली नहीं थी। गुमला विधायक के जारी प्रखंड में कार्यक्रम के चलते बिजली विभाग ने लाइन ठीक कर आपूर्ति बहाल की थी। घायल अवस्था में अनुज को सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस हादसे ने क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ा दी है।

### जिला युवा उत्सव में डीएवी की सिमरन व सृष्टि ने जीते पुरस्कार

**गुमला।** जिला खेल कार्यालय और नेहरू युवा केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय युवा उत्सव के तहत टाउन हॉल में सांस्कृतिक कार्यक्रम, विज्ञान मेला, चित्रकला, कविता और कहानी लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 15 से 29 वर्ष के युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला की सिमरन पन्ना ने कहानी लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान और सृष्टि गुप्ता ने मोबाइल फोटोग्राफी प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान हासिल किया। आज वंदना सभा में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. रमाकांत साहू ने दोनों छात्राओं को स्मृति चिह्न और चेक देकर सम्मानित किया। साथ ही उन्होंने उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए अन्य छात्रों को भी इसी तरह की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

# घाघरा थाना क्षेत्र में नहीं रुक रहा है बालू का अवैध कारोबार

## किस अधिकारी के संरक्षण में चल रहा है अवैध बालू का खेल

- *बालू माफिया दिन के उजाले हो या रात के अंधेरे बैखौफ होकर बालू का करते हैं उठाव*
- *800 के बालू को 2500 रुपये प्रति ट्रैक्टर बेच रहे हैं बालू माफिया है*



**नवीन मेल संवाददाता**

**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र में बालू के कारोबार पर बालू माफियो का है राज धड़तले से चल रहा है अवैध बालू का कारोबार चाहे रात के अंधेरे हो य दिन का उजाला बेखौफ होकर बालू माफियो अवैध बालु का करते हैं उठाव। घाघरा थाना के गेट के सामने से और प्रखंड कार्यालय के गेट के सामने से रोजाना बालू की तस्करी की जाती है दर्जनो ट्रैक्टर से सुबह से रात तक अवैध बालू लदा ट्रैक्टर गुजरती है जानकारी के अनुसार घाघरा थाना क्षेत्र के परसाटोली गुटुवा कोयल नदी से टांगर शिकवार होते हुए घाघरा मुख्य सड़क एवं थाना के गेट के सामने से अवैध बालू लेकर आराम से गेट के पास से गुजरते हैं। रोजाना अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जिससे सरकार को रोजाना लाखों का राजस्व का होता है नुकसान। अवैध बालू लदा ट्रैक्टर का चालक भी आधे से ज्यादा नाबालिक चालक रहते हैं और तो और गाड़ी में नंबर भी नहीं रहता है। जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। सेटिंग ऐसा की बालू माफिओ है के ट्रैक्टर में भी नंबर नहीं रहते एवं चालक भी नाबालिग होते हैं। जिससे आए दिन बालू माफियाओं के ट्रैक्टर से दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। फिर भी प्रशासन रहते हैं मौन। आखिर किन अधिकारियों का है संरक्षण बालू माफियाओं पर बालू माफियाओं सेटिंग ऐसा की कुछ बालू माफिया है। प्रखंड कार्यालय के गेट के सामने तो कुछ बालू माफिया थाना गेट के सामने खड़े रहकर सारे गतिविधियों की जानकारी दूरभाष के द्वारा ड्राइवर तक पहुंचाते हैं। जिससे बालू लदे ट्रैक्टर को आसानी से पार करा सके। बालू माफियाओं में अधिकारियों का थोड़ा भी भय नहीं है, बेखौफ होकर रफ्तार से अवैध बालू का कर रहे हैं। उठाव जिससे सरकार को रोजाना हो रहा है लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान। आलम यह है कि अब बालू ट्रैक्टर से घाघरा में बेचा जा रहा है एवं हाईवा से अंधेरी रात में रांची भी भेजा जा रहा है। अवेध बालू फिल्मी स्टाइल में चल रहा अवैध बालू का खेल।

# आंगनबाड़ी केंद्र में खड़ी 5 बाइक को अज्ञात ने किया आग के हवाले, जांच में जुटी पुलिस

## दीवार तोड़कर सभी 5 पेंटर की ग्रामीणों ने मिलकर बचाई जान



**नवीन मेल संवाददाता**

**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलागड़ा पंचायत के नवाटोली गांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में पेंटिंग का काम करने के लिए आए लोहरदगा जिला के 5 पेंटरों की बाइक को अज्ञात अपराधियों के द्वारा बीती देर रात आग के हवाले कर दिया गया। जिससे सभी बाइक जलकर पूरी तरह से राख हो गई। पीड़ित लोहरदगा किस्को निवासी अजय उरांव ने बताया छोटू राम नंदेश्वर बाड़ईक बादल एवं रामदुलार चिक बड़ाईक यह पांचो नावा टोली स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में केंद्र में फोटो, कार्टून व अल्फाबेट पेंटिंग का काम करने के लिए ठेकेदार रामवीर के निर्देश पर मंगलवार की शाम को पहुंचे थे। वहीं बरानदा में सभी 5 बाइक खड़ाकर बगल के रूम में सोए हुए थे। देर रात जलने की गंध आने पर बाहर निकले तो पाया कि सभी पांचो बाइक आग से धधक रही थी। ग्रामीणों के सहयोग से आग बुझाने का प्रयास किया गया लेकिन तब तक सभी जलकर राख हो चुके थे। बाइक में आग लगने की वजह से अंदर सो रहे लोगों का दम घुटने लगा। जिसके बाद पीछे का दीवाल को ग्रामीणों के सहयोग से तोड़कर कर सभी को किसी तरह बाहर निकाला गया। घटना की सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने बताया कि जांच उपरांत प्रथम द्दष्टया मामला शरारती तत्वों का लग रहा है हालांकि पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

**अपराधियों के द्वारा इन गाड़ियों को जलाया**

- सीटी 100 जेएच 01जे 3266
- जेएच 08ए 8209 सीडी डीलक्स
- जेएच 01ई 3836 हीरो होंडा स्प्लेंडर
- जेएच 08 जी 2787 सीबी साइन
- जेएच 01 एन 6370 टीवीएस स्टार

**घाघरा थाना क्षेत्र में बढ़ती घटनाएं पुलिस को दे रही है चुनौती**

## उपायुक्त का अभिभावकों के नाम संदेश

# बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी में बच्चों का सहयोग करें

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने



जिले के सभी अभिभावकों को एक महत्वपूर्ण संदेश जारी करते हुए कहा है कि झारखंड अधिविद्य परिषद द्वारा 11 फरवरी 2025 से मैट्रिक और इंटर की बोर्ड परीक्षाओं की तिथि निर्धारित कर दी गई है। इन परीक्षाओं में गुमला जिले के करीब 14,000 मैट्रिक और 7,000 इंटर के छात्र-छात्राएं सम्मिलित होंगे। उपायुक्त ने बताया कि बोर्ड परीक्षाओं की शुरूआत में अब दो महीने से भी कम समय शेष है, और इस समय छात्रों की अंतिम तैयारियां बेहद महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा की आज के छात्र ही कल के विकसित समाज की नींव हैं। जिला प्रशासन की ओर से छात्रों की शत-प्रतिशत उत्तीर्णता सुनिश्चित करने और बेहतर प्रदर्शन के लिए 'सिक्छा कर भेंट' नामक विशेष कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत वरीय अधिकारियों द्वारा विद्यालयों का नियमित निरीक्षण, प्री-बोर्ड टेस्ट और जनवरी 2025 में शीतकालीन अवकाश के बाद विशेष कक्षाओं का संचालन किया जाएगा।

उपायुक्त ने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों को घर पर नियमित स्वाध्याय के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा की समय प्रबंधन और लेखन कौशल परीक्षा में सफलता के लिए अहम है। प्री-बोर्ड की समाप्ति के बाद छात्रों को शीतकालीन अवकाश में बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी के लिए होमवर्क असाइनमेंट दिए जा रहे हैं। अभिभावकों से अनुरोध है कि वे बच्चों को यह असाइनमेंट पूरा करने के लिए प्रोत्साहित करें।

उपायुक्त ने सभी अभिभावकों से अपेक्षा की कि वे इन बातों का ध्यान रखते हुए अपने बच्चों को परीक्षा की उचित तैयारी में सहयोग देंगे ताकि वे अच्छे परिणाम प्राप्त कर अपने सुनहरे भविष्य की ओर अग्रसर हो सकें।

**स्वास्थ्य और तनाव प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने की अपील**

उपायुक्त ने कहा कि अभिभावकों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि बच्चे परीक्षा का अनावश्यक तनाव न लें। पढ़ाई के साथ-साथ व्यायाम, उचित खानपान और स्वास्थ्य पर ध्यान देना भी जरूरी है। उन्होंने कहा की बच्चों को प्रोत्साहित करें कि वे मॉडल प्रश्नों का अभ्यास करें और पिछले वर्षों के बोर्ड प्रश्नपत्रों को हल करें।

## गुमला में जन शिकायत समाधान कार्यक्रमका सफल आयोजन

# 87 शिकायतों का हुआ निपटारा : आरक्षी अधीक्षक

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** गुरुवार को झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री के निर्देश और डीजीपी के मार्गदर्शन में गुमला जिले में दूसरी बार जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नगर भवन, गुमला सहित जिले के विभिन्न थाना परिसरों–घाघरा, बसिया, रायडीह, डुमरी, और चैनपुर–में आयोजित किया गया। आरक्षी अधीक्षक शंभू कुमार सिंह ने बताया कि आज के कार्यक्रम में कुल 87 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनका पंजीकरण कर संबंधित थाना प्रभारियों और वरीय अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि शिकायतों के समाधान के लिए गुमला पुलिस पूरी तत्परता से काम कर रही है। कार्यक्रम के दौरान गुमशुदा बच्चों की सुरक्षा, महिलाओं के लिए कानून, साइबर फ्रॉड, एससी/एसटी अत्याचार निवारण, डायन प्रथा, मानव तस्करी, नशा मुक्ति, और ऑनलाइन एफआईआर प्रणाली जैसी कई महत्वपूर्ण विषयों पर जन जागरूकता भी बढ़ाई गई। आरक्षी अधीक्षक के अनुसार, 10 सितंबर 2024 से 30 नवंबर 2024 तक कुल 377 शिकायतें प्राप्त हुई थीं, जिनमें से 247 का समाधान किया जा चुका है। शेष शिकायतों पर तेजी से कार्रवाई की जा रही है। गुमला पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि वे अपनी शिकायतें साझा करने के लिए दिए गए मोबाइल नंबर 9508165460, व्हाट्सएप, और ईमेल आईडी (janshikayatgumla@jhpolice.gov.in) का उपयोग करें। गुमला पुलिस द्वारा आयोजित 'जन शिकायत समाधान कार्यक्रम' जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने और जनता की समस्याओं का समाधान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में ग्रामीणों की काफी भीड़ उमड़ी

**चैनपुर।** पुलिस अधीक्षक गुमला के आदेशानुसार चैनपुर थाना परिसर में बुधवार को जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ग्रामीणों की काफी भीड़ उमड़ी। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के मामले जैसे जमीन विवाद, प्रेम प्रसंग, और पैसे के लेन-देन से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। कार्यक्रम में सर्किल इंपेक्ट महेंद्र कुमार करमाली, थाना प्रभारी कुंदन चौधरी, एसई अशोक कुमार, सीई मुनेश्वर सिंह, जिप सदस्य मेरी लकड़ा, मुखिया शोभा देवी, पोलीदोर एक्का, दीपक खलखो सहित चैनपुर प्रखंड के कई जनप्रतिनिधि व ग्रामीण उपस्थित थे।

### जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन

**गुमला।** डुमरी थाना परिसर में बुधवार को जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जमीन से संबंधित चार मामले सामने आए। थाना प्रभारी अनुज कुमार ने जानकारी देते हुए बताया किः सबिता कुमारी, डुमरी ने अपनी जमीन पर जबरन कब्जा करने की शिकायत दर्ज कराई। रामसाय चिक बड़ाईक, बड़ाकटरा ने जमीन चिन्हित करने का आवेदन दिया। को खोड़े भगत, टांगरडीह ने जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत दर्ज कराई। मुकेश भगत, टांगरडीह ने बंदोबस्ती जमीन चिन्हित करने का आवेदन दिया। सभी मामलों को आगे की कार्रवाई के लिए अंचल अधिकारी को भेज दिया गया है।

### पालकोट प्रखंड में रक्त दान शिविर में 22 यूनिट रक्त एकत्र

**गुमला।** गुमला जिले के पालकोट प्रखंड के सभागार में जिला प्रशासन के पहल पर आयोजित एक दिवसीय रक्त दान शिविर में प्रखंड विकास पदाधिकारी बिजय उरांव, थाना प्रभारी मोहम्मद जहांगीर, एसआई गौतम वर्मा, बीपीआरओ रामलखन सिंह यादव सहित प्रखंड और अंचल स्तर के कर्मचारी और पालकोट पुलिस के पदाधिकारी एवं जवानों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर सभी ने सामूहिक रूप से 22 यूनिट रक्त दान दिया, जिससे चिकित्सा सेवाओं को मजबूती मिली।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER.**
**MINORIRRIGATIONDIVISION,HUSSAINABAD**
**e-ProcurementTenderNotice**
**TwoEnvelopeSystem**
**TenderReferenceNo:-WRD/MID/HUSSAINABAD/B.D/S.L.I.-01/2024-25**
**Letter no:-730 Date:-18.12.2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work:- | Constructionworkof Solar based LiftIrrigation Scheme at Vill:-Badepur, Block:-Hussainabad (Palamu) |
| 2 | Estimated Cost(Rs.) | 1,05,35,900=00 |
| 3 | Cost oftender document(Rs) | Rs. 10,000=00only(non-refundable). |
| 4 | Earnest Money Deposit(Rs.) | Rs. 1,06,000=00only. |
| 5 | Time of Completion | 335 Days |
| 6 | Mode of Submission of tender | Online throughwww.jharkhandtenders.gov.in |
| 7 | Date of Publicationof Tenderon website(http://jharkhandtenders.gov.in) | Date: 03 .01.2025 ,Time :-11 .00 A M |
| 8 | Last Date/Time for downloading ofbidding documents and Submission of TenderonWebsite | Date: -11. 01.2025 ,Time :- 04.00 PM |
| 9 | Submission of Tender Fee and EMD | Start Date: 03 .01.2025 ,Time :- 11 .00 A M LastDate:-11.01.2025 , Time :- 04 .00PM |
| 10 | Technical Bid Opening Date | Date:- 13.01.2025 ,Time :-05 .00 PM |
| 11 | OfficerInvitingBids | ExecutiveEngineer,MinorIrrigation Division,Hussainabad |
| 12 | Contact No. of Procurement Officere-mailofProcurementOfficer | 7765955362 eemidhus- cemr - jhr@gmail.com |
| 13 | HelplineNo.ofProcurementCell | 06566 -299082 |

**Note:-**

➤ Work will be awarded to those bidders {specially MNRE approved channel partners/MNRE approvedmanufacturers/ MNRE approved PV system integrators/ A registered manufacturers/ Company/ Firm/ Corporationin India(includingMSMEofJharkhand) of at least oneofthemajor sub system namelypumpsorPV System electronics (confirmingto National/International Standards)/anyotheragencies having experience of installation and commissioning of such solar powered irrigation schemes}. EmpanelledIndigenousManufacturersof10 **Hp**pumps (**DC**Surface water Pumps)in the department with all accessories for off-grid stand alone SPV water pumping systems can also take part in the bid for executingthe whole work of the bid. However those bidders who have not yet registered in Water ResourcesDepartment can also submit their bid provided they will have to get the mselves registered in Water Resources Department within two months from the date of allotment of work.

➤ **Onlye-Tender will be accepted.**

Further details can be seen on websitehttp://jharkhandtenders.gov.in

PR 342324 Minor Irrigation(24-25)D

**Executive Engineer,**
**Minor Irrigation Division, Hussainabad**


# सिसई प्रखंड के सभी पंचायत में 100 दिवसीय टीबी कार्यक्रम में सर्वे कार्य



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिसई (गुमला)।** रेफरल अस्पताल सिसई के द्वारा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में 60 वर्ष से ऊपर के ग्रामीणों एवं वेनरेबल ग्रूप का सर्वे कार्य आरंभ हो गया है।आयुष्मान आरोग्य मंदिर सेन्टर इंचार्ज,तथा एएनएम की देख रेख में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के आदेशानुसार सहिया दीदी के द्वारा दिवाल लेखन का कार्य हो रहा। सभी 60 वर्ष से उपर के लोगों का एक्स-रे जांच एवं बलगम का जांच किया जा रहा है। डॉक्टरों द्वारा संभावित रोगीयों की जांच करते हुए टीबी रोगी की पहचान कर,ऑन द स्पॉट दवाई भी दिया जा रहा है। रेफरल अस्पताल सिसई के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर ललिता कुमारी मिंज के द्वारा बताया गया। कि टीबी रोगी निकलने पर पर्याप्त मात्रा में दवाई उपलब्ध है तथा रोगीयों को प्रत्येक माह की भांति निश्चय पोषण के तहत ₹1000 प्रतिमाह छः माह तक तथा 750 रुपया यात्रा भत्ता के रूप में दिया जाएगा। प्रधान लिपिक जीत वाहन उरांव के द्वारा यह भी बताया गया कि डॉक्टर के द्वारा पहचान किए गए रोगीयों को समय से दवाई एवं निश्चय पोषण के तहत जो भी राशि दिया जाता है, ससमय मिलेगा।

### कामडारा में स्पेशल ब्रांच की छापेमारी, 3 युवक हिरासत में

**गुमला।** गुमला जिले के कामडारा थाना क्षेत्र में स्पेशल ब्रांच की पुलिस ने विभिन्न इलाकों में छापेमारी अभियान चलाया। सूत्रों के मुताबिक, इस कार्रवाई के दौरान तीन युवकों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। कामडारा थाना प्रभारी ने पुष्टि करते हुए बताया कि तीनों युवकों को पूछताछ के लिए पकड़ा गया है। हालांकि, अभी उनके नाम और अन्य जानकारियां गुप्त रखी गई हैं। मामले की विस्तृत जानकारी मिलने में थोड़ा समय लग सकता है। पुलिस जांच में जुटी हुई है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।


**झारखण्ड स्टेट फौरेस्ट डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि०**
**Jharkhand State Forest Development Corporation Ltd.**
**(A Govt. of Jharkhand undertaking ) E-mail ID dm.daltan_jsfdc@yahoo.co.in**
**कार्यालय: प्रमण्डलीय प्रबंधक, लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमण्डल डालटनगंज, पलामू**

**आवश्यक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वन निगम मुख्यालय रॉची के निदेशानुसार लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमण्डल, डालटनगंज अन्तर्गत डालटनगंज स्थित चैनपुर वनागार, चैनपुर में भण्डारित विभिन्न प्रजाति के प्रकाष्ठ एवं जलावन की बिक्री आम नीलामी द्वारा की जायेगी। नीलामी में रखे गये प्रकाष्ठ प्रचयों की सूची प्रमण्डलीय कार्यालय, डालटनगंज से प्राप्त कर अवलोकन किया जा सकता हैं। वनागार में आम नीलामी की तिथि निम्नवत् है:–

| वनागार का नाम | समय | दिसम्बर– 2024 |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| चैनपुर वनागार चैनपुर | प्रारम्भ 11:00 बजे पूर्वाह्न से 1:00 बजे अपराह्न तक। | 27.12.2024 |

नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति/व्यक्तियों/कम्पनियों को गेट मनी के रूप में 5000.00 रू0 (पॉच हजार) रूपया नगद नीलामी में भाग लेने के पूर्व गेट पर जमा करना होगा। नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति/व्यक्तियों/ कम्पनियों को पैन कार्ड,जी0एस0टी0 एवं आधार कार्ड की छाया प्रति जमा करना होगा।

ह0/
प्रमण्डलीय प्रबन्धक
लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमण्डल, डालटनगंज

PR 342317 District (24-25)_D


## आदिवासी कल्याण मंत्री चमरा लिंडा का औचक निरीक्षण

# टाना भगत आवासीय विद्यालय में बच्चियों से संवाद, व्यवस्था सुधार के दिए निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** आदिवासी कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने दूसरे दिन भी गुमला जिले के बिशुनपुर प्रखंड स्थित टाना भगत आवासीय विद्यालय चपटोली का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में अध्ययनरत करीब ढाई सौ बच्चियों से लंबी बातचीत कर उनकी समस्याओं को नजदीकी से समझने का प्रयास किया। मंत्री लिंडा ने विद्यालय की स्थिति पर असंतोष व्यक्त करते हुए प्रधानाध्यापक रमाकांत संत को सख्त निर्देश दिया कि सभी बच्चियों को मीनू के आधार पर भोजन उपलब्ध कराना अनिवार्य है। उन्होंने चौरा पाठ और सखुआ पानी विद्यालयों का भी निरीक्षण किया, जहां मीनू का पालन न होने और विद्यालय की स्थिति को लेकर प्रधानाध्यापकों पर नाराजगी जताई। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि मीनू का पालन नहीं हुआ और शिक्षकों ने कार्यशैली में सुधार नहीं किया तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**बच्चियों से संवाद और प्रोत्साहन :** मंत्री लिंडा ने बच्चियों को एक अंग्रेजी पुस्तक प्रदान करते हुए निर्देश दिया कि इसे 15 दिनों के भीतर कंठस्थ करें। उन्होंने कहा कि 15 दिन बाद वे वीडियो कॉल के माध्यम से बच्चियों से बातचीत करेंगे। उन्होंने खेल और कुरुख भाषा के महत्व पर भी जोर देते हुए कहा कि मातृभाषा को न भूलें, क्योंकि यह उनकी संस्कृति और विरासत की पहचान है।

**छात्रावास मरम्मत पर सख्ती :** विद्यालय परिसर में हो रहे छात्रावास के मरम्मत कार्य का निरीक्षण करते हुए मंत्री ने ठेकेदार को एक महीने के भीतर कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि देरी होने पर ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मंत्री ने स्पष्ट किया कि बच्चों को किसी भी प्रकार की असुविधा बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सरकारी सुविधाओं में कोताही बरतने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।


**कार्यालय- समेकित जनजाति विकास अभिकरण (I.T.D.A) लातेहार**
**(अ0ज0जा0, अ0जा0, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग)**

**प्रवेशिकोत्तर पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ी जाति के छात्र/छात्राओं के लिए छात्रवृति योजना वर्ष 2024–25 हेतु ऑनलाईन आवेदन से संबंधित आवश्यक सूचना**

पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजनान्तर्गत शैक्षणिक सत्र 2024–25 के लिए झारखण्ड राज्य के बाहर नामांकन लेने वाले छात्र–छात्राओं के लिए झारखण्ड राज्य पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना नियमावली, 2022 के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए निम्न प्रकार ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं :–

| क्र0 | प्रक्रियात्मक कार्यवाही | कार्यवाही के लिए निर्धारित अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| 1 | शैक्षणिक संस्थानों द्वारा ई–कल्याण पोर्टल पर पंजीकरण हेतु आवेदन की अंतिम तिथि। | 31-12-2024 |
| 2 | शैक्षणिक सत्र– 2024–25 हेतु छात्र/छात्राओं के आवेदन प्रक्रिया की अंतिम तिथि। | 20-03-2025 |
| 3 | संबंधित शैक्षणिक संस्थान के INO द्वारा छात्र/छात्राओं के आवेदन का सत्यापन की अंतिम तिथि। | 21-03-2025 |

नोट :–

- पोस्ट छात्रवृति योजना से संबंधित अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग, कल्याण विभाग, झारखण्ड, रॉंची से निर्गत दिशा–निर्देश एवं अन्य अनुवर्ती सूचना वेबसाईट http://ekalyan.cgg.gov.in पर देखा जा सकता है। ऑनलाईन आवेदन करने के पूर्व कृपया उक्त वेबसाईट पर दिए गए निर्देश को अवश्य देख लें।
- पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना के अन्तर्गत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग के छात्र–छात्राओं के लिए झारखण्ड राज्य पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना नियमावली, 2022 के द्वारा निर्धारित शर्तों एवं नियमों का अनुपालन करते हुए ऑनलाईन आवेदन किया जाए। (ई–कल्याण पोर्टल पर पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना नियमावली, 2022 की प्रति उपलब्ध)
- निश्चित समय सीमा की समाप्ति के पश्चात् किसी प्रकार का आवेदन पत्र का विचार नहीं किया जाएगा।
- प्रत्येक छात्र–छात्रा आधार आधारित बैंक खाता KYC कराने के उपरान्त ही आवेदन करें।
- एक से अधिक आवेदन पत्र भरने पर छात्र–छात्रा का आवेदन पत्र रद्द कर दिया जाएगा।
- ऑनलाईन आवेदन में त्रुटि/अशुद्धि/गलत अथवा भ्रामक सूचना देन पर आवेदन रद्द कर दिया जाएगा।

जिला कल्याण पदाधिकारी,
लातेहार

PR 342297 Welfare (24-25)_D

> प्रभु से यह कहना कि हमें कुछ चाहिये अनुचित नहीं है; किन्तु यह और अधिक विश्वास दर्शाता है यदि हम केवल इतना ही कहें: परमपिता! मैं जानता हूँ कि आपको मेरी हर आवश्यकता का पहले से ही पता है। अपनी इच्छानुसार आप मेरा निर्वाह करें। - **श्री श्री परमहंस योगानंद, 'परमहंस योगानंद के वचनामृत'**



## संपादकीय

# नगरों की सफाई सिर्फ सरकार की जिम्मेदारी नहीं

देश के विभिन्न नगरों में प्रतिदिन हजारों टन कचरा उत्पन्न होता है, जिसे इन नगरों की नगर निकायों द्वारा एकत्र कर निस्तारित किया जाता है। इस कचरे में जैविक अपशिष्ट, प्लास्टिक, कागज, धातु और कांच भी हैं। कुछ नगरों में संग्रहण के पश्चात, कचरे को प्रसंस्करण संयंत्रों में भेजा जाता है, परंतु कुछ नगरों में नागरिकों की भागीदारी और कचरे के उचित निपटान की कमी एक प्रमुख चुनौती बनी हुई है। इस प्रकार देश के विभिन्न नगरों में कचरा प्रबंधन एक बड़ी समस्या के रूप में विद्यमान है।भारत में कचरे का मुख्य निपटान लैंडफिल साइटों पर किया जाता है, लेकिन यहां कचरे की छँटाई नहीं होती है। अधिकांश कचरे को बिना छांटे सीधे लैंडफिल में डाला जाता है, जिससे पुनर्चक्रण की प्रक्रिया प्रभावित होती है। इसके अलावा, लैंडफिल साइट्स पर कचरे का उचित प्रबंधन नहीं किया जाता और इसका प्रदूषण मिट्टी और जल स्रोतों तक फैलता है। कुछ नगरों में कई कॉलोनियों में सीवेज का पानी खुले में बहाया जाता है। इससे जल स्रोतों का प्रदूषण होता है और जल जनित बीमारियों का खतरा बढ़ता है। खुले में सीवेज के निस्तारण से दुर्गंध और अस्वच्छ वातावरण भी उत्पन्न होता है, जिससे नागरिकों को स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है।कई नगरों में नागरिक अक्सर सड़कों, सार्वजनिक स्थानों, पार्कों और धार्मिक स्थलों पर कचरा फेंक देते हैं। यह शहर की स्वच्छता को प्रभावित करता है और प्राकृतिक संसाधनों को नुकसान पहुंचाता है। खासकर धार्मिक आयोजनों और प्रसाद वितरण के बाद खुले में कचरा फैलाने की आदत अधिक देखी जाती है। इससे न केवल गंदगी फैलती है, बल्कि यह धार्मिक स्थलों की पवित्रता और स्थानीय पारिस्थितिकी को भी प्रभावित करता है।कई नगरों में वायु प्रदूषण की समस्या तेजी से बढ़ रही है। एयर क्वालिटी इंडेक्स कई बार 200 से 300 के बीच रहता है, जो ₹अस्वस्थ₹ श्रेणी में आता है। इसके कारणों में प्रमुख हैं औद्योगिक प्रदूषण - विभिन्न उद्योगों से निकलने वाले वेस्ट पदार्थों का उचित निपटान नहीं होने के चलते विभिन्न उद्योग नगरों में प्रदूषण फैलाते हैं। वाहनों से प्रदूषण - बढ़ते वाहनों की संख्या और पुराने वाहनों से निकलने वाले धुएं के कारण प्रदूषण में वृद्धि हो रही है। धूल - सड़क निर्माण और निर्माण कार्यों से निकलने वाली धूल भी वायु प्रदूषण को बढ़ाती है, जो सांस के रोगों को जन्म देती है। भारत में विभिन्न नगरों में स्वच्छता की समस्याओं के हल में नागरिकों की भूमिका अत्यधिक महत्वपूर्ण बन गई है। नागरिकों द्वारा खुले में कचरा फेंकने, जानवरों को खुले में खाना देने और धार्मिक आयोजनों में प्रदूषण फैलाने जैसी आदतें स्वच्छता की स्थिति को और अधिक खराब करती हैं। जैसे सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकना - लोग अक्सर सड़कों, पार्कों और धार्मिक स्थलों पर कचरा छोड़ देते हैं। जानवरों को खाना देना- नागरिकों द्वारा सड़क पर गायों और कुत्तों को खाना देना एक सामान्य प्रथा है, लेकिन इसके बाद कचरे का सही निपटान नहीं किया जाता। पन्नियां भी यदा-कदा फेंक दी जाती हैं। धार्मिक आयोजनों में प्रदूषण - धार्मिक स्थानों पर पूजा सामग्री और प्रसाद के पैकेट खुले में फेंके जाते हैं, जिससे स्वच्छता की स्थिति बिगड़ती है।इसमें भंडारे वाले स्थान प्रमुखता से हैं। हालांकि भारत सरकार द्वारा स्वच्छता के लिए पूरे देश में ही अभियान चलाया गया, इस में विभिन्न सरकारी विभागों के अतिरिक्त समाज को भी अपनी भूमिका का निर्वहन जिम्मेदारी से करना होगा। यदि समाज और सरकार इस क्षेत्र में मिलकर कार्य करते हैं तो सफलता निश्चित ही मिलने जा रही है। केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छ भारत अभियान के तहत विभिन्न नगरों में कई प्रयास किए गए हैं।


# कोई बताए तो सही कि क्या कमी है 'एक देश एक चुनाव' में


डॉ. आर.के. सिन्हा

एक देश एक चुनाव के सपने को साकार करने की तरफ देश बढ़ रहा है। बेशक,लगातार चुनाव देश की प्रगति में बाधा बन रहे हैं। भारत में 'एक देश-एक चुनाव' का विचार एक ऐसा विषय है जिस पर अलग-अलग लोगों की अलग-अलग राय है। कुछ लोगों का मानना है कि इससे देश को कई फायदे होंगे, वहीं कुछ लोग इसके कुछ नुकसान भी बताते हैं। पर ये सच है कि बार-बार चुनाव कराने में काफी पैसा खर्च होता है। एक साथ चुनाव कराने से इस खर्च को काफी हाद थे कम किया जा सके । चुनावों में सरकारी कर्मचारियों और सुरक्षा बलों की भारी संख्या में तैनाती करनी पड़ती है। जाहिर है, बार-बार चुनाव होने से कामकाज में बाधा तो आती ही है साथ ही संसाधनों का भारी दुरुपयोग भी होता है। एक साथ चुनाव कराने से इस समस्या को दूर काफी हद तक कम किया जा सकता है। पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति की सिफारिशों के बाद सरकार एक देश- एक चुनाव की तरफ तेजी से बढ़ रही है। इससे लोकसभा, विधानसभा, नगर निकाय और पंचायत चुनाव सभी एक साथ होंगे। यह सब 100 दिनों के अंदर ही संपन्न होगा। सरकार का मानना है कि इससे देश की जीडीपी में 1-1.5 प्रतिशत की वृद्धि होगी। केंद्र सरकार इस मुद्दे पर आम सहमति बनाना चाहती है। यह मामला किसी एक दल का नहीं, बल्कि पूरे देश के हित में है। यह सबको पता है कि देश में बार-बार चुनाव होने से जनता और सरकारी अधिकारियों का समय और संसाधन बर्बाद होता है। एक साथ चुनाव कराने से यह सब नहीं होगा। एक साथ चुनाव होने से राजनीतिक स्थिरता में सुधार आएगा, क्योंकि सरकार को बार-बार चुनावों की चिंता नहीं करनी पड़ेगी। इसके साथ ही एक साथ चुनाव होने से प्रशासन पर दबाव कम होगा और वे अपने काम पर अधिक ध्यान केंद्रित कर पाएंगे। तो आप कह सकते हैं कि 'एक देश, एक चुनाव' से कई मसलों का हल हो जाएगा। चुनावों की अवधि कम हो जाने से, शासन और विकास कार्यक्रमों पर ध्यान केंद्रित किया जा सकेगा। एक देश, एक चुनाव भाजपा और नरेंद्र मोदी का पुराना एजेंडा है। प्रधानमंत्री बनने के बाद से ही मोदी जी इसकी वकालत करते रहे हैं। अपने दूसरे कार्यकाल में 2 सितंबर 2023 को कोविंद कमिटी बना कर उन्होंने पहला कदम बढ़ाया था। निश्चित रूप से बार-बार चुनाव होने से सरकारें नई नीतियों और योजनाओं को लागू करने में झिझकती हैं। एक साथ चुनाव होने से सरकारों को स्थिरता मिलती है और वे बेहतर ढंग से काम कर पाती हैं। एक बात और कि बार-बार चुनाव होने से राजनीतिक दल विकास के मुद्दों से भटक जाते हैं और चुनाव जीतने पर ही ध्यान केंद्रित करते हैं। एक साथ चुनाव होने से राजनीतिक दलों को विकास पर ध्यान केंद्रित करने का अधिक अवसर मिलता है। 'एक देश-एक चुनाव' के विपक्ष में तर्क में कुछ पिलपिले तर्क आ रहे हैं। जैसे कि राष्ट्रीय चुनावों के साथ-साथ राज्यों के चुनाव होने से क्षेत्रीय दलों को राष्ट्रीय दलों के साथ प्रतिस्पर्धा करने में कठिनाई हो सकती है। कुछ लोगों का मानना है कि एक साथ चुनाव कराने से लोकतंत्र कमजोर हो सकता है क्योंकि इससे राष्ट्रीय स्तर पर एक ही राजनीतिक दल का दबदबा हो सकता है। यह सब तर्क कमजोर हैं। दुनिया के कई देशों में अलग-अलग चुनाव व्यवस्थाएं हैं। कुछ देशों में एक साथ चुनाव होते हैं, जबकि कुछ देशों में अलग-अलग समय पर चुनाव होते हैं।

स्वीडन, बेल्जियम और दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों में राष्ट्रीय और स्थानीय चुनाव एक साथ कराए जाते हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में राष्ट्रीय और स्थानीय चुनाव अलग-अलग समय पर होते हैं। बहरहाल, एक देश-एक चुनाव से देश के आम जनमानस में राष्ट्र की अवधारणा सशक्त होगी। भारत में साल 1967 तक लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए चुनाव एक साथ ही होते थे। साल 1947 में आजादी के बाद भारत में नए संविधान के तहत देश में पहला आम चुनाव साल 1952 में हुआ था। उस समय राज्य विधानसभाओं के लिए भी चुनाव साथ ही कराए गए थे, क्योंकि आजादी के बाद विधानसभा के लिए भी पहली बार चुनाव हो रहे थे। उसके बाद साल 1957, 1962 और 1967 में भी लोकसभा और विधानसभा के चुनाव साथ ही हुए थे। यह सिलसिला पहली बार उस वक़्त टूटा था जब केरल में साल 1957 के चुनाव में ईएमएस नंबूदरीबाद की वामपंथी सरकार बनी। साल 1967 के बाद कुछ राज्यों की विधानसभा जल्दी भंग हो गई और वहां राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया, इसके अलावा साल 1972 में होनेवाले लोकसभा चुनाव भी समय से पहले कराए गए थे। साल 1967 के चुनावों में कांग्रेस को कई राज्यों में विधानसभा चुनावों में हार का सामना करना पड़ा था। बिहार, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, पश्चिम बंगाल और ओडिशा जैसे कई राज्यों में विरोधी दलों या गठबंधन की सरकार बनी थी। इनमें से कई सरकारें अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाईं और विधानसभा समय से पहले भंग हो गई थी। यह भी माना जा रहा है कि एक साथ चुनाव होने से मतदाता भागीदारी में वृद्धि हो सकती है क्योंकि लोगों को बार-बार मतदान करने की आवश्यकता नहीं होगी। कुल मिलाकर बात यह है कि 'एक देश एक चुनाव' को दलगत आधार पर नहीं देखा जाना चाहिए। इस पर हर स्तर पर खुल कर ईमानदारी से चर्चा होनी चाहिए। उसके बाद ही किसी अंतिम निर्णय पर पहुंचा जाना चाहिए। अगर इसे भाजपा या मोदी जी के किसी एंजेडे के रूप में देखा गया तो यह सही नहीं होगा। अभी तक जो विपक्षी नेता 'एक देश एक चुनाव' के विचार का विरोध कर रहे हैं, उन्हें अपने दिल पर हाथ रखकर पूछना चाहिए कि क्या उन्हें बार-बार चुनावी रणभूमि में उतरना पसंद है?

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**



## आपकी बात

# सड़कों के नीचे 'अमूल्य खजाना'


कुमार संजय

झारखंड की सड़कों पर पिछले कुछ सालों से एक अजीबोगरीब तमाशा चल रहा है। सुबह उठो तो गली-मोहल्ले में किसी न किसी सड़क को खोदने का उत्सव चल रहा होता है। यह देखकर पहली बार तो लगा कि शायद विकास का ऐसा भूत चढ़ा है कि अब हर कोने-कोने को चमका देंगे। पर ये भूत कुछ ज्यादा ही मेहनती निकला। एक सड़क बनती है, फिर टूटती है, फिर बनती है, और फिर से टूटती है। जो नहीं टूटती, उसे जबरदस्ती तोड़ा जाता है। आखिर क्या वजह है कि सरकारी अफसर, जो फाइल पर दस्तखत करने में भी आलस्य का रिकॉर्ड तोड़ देते हैं, सड़कों को खोदने में इतने सक्रिय हो गए हैं? इस गुत्थी को सुलझाने के लिए हमने 'गहराई' में जाने की ठानी। और भाई मेरे , जो बात सामने आई, वह तो रोंगटे खड़े कर देने वाली थी! असल में झारखंड की सड़कों के नीचे 'अमूल्य खजाना' छुपा हुआ है। नहीं, यह कोई मजाक नहीं है। पुरातत्व विभाग के लोग तो यह बात मानने को तैयार नहीं हैं, लेकिन सड़कों की खुदाई के इस जुनून ने सबकुछ साफ कर दिया है। सरकारी बाबू और ठेकेदारों की इस 'खुदाई मुहिम' का मकसद है उस खजाने को खोज निकालना। हो सकता है कि वहां हीरे - जवाहरात की सुरंगें हों, या शायद नायाब हीरा छुपा हो। भाई कुछ भी हो, कुछ तो गंभीर राज यहां दफन है, वरना जिस तरह डॉक्टर ऑपरेशन करने के बाद अपनी खोई हुई कैंची, नाइफ के लिए मरीज का दुबारा ऑपरेशन करने लगता है, ये लोग एक ही सड़क को साल में चार बार नहीं खोदते! अब आप पूछेंगे कि खजाना मिल क्यों नहीं रहा? दिक्कत ये है कि अफसर लोगों को खजाना पाने की इतनी जल्दी हैं कि वे सही ढंग से खुदाई ही नहीं करते। एक ही समय में 10 जगहों पर सड़क खोदते हैं, तो खजाना कहां से मिलेगा। जब खजाना हाथ नहीं लगता, तो दोबारा खोदने लगते हैं। यह सिलसिला तब तक चलता है जब तक जनता त्राहि-त्राहि न कर उठे। उन्हें चाहिए कि एक ही स्थान पर तब तक गड्ढा करें जबतक उन्हें पाताल लोक नजर न आ जाए। इस 'खजाना खोजो अभियान' में सड़कें बर्बाद हो रही हैं, जनता परेशान है, और अफसर-ठेकेदार मालामाल हो रहे हैं। जनता को चाहिए कि वो इस 'खुदाई महायज्ञ' का हिस्सा बने। वह उन मंत्रियों, अफसरों की सड़कों की ऐसी खुदाई करे, ऐसी खुदाई करे कि उनके पिच्छू से धुआं निकलने लगे। उन्हें खुदा याद आ जाएं। उन्हें समझ में आए कि आम आदमी कितनी नरकीय स्थिति में जी रहा है!

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## आज की बात

# महाकुंभ का आध्यात्मिक, वैज्ञानिक व आर्थिक महत्व


पंकज जगन्नाथ जयस्वाल

आधुनिकता की उन्मत्त गति की विशेषता वाली दुनिया में, कुछ ही आयोजन ऐसे होते हैं जो लाखों लोगों को अपने से बड़े उद्देश्य की खोज में एकजुट करने की क्षमतारखते हैं। महाकुंभ मेला, 12 वर्षों की अवधि में चार बार होने वाला एक श्रद्धेय मेला, इस उद्देश का उदाहरण है।कुंभ मेला, दुनिया भर में सबसे बड़ा शांतिपूर्ण सम्मेलन है, जिसमें लाखों तीर्थयात्री आते हैं जो अपने पापों को शुद्ध करने और आध्यात्मिक मुक्ति प्राप्त करने के लिए पवित्र नदियों में डुबकी लगाते हैं। तीर्थयात्री 13 जनवरी से 26 फरवरी तक प्रयागराज की अपनी यात्रा की तैयारी करते हैं, वे आध्यात्मिक अनुष्ठानों की एक श्रृंखला में भाग लेंगे और एक ऐसी यात्रा पर निकलेंगे जो भौतिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक सीमाओं को पार करती है। हर हिंदू उत्सव और अनुष्ठान के पीछे शास्त्रीय आधार होता है। उन्हें जोश और उत्साह के साथ-साथ एक ठोस वैज्ञानिक, ऐतिहासिक और दार्शनिक आधार के साथ सम्मानित किया जाता है ये सभी विशेषताएँ मिलकर किसी त्योहार को मनाने या अनुष्ठान करने का कारण प्रदान करती है। इन अनुष्ठानों का उद्देश्य किसी व्यक्ति को आध्यात्मिक मार्ग पर ले जाना है जहाँ वे पूर्ण मनोवैज्ञानिक संतुलन, नवीनीकरण और विश्राम प्राप्त कर सकें। महाकुंभ मेले के कुछ वैज्ञानिक तत्व इस प्रकार हैं: महाकुंभ मेला एक ऐसा उत्सव है जिसमें विज्ञान, ज्योतिष और आध्यात्मिकता का समावेश होता है। महाकुंभ की तिथियों की गणना वैज्ञानिक तकनीकों का उपयोग करके की जाती है, जिनमें से अधिकांश ग्रहों की स्थिति का उपयोग करते हैं। जब बृहस्पति ग्रह ज्योतिषीय राशि वृषभ में प्रवेश करता है, तो यह सूर्य और चंद्र के मकर राशि में प्रवेश के साथ मेल खाता है। ये परिवर्तन जल और वायु को प्रभावित करते हैं, जिसके परिणामस्वरूप प्रयागराज के पवित्र शहर में पूरी तरह से सकारात्मक वातावरण बनता है। बस उस पवित्र स्थल पर होना और गंगा में पवित्र डुबकी लगाना आध्यात्मिक रूप से आत्मा को प्रबुद्ध कर सकता है, जिससे शारीरिक और मानसिक तनाव कम हो सकता है। ज्योतिषः यह उत्सव तब होता है जब सूर्य, चंद्रमा और बृहस्पति कुछ निश्चित स्थितियों में होते हैं। यह आयोजन नदी संगम पर होता है जहाँ सौर चक्र में विशिष्ट अवधियों में अद्वितीय शक्तियाँ कार्य करती हैं। जलः माना जाता है कि यह आयोजन जलमार्गों के ऊर्जा मंथन से जुड़कर शरीर (72% जल) को लाभ पहुँचाता है। महाकुंभ मेला पूरे भारत से लोगों का एक विशाल जमावड़ा है जो पवित्र गंगा नदी में स्नान करने के लिए आते हैं। यह आयोजन ज्ञानसे भरा हुआ है और इसमें कई अनुष्ठान और सांस्कृतिक गतिविधियाँ शामिल हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**



## बोधि वृक्ष

यदि आप मित्रता देते हैं, तो आप इसे ठीक से निभाएँ भी। भीतर से विरोध-भाव रखते हुए, आपको बाहर से दयालुता या सहयोगिता का प्रदर्शन नहीं करना चाहिए। आध्यात्मिक नियम बहुत शक्तिशाली है।

# अशर्त प्रेम : मानव संबंधों में सुधार लाना



श्री श्री परमहंस योगानंद

ईश्वर में स्थापित सच्ची मित्रता ही एकमात्र चिरस्थायी सम्बन्ध है। यदि आप मित्रता देते हैं, तो आप इसे ठीक से निभाएँ भी। भीतर से विरोध-भाव रखते हुए, आपको बाहर से दयालुता या सहयोगिता का प्रदर्शन नहीं करना चाहिए। आध्यात्मिक नियम बहुत शक्तिशाली है। आध्यात्मिक सिद्धान्तों के विरुद्ध न चलें। कभी भी धोखा न दें या विश्वासघाती न बनें। मित्र होने के नाते यह जान लें कि कब आपको अपने काम से काम रखना है; अपनी स्थिति को समझें; यह जान लें कि आपको कब सहयोग करने का इच्छुक होना चाहिए और कब आपको सहयोग न करने की इच्छा करनी चाहिए। ऐसा सत्य बोलना गलत है, जिसके बोलने से दूसरे व्यक्ति के साथ अनावश्यक रूप से विश्वासघात हो, और वह भी किसी अच्छे प्रयोजन से नहीं। मान लो कि एक व्यक्ति शराब पीता है, परन्तु वह शेष पूरे संसार से इसे छिपाने का प्रयत्न करता है। आप उसकी इस कमजोरी को जानते हैं और सच्चाई के नाम पर आप इस बात को अपने मित्रों में घोषित कर देते हैं, आप जानते हैं कि अमुक व्यक्ति शराब पीता है, क्या आप नहीं जानते? ऐसी टिप्पणी करना व्यर्थ है; किसी भी व्यक्ति को दूसरों के कार्यों से सरोकार नहीं रखना चाहिए। दूसरों की व्यक्तिगत त्रुटियों के प्रति सुरक्षात्मक रवैया रखें, जब तक कि वे किसी अन्य को हानि नहीं पहुँचाती। यदि आपके पास अवसर हो या उसकी सहायता करने का उत्तरदायित्व हो, तो दोषी व्यक्ति से उसकी त्रुटियों के बारे में अकेले में बात करें; परन्तु किसी की सहायता करने के बहाने से उसे जानबूझ कर कष्ट पहुँचाने के लिए कभी भी मत बोलें। आप केवल उसे अपना शत्रु बनाने में ही 'सहायता' करेंगे। **(क्रमशः)**

## फेसबुक वॉल से




## X से




## आज का दोहा

**सुना कि खुशियाँ घूमतीं, गांव, शहर नायाब।**
**खुशियों के संदर्भ हैं, खुशी कहाँ हैं, सा'ब।।**
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/ व्हाट्सएप 82925 53444। –संपादक

## पड़ोस की बात

# खुद के बुने जाल पर उलझा बांग्लादेश जा पहुंचा विध्वंस के चिकन नेक पर


केदारनाथ दास बसिया।


विगत कई महीनों से हमारा पड़ोसी देश बांग्लादेश सुर्खियों में बना हुआ है। तख्ता पलट, अराजकता और अल्पसंख्यक हिन्दुओं के खिलाफ हिंसा की खबरों के बाद आर्थिक बदहाली की ओर अग्रसर यह देश विखंडित होने की कगार पर खड़ा होते हुए पुनः एक नई मुसीबत को लेकर चर्चा में है। उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश का एक जिला है कॉक्स बाजार। इन दिनों इस इलाके पर म्यांमार के सबसे शक्तिशाली विद्रोही गुट माने जाने वाले अराकान आर्मी ने अपनी गतिविधियां काफी बढ़ा रखी है। ऐसे में बांग्लादेश बॉर्डर से लगे म्यांमार के रखाइन प्रांत को अब बांग्लादेश के लिए एक बड़ी चुनौती के तौर पर देखा जा रहा है। बांग्लादेश के इस कॉक्स बाजार के दक्षिणी भाग पर बहने वाली नाफ नदी को म्यांमार के रखाइन प्रांत से विभाजन का आधार माना जाता है। भौगोलिक दृष्टि से यह प्रायद्वीप एक ऐसा इलाका है जो अपनी महज कुछ किलोमीटर चौडाई के साथ सैन्य दृष्टिकोण से बहुत महत्वपूर्ण है। म्यांमार की अराकान आर्मी शुरू से इस इलाके पर दावा करती रही है जबकि इस दावे के विपरीत बांग्लादेश का यह इलाका रोहिंग्या लोगों के तम्बू बम्बू से भरा पड़ा है और अराकान आर्मी को यह तनिक भी स्वीकार्य नहीं है। दूसरी ओर, कॉक्स बाजार और बांग्लादेश की आर्थिक राजधानी चटगाँव को लेकर भी कुछ ऐसे ही हालात बन रहे हैं जबकि भारत के पूर्वोत्तर राज्य त्रिपुरा के साथ लगा एक 'चिकन नेक' यहाँ भी है। महज बाईस किलोमीटर चौड़े इस ₹चिकन नेक₹ के कटते ही बांग्लादेश का बीस प्रतिशत भूभाग शेष इलाके से अलग हो सकता है। इस चिकन नेक के हवाले से अब यह खबर निकलकर सामने आ रही है कि म्यांमार की अराकान आर्मी कॉक्स बाजार की दक्षिणी सीमा में घुस गई है और नाफ नदी के टापू वाले कई गाँवों को उसने अपने कब्जे में ले लिया है। निसंदेह भारत के लिए भी यह सबकुछ परेशानी का सबब बनकर सामने है क्योंकि विद्रोही गुट अराकान के इस कदम से म्यांमार के रखाईन प्रांत में भारत के द्वारा निर्मित उस सितवे पोर्ट की सुरक्षा पर सवाल उठ रहे हैं जो भारत के पूर्वोत्तर राज्यों को बंगाल की खाड़ी और म्यांमार के रास्ते बाकी देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने वाली कालादान मल्टी-मॉडल ट्रांजिट प्रोजेक्ट का एक अहम हिस्सा है। जाहिर सी बात है कि इस हालात में भारत अपने हाथ पर हाथ धरकर बैठा नहीं रह सकता। बहरहाल भारत ने अपने हितों की रक्षा के लिए अराकान से कूटनैतिक संबंध बढ़ाने शुरू कर दिए हैं। इतना ही नहीं, अपनी स्थिति स्पष्ट करने के लिए भारत ने अपने त्रिपुरा बॉर्डर पर सैन्य गतिविधियों को बढ़ा दिया है। भारत के इस कदम से बांग्लादेश सकते में है क्योंकि भारतीय तोपखाने के सक्रिय होते ही बांग्लादेश के तथाकथित ₹चिकन नेक₹ को महज कुछ ही मिनटों में तहस नहस किया जा सकता है। बांग्लादेश के लिहाज से यह एक असहज स्थिति है और इस एक कारण से वह अपनी सेना को अराकान आर्मी के विरुद्ध आगे बढ़ाने में सर्वथा असहाय पा रहा है। ऐसे में 'विनाश काले विपरीत बुद्धि' की तर्ज पर बांग्लादेश अब भारत के विरुद्ध बचकानी हरकत पर उतर आया है। याद कीजिए, गत सोलह दिसंबर को विजय दिवस के अवसर पर 1971 के युद्ध में भारतीय सैनिकों के अद्वितीय साहस और बलिदान को श्रद्धांजलि देते हुए भारतीय प्रधानमंत्री का एक बयान सामने आया तो किस तरह से बांग्लादेश के नेताओं ने इस बयान पर बेहद आपत्तिजनक प्रतिक्रिया देने का काम किया। लगातार भारत विरोधी कदम उठाने वाले मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के सहयोगियों ने श्री मोदी के इस बयान को बांग्लादेश की स्वतंत्रता और क्षेत्रीय अखंडता के लिए खतरा तक करार दे दिया। यह सबकुछ अनायास किया कोई बयान नहीं था क्योंकि वर्ष 1971 से लगातार अपने सैनिकों की गौरव गाथा का स्मरण करते हुए विजय दिवस के अवसर पर भारत ऐसा बयान देता आया है। यहाँ समझने वाली बात यह है कि बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के चार पांच दशकों बाद आखिर ऐसी क्या परिस्थिति आ गई कि भारत अपनी शौर्य गाथा पर बयान जारी करे और बांग्लादेश अपनी स्वतंत्रता व क्षेत्रीय अखंडता पर सवाल उठने लगे? वस्तुतः इसके पीछे दूसरी ही कहानी छिपी हुई है। पूरी दुनिया जानती है कि अराकान आर्मी जहाँ कहीं पैर रखती है वहाँ अपने पीछे दुश्मन के लिए कुछ भी बचाकर नहीं छोड़ती। बांग्लादेश को भी यह बखूबी पता है कि संपूर्ण तबाही का इनका मंगोलियन फौज वाला तरीका अचूक है। ऐसे में बांग्लादेश सबकुछ जान समझ रहा है कि आने वाले कुछ महीनों के दौरान यदि अराकान आर्मी पूरे कॉक्स बाजार को धुंआ धुंआ कर दे तो इसमें आश्चर्य वाली कोई बात नहीं होगी। इतना ही नहीं, इस बार अपने हितों की रक्षा के आलोक में भारतीय सेना न अराकान को नाराज करना चाहेगी और न वर्ष 1971 जैसा कोई कदम उठाएगी। वर्तमान हालत के आलोक में अब यह लगभग स्पष्ट हो चला है कि क्षेत्रीय अखंडता और बांग्लादेश की स्वतंत्रता का मुद्दा उठाकर उसके हुक्मरान भारत की आड़ में कहीं न कहीं अपनी पीठ बचाने की जुगत में लग गए हैं। तो नजर रखें और इस बात के मजे लें कि तथाकथित 'नेक' के कटते ही 'चिकन' के शोरबे का मजा लेने को आतुर नोबेल पुरस्कार विजेता, अल्पसंख्यक विरोधी व कट्टरपंथी टूलकिट के प्यादे मोहम्मद युनूस मियां साहब आखिर कब तक खैर मनाएंगे और इनकी करनी से बांग्लादेश को क्या कुछ झेलना नहीं पड़ेगा? **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# मेले के चप्पे-चप्पे पर रखी जाएगी नजर

## बॉलीवुड के पवन पांडे ने तैयार किया महाकुंभ का पावर सेंटर

**एजेंसी। महाकुंभनगर (आईएएनएस)**




महाकुंभ में इस बार सुंदरता और सुरक्षा का अद्भुत संगम होने जा रहा है। यहां देश-विदेश के श्रद्धालु नव्यता के साथ भव्यता का भी आनंद लेने के लिए पहुंचने ही वाले हैं। इस पूरे मेले को संचालित करने वाला पावर सेंटर यानी नया कंट्रोल रूम भी बनकर तैयार है, जहां शीर्ष अधिकारी बैठकर रणनीति बनाएंगे। कंट्रोल रूम से ही मेले के चप्पे-चप्पे पर नजर रखी जाएगी। महाकुंभ नगर में इस कंट्रोल रूम को बनाने में बॉलीवुड के प्रसिद्ध आर्ट डायरेक्टर और वास्तुकार पवन पांडे की मदद ली गई है। सीएम योगी के निर्देश पर विश्व के इस सबसे बड़े मेले को सजाने-संवारने का काम युद्ध स्तर पर चल रहा है। महाकुंभ नगर में बना कंट्रोल रूम मेले से पहले चल रही तैयारियों के साथ-साथ मेले के दौरान सभी व्यवस्थाओं की मॉनीटरिंग करेगा। यहां कांफ्रेंस हॉल में मेले को संचालित करने के लिए मीटिंग्स की जाएगी। मीडिया के स्पेशल ब्लॉक भी बनाए जा रहे हैं, जो संपूर्ण मेले की जानकारी मीडिया के माध्यम से आमजन तक पहुंचाएंगे। महाकुंभ नगर के अपर मेला अधिकारी विवेक चतुर्वेदी के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाकुंभ को लेकर बहुत उत्साहित हैं। उनकी मंशा है कि दुनिया के सामने महाकुंभ के माध्यम से ऐसा उदाहरण पेश किया जाए, जिससे लोग जानें कि आखिर उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश क्यों कहा जाता है। महाकुंभ की सुंदरता को संवारने के लिए देश के कोने-कोने से प्रसिद्ध कलाकारों की बड़ी महत्वपूर्ण टीम महाकुंभ नगर की दीवारों में नवजीवन के रंग उकेरते देखी जा सकती है।

अपर मेलाधिकारी विवेक चतुर्वेदी ने बताया कि कंट्रोल रूम में श्रद्धालुओं को लेकर होने वाले जरूरी इंतजाम के लिए वीआईपी मीटिंग होंगी। साथ में कांफ्रेंस हॉल और करोड़ों लोगों तक सही समय पर उचित जानकारी पहुंचाने के लिए मीडिया के ब्लॉक भी बनाए जा रहे हैं। इसी क्रम में मुंबई में कई फिल्मों और रियलिटी शो के अनुभवी आर्ट डायरेक्टर पवन पांडे ने महाकुंभ का पावर सेंटर समय सीमा से पहले तैयार कर दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप कंट्रोल रूम को अंतिम रूप दिया गया है। यह सुरक्षा के लिहाज से बेहद मुफीद है। इसे प्रयाग के प्रमुख मंदिरों और धर्मस्थलों की कलाकृतियों से सजाया गया है। यहां एक साथ 100 से अधिक अफसरों की टीम काम करेगी। साथ ही, महाकुंभ के दौरान हर गतिविधि की मॉनीटरिंग भी यहीं से की जाएगी। मेले के शीर्ष अधिकारी इसी कंट्रोल रूम से चप्पे-चप्पे पर नजर रखेंगे और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अपडेट देंगे।

कंट्रोल रूम में अफसरों के अलग-अलग प्रकार के केबिन बनाए जा रहे हैं। इसमें सुरक्षा, प्रशासनिक कार्यों के साथ चिकित्सा, पेयजल संबंधित सभी आवश्यक कार्यों की निगरानी की जाएगी। देश-विदेश से महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कोई असुविधा नहीं होने पाए, इसके लिए बाकायदा रणनीति बनाने का काम भी इसी कंट्रोल रूम से किया जाएगा। विभागीय समन्वय के लिए यहीं पर कांफ्रेंस हॉल रहेंगे और जन सुविधाओं से संबंधित जानकारी के लिए मीडिया ब्लॉक भी अलग से बनाए जा रहे हैं। सुविधा के लिहाज से इस सेंटर को एल शेप का आकार दिया जा रहा है, जिसमें अफसर से लेकर उनके स्टाफ तक के लिए हाईटेक सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी।

# दिल्ली में 60 वर्ष के बुजुर्गों का होगा मुफ्त इलाज : अरविंद

**एजेंसी। नई दिल्ली**


● 'संजीवनी' योजना के तहत दिल्ली के किसी भी अस्पताल में इलाज होगा

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में एक और योजना का ऐलान करते हुए दिल्ली के बुजुर्गों को 'संजीवनी' दी है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि 'संजीवनी' योजना के तहत दिल्ली के 60 साल उम्र से अधिक के सभी बुजुर्गों का दिल्ली के किसी भी अस्पताल में मुफ्त इलाज किया जाएगा। अरविंद केजरीवाल ने एक जनसभा में यह घोषणा की, जिसमें बड़ी संख्या में दिल्ली के अलग-अलग इलाकों से आए बुजुर्ग मौजूद थे। केजरीवाल ने कहा, दिल्ली के हमारे सभी बुजुर्गों के लिए खुशखबरी है। दिल्ली में 60 साल से ज्यादा उम्र के सभी नागरिकों का इलाज मुफ्त होगा। ये केजरीवाल की गारंटी है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि बुजुर्गों ने ही परिवार को अच्छी शिक्षा दीक्षा देकर इस काबिल बनाया है कि वह आज वह अपना काम कर रहे हैं। लेकिन, कई बार ऐसा देखने को मिलता है कि अस्पतालों में इलाज के अभाव की वजह से बुजुर्गों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कई बार लोग बुजुर्गों का इलाज करवाने में कतराते भी हैं, क्योंकि काफी पैसा उसमें खर्च होता है।

## अमित शाह के बयान पर विपक्ष ने किया हंगामा

# संसद में नहीं हो सका कोई कामकाज

**एजेंसी। नई दिल्ली (हि.स.)**


● विपक्ष ने डॉ अंबेडकर का अपमान बताया, गृहमंत्री से इस्तीफा मांगा
● सत्ता पक्ष ने कहा, कांग्रेस झूठ बोलकर सदन व देश को गुमराह कर रही

संसद के दोनों सदनों में बुधवार को गृहमंत्री अमित शाह के बयान पर कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के नेताओं के हंगामा के चलते कोई कामकाज नहीं हो सका। दोनों सदनों में विपक्ष लगातार गृहमंत्री के बयान को डॉ अंबेडकर का अपमान बताता रहा और गृहमंत्री से इस्तीफा और माफी की मांग करता रहा। दूसरी ओर, सत्ता पक्ष की ओर से आरोप लगाया गया कि कांग्रेस झूठ बोलकर सदन और देश को गुमराह करने की कोशिश कर रही है।

**संसद के दोनों सदनों:** लोकसभा और राज्यसभा में डॉ अंबेडकर के मुद्दे पर विपक्षी सदस्यों के लगातार हंगामे के चलते कार्यवाही पहले दिन में 02:00 बजे तक और बाद में दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। लोकसभा की पूर्वाह्न 11:00 बजे कार्यवाही शुरू होने पर विपक्षी सदस्य सदन के बीचों-बीच आकर गृहमंत्री के इस्तीफे और माफी की मांग करने लगे। इस पर संसदीय कार्य राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कांग्रेस पर डॉ भीमराव अंबेडकर का जीते जी अपमान करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कभी उन्हें भारत रत्न नहीं दिया, कभी उनका सम्मान नहीं किया। दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी डॉ अंबेडकर को बेहद सम्मान देती है। हमारी सरकार के उनकी विरासत को संजोने के प्रयासों के चलते आज देशभर का ध्यान उनके विचारों पर गया है। हमारे लिए वे हमेशा प्रातः वंदनीय और सदैव अनुकरणीय हैं। इसके बाद कार्यवाही 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। लोकसभा की कार्यवाही दोबारा शुरू होने पर विपक्ष का विरोध प्रदर्शन जारी रहा। शोर-शराबे के बीच कुछ मंत्रियों ने कागजात और वक्तव्य सदन में प्रस्तुत किए। हंगामे के चलते कार्यवाही को दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। दूसरी ओर, राज्यसभा में सुबह संसदीय कार्यमंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि कांग्रेस अमित शाह के बयान के एक हिस्से का उपयोग कर देश को गुमराह करने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस ने डॉ अंबेडकर को दो बार हराया है। सभापति जगदीप धनखड़ ने भी मामले में हस्तक्षेप किया। उन्होंने कहा कि डॉ अंबेडकर हम सबके लिए प्रातः वंदनीय, सदैव आदरनीय और अनुकरणीय हैं। हम सभी के लिए वह बहुत आदरणीय हैं, सदैव आदरणीय हैं और यह प्रसन्नता की बात है कि उनके शिक्षण, उपदेश और देश या विदेश में, जहां भी वे गए, उन्होंने जो प्रभाव छोड़ा, उस पर ध्यान दिया जा रहा है। हंगामा जारी रहने पर कार्यवाही को दिन में 02:00 बजे तक स्थगित कर दी गई। कार्यवाही के दोबारा शुरू होने पर संसदीय कार्य मंत्री रिजिजू ने बैंकिंग रेगुलेशन विधेयक और विनियोग विधेयक पर चर्चा कराए जाने का विपक्ष से अनुरोध किया। हालांकि, कांग्रेस सदस्य प्रमोद तिवारी और बाद में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने गृहमंत्री के बयान का मुद्दा उठाया। खरगे ने कहा कि शाह ने डॉ अंबेडकर का मजाक उड़ाया है। वह कहते हैं कि अंबेडकर की जगह भगवान का नाम लेते, तो सात जन्मों तक स्वर्ग जाते। खरगे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी दलित विरोधी सरकार है। इस पर जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि खरगे सदन को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जीते जी आंबेडकर का तिरस्कार किया। उन्हें हराने का काम किया। उनकी कोई बात नहीं सुनी और न ही कोई बात मानी। दूसरी ओर, सभापति जगदीप धनखड़ ने भी कहा कि बाबा साहब हम सबके लिए पिता समान है। उन्होंने स्वयं दो बार गृहमंत्री का वक्तव्य देखा है। किरण ने रिजिजू ने कहा कि कांग्रेस अंबेडकर का फोटो लेकर ढोंग कर रही है। भाजपा के लिए अंबेडकर आराध्य हैं और पूजनीय हैं।

### पीएलआई योजना ने 1.46 लाख करोड़ का किया निवेश 9.5 लाख नौकरियां हुईं पैदा

**नई दिल्ली।** वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल द्वारा लोकसभा में दी गई जानकारी के अनुसार, केंद्र की उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में 1.46 लाख करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित करने में सफल रही और इसी के साथ 9.5 लाख से अधिक नौकरियां पैदा हुईं। निचले सदन में एक लिखित जवाब में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अब तक 14 सेक्टर में पीएलआई योजनाओं के तहत 764 आवेदनों को मंजूरी दी गई है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, अगस्त 2024 तक 14 सेक्टर में 1.46 लाख करोड़ रुपये का निवेश प्राप्त हुआ है, जिसके परिणामस्वरूप 12.50 लाख करोड़ रुपये से अधिक का इंक्रीमेंटल प्रोडक्शन /सेल्स, 9.5 लाख से अधिक रोजगार सृजन और 4 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निर्यात हुआ है।

# योगी सरकार आज से मनाएगी अटल शताब्दी

**एजेंसी। लखनऊ**

## 25 दिसंबर तक चलेगा कार्यक्रम



योगी सरकार पूर्व प्रधानमंत्री 'भारत रत्न' अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म शताब्दी समारोह मनाएगी। इस उपलक्ष्य में 19 से 25 दिसंबर तक धूमधाम से अनेक आयोजन किए जाएंगे। संस्कृति विभाग व उच्च शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में होने वाले शताब्दी समारोह का शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को संत गाडगे जी महाराज प्रेक्षागृह, संगीत नाटक अकादमी में करेंगे। समारोह में प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, काव्य पाठ समेत अनेक आयोजन भी होंगे। इन आयोजनों के विजेताओं को 25 दिसंबर को सम्मानित भी किया जाएगा। शताब्दी समारोह में उप्र. राजकीय अभिलेखागार व राज्य ललित कला अकादमी की तरफ से प्रदर्शनी लगाई जाएंगी। कला अकादमी की निदेशक डॉ श्रद्धा शुक्ला ने बताया कि प्रदर्शनी में अटल बिहारी के जीवन के विभिन्न पहलुओं (आदर्श कवि, आलोचक, कुशल प्रशासक, आदर्श राजनेता, दृढ़ प्रधानमंत्री) को दर्शाया जाएगा। इसका उद्देश्य वर्तमान व भावी पीढ़ी को अटल बिहारी वाजपेयी के व्यक्तित्व से प्रेरित करना है। इसमें प्रदेश के कई जनपदों के कलाकारों द्वारा लगभग 30-35 से अधिक पेंटिंग लगाई जाएगी। 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के तहत उत्तर प्रदेश का कई राज्यों के साथ एमओयू होगा। मेजबान उत्तर प्रदेश के साथ मणिपुर, बिहार व छत्तीसगढ़ का एमओयू होगा। इन राज्यों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान होगा।

### भारत में मोबाइल इस्तेमाल करने वालों की संख्या 115.12 करोड़ : केंद्र


**नई दिल्ली।** बुधवार को संसद में दी गई जानकारी के अनुसार, देश में मोबाइल इस्तेमाल करने वाले उपभोक्ताओं की कुल संख्या 31 अक्टूबर तक 115.12 करोड़ हो गई है। संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री डॉ चंद्रशेखर पेम्मासानी ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि देश के 6,44,131 गांवों में से लगभग 6,23,622 गांवों में अब मोबाइल कवरेज है। सरकार और दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) द्वारा चरणबद्ध तरीके से आबादी रहित गांवों में मोबाइल कवरेज प्रदान किया जाता है।

## भाजपा मुद्दों का कर रही है राजनीतिकरण : पप्पू यादव



**पटना।** पूर्णिया से निर्दलीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने भाजपा पर मुद्दों के राजनीतिकरण का आरोप लगाया। उन्होंने अमित शाह पर विभाजनकारी राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह लोग कब्रिस्तान, श्मशान, ईद, बकरीद, जिन्ना और पाकिस्तान जैसे मुद्दों को लेकर राजनीतिक लाभ अर्जित करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने आईएएनएस से बातचीत में कहा, हर चुनाव के वक्त यह मुद्दे फिर से उठाए जाते हैं, ताकि लोगों के बीच नफरत फैलाई जा सके और एक विभाजन हो, ताकि वोट बैंक की राजनीति हो सके। उन्होंने कहा, आप देखिए, जब बीजेपी के नेता हरियाणा जाते हैं तो जाट को, पंजाब जाते हैं तो सिख को, महाराष्ट्र जाते हैं तो मराठी को, यूपी और बिहार जाते हैं तो यादव को, इन सबको यह अपने हिसाब से ढालने की कोशिश करते हैं। हर राज्य में अलग-अलग मुद्दे खड़े किए जाते हैं, ताकि हर जगह धर्म और जाति के नाम पर चुनावी फायदे की राजनीति हो।

## सत्ता में बैठे कुछ लोगों को संविधान के बारे में सोचने का समय नहीं : जगताप



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता भाई जगताप ने भाजपा पर संविधान का मखौल उड़ाने का आरोप लगाया है। उन्होंने बुधवार को कहा कि कुछ लोग जो सत्ता में बैठे रहते हैं, वो सत्ता के नशे में इस कदर चूर हो जाते हैं कि उन्हें संविधान के बारे में भी सोचने का समय नहीं रहता है। आईएएनएस से बातचीत में उन्होंने भाजपा को आड़े हाथों लिया। कहा, जब हम डॉक्टर बाबासाहेब अंबेडकर की बात करते हैं, तो यह मानसिकता साफ तौर पर दिखाई देती है। यह लोग इस संविधान का लगातार मखौल उड़ाते हैं, इसे तोड़-मरोड़ कर पेश करते हैं और चाहते हैं कि इसे बदला जाए। यह मानसिकता इनके अंदर कहीं न कहीं गहरी बैठी हुई है। मैं इसकी कड़ी निंदा करता हूं, क्योंकि यही वह लोग हैं जो कभी अंग्रेजों के साथ थे और जिनका कोई योगदान भारत की स्वतंत्रता में नहीं था। अब सत्ता के बल पर, यही लोग हम सभी को देश के भविष्य के बारे में यह सब दिखा रहे हैं।

## 10 हजार की इनामी महिला अपराधी गिरफ्तार

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)।** पूर्वी चंपारण जिले के शिकारगंज थाने की पुलिस ने सिकरहना डीएसपी अशोक कुमार के नेतृत्व में गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी करते हुए हत्या कांड की वांछित 10 हजार की इनामी महिला अपराधी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार महिला शिकारगंज थाना क्षेत्र के अंबरिया निवासी संतोष कुशवाहा की पत्नी बिंदु देवी बतायी गयी है। इस संदर्भ में शिकारगंज थाना द्वारा अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

## बीपीएससी की 70वीं पीटी परीक्षा रद्द करने की मांग को ले पटना में प्रदर्शन

**पटना।** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) के अभ्यर्थी पटना के गर्दनीबाग में धरना-प्रदर्शन करने के लिए जुटे और परीक्षा को रद्द करने की मांग की। यह प्रदर्शन विशेष रूप से बीपीएससी की 70वीं पीटी परीक्षा से जुड़ा हुआ है, जिसमें अभ्यर्थी किसी भी हालत में परीक्षा रद्द करने की मांग कर रहे हैं। गर्दनीबाग में आयोजित इस कार्यक्रम में बीपीएससी के अभ्यर्थी बड़ी संख्या में पहुंचे थे। उनका मुख्य आरोप है कि प्रश्नपत्र लीक हो चुका था और इसी कारण पूरे बिहार में परीक्षा रद्द होनी चाहिए। पहले ही बापू सभागार में हुई परीक्षा को हंगामे और गड़बड़ी के कारण रद्द किया जा चुका है, लेकिन अभ्यर्थियों का कहना है कि यह पूरी परीक्षा व्यवस्था ही संदेह के घेरे में है और अब पूरे राज्य में परीक्षा को रद्द किया जाए।

## एके-47 बरामदगी मामले में बिहार के तीन जिलों में एनआईए की छापेमारी

**पटना।** बिहार के मुजफ्फरपुर में लगभग आठ महीने पहले एके-47 हथियार की बरामदगी मामले में बुधवार की सुबह से करीब दस घंटे तक राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की टीम ने छपरा, वैशाली और मुजफ्फरपुर में छापेमारी की। मुजफ्फरपुर के कुढ़नी प्रखंड के मनकौली में मुखिया नंदकिशोर यादव उर्फ भोला राय के घर एनआईए की टीम ने छापेमारी की। बताया जा रहा है कि यह छापेमारी एके-47 बरामदगी मामले में हो रही है। एनआईए की टीम सुबह पांच बजे कुढ़नी के मुखिया नंद किशोर यादव के आवास पर पहुंची। हाल ही में मनकौली गांव के श्मशान से एक एके-47 बरामद हुई थी, जिसमें मुखिया भोला राय के बेटे देवमुनी की गिरफ़्तारी हुई थी। एनआईए की दूसरी टीम ने सारण जिले के परसा नगर पंचायत की मुख्य पार्षद आयासा खातून के दो घरों पर तालाशी ली। उनके बेटे एवं वार्ड पार्षद मोहम्मद करमुल्लाह अंसारी के घर से बांग्लादेशी हथियार मिलने की बात स्थानीय लोगों द्वारा बतायी जा रही है।

# आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट‌ए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

## अमृतसर में किसानों का रेल रोको आंदोलन यात्रियों को हुई असुविधा

**अमृतसर।** किसान आंदोलन के दो गैर राजनीतिक संगठन केएमएम और एसकेएम बुधवार को 12 बजे से 3 बजे तक तीन घंटे का रेल रोको आंदोलन किया। इससे यात्रियों को असुविधा हुई। प्रदर्शनकारी किसानों ने तीन बार दिल्ली में घुसने की कोशिश की थी, जो नाकाम रही। किसान एमएसपी पर लीगल गारंटी समेत अन्य मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। इससे पहले मीडिया से बात करते हुए किसान नेता सरवन सिंह पंढेर ने कहा कि 12 से 3 बजे तक रेल रोको आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कल जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह खनौरी बॉर्डर पहुंचे और उनके साथ कई पंजाबी गायक और कई महान हस्तियां पहुंची।

# कांग्रेस के प्रदर्शनकारियों पर पुलिस ने छोड़े आंसू गैस के गोले, एक की मौत

**एजेंसी। गुवाहाटी (हि.स.)**

● 'एक देश-एक चुनाव' व स्मार्ट मीटर को लेकर कांग्रेस ने किया था 'राजभवन चलो' का आह्वान, कांग्रेस कार्यकताओं पर आंसू गैस का इस्तेमाल करना मुख्यमंत्री का अहंकार : कांग्रेस

कांग्रेस के 'एक देश-एक चुनाव', असम में स्मार्ट मीटर वापस लेने और मणिपुर में शांति बहाल करने की मांग को लेकर हुए प्रदर्शन के दौरान पुलिस के आंसू गैस की चपेट में आने से और धक्का-मुक्की में एक प्रदर्शनकारी अधिवक्ता की मौत हो गई, जबकि कई अन्य लोग घायल हुए हैं। पुलिस की इस कार्रवाई को लेकर कांग्रेस ने सरकार के प्रति आक्रोश व्यक्त किया है।

बुधवार को कांग्रेस ने भाजपा के 'एक देश एक चुनाव' के साथ असम में स्मार्ट मीटर वापस लेने और मणिपुर में शांति बहाल करने की मांग को लेकर 'राजभवन चलो' आयोजित किया था। प्रदर्शन के दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच तनावपूर्ण स्थिति बन गई। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस छोड़ी और हल्का बल प्रयोग किया। पुलिस के साथ प्रदर्शनकारियों की हुई धक्का-मुक्की और आंसू गैस के गोले लगने से अधिवक्ता मृदुल इस्लाम घायल हो गए। घायल मृदुल को गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल (जीएमसीएच) ले जाया गया, लेकिन वहां उनकी मौत हो गई। इस घटना में कई पत्रकार भी घायल हुए हैं। घायलों को जीएमसीएच में भर्ती कराया गया।

## पटना के गांधी मैदान में लगा है बिहार सरस मेला

# पांच दिनों में हुआ पांच करोड़ का कारोबार

● कई राज्यों की लोककला व हस्तशिल्प की लगी है प्रदर्शनी
● जमकर हो रही है महिलाओं के उत्पादों की बिक्री

**एजेंसी। पटना (आईएएनएस)**




बिहार की राजधानी पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में एक ही जगह पर कई राज्यों की लोककला और शिल्प कला से लोग रूबरू हो रहे हैं। ग्रामीण परिवेश के डिजाइन में सजा सरस मेला गांव की परंपरा की याद करा रहा है, तो महिलाओं के उत्पादों की बिक्री भी जमकर हो रही है।

सरस मेला का आयोजन ग्रामीण शिल्प, उद्यमिता एवं लोक कला को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति (जीविका) ग्रामीण विकास विभाग की ओर से हर वर्ष किया जाता है। इस सरस मेले में नारी सशक्तिकरण की तस्वीर दिख रही है।

परियोजना समन्वयक महुआ राय चौधरी बताती हैं कि बिहार के सभी जिलों के हस्तशिल्प और व्यंजन के साथ ही 25 अन्य राज्यों से आई ग्रामीण महिलाएं और स्वरोजगारी एक दूसरे की भाषा, शिल्प और हुनर से परिचित हो रही हैं। उन्होंने बताया कि पांच दिनों में 500 से अधिक स्टॉल और ओपेन एरिया में सुसज्जित स्थलों से खरीद-बिक्री का आंकड़ा लगभग पांच करोड़ रुपये है। मेला में मंगलवार को करीब 70 हजार से अधिक लोग आए।

लोक संस्कृति, लोककला, परंपरा, हस्तशिल्प, भाषा, लोकगीत, लोक नृत्य एवं देशी व्यंजनों के साथ ही घर सजावट के समान से लेकर रसोई घर के लिए वस्तुएं, विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी, फुलवारी और घर के लिए विभिन्न प्रकार के पौधे भी मेला में उपलब्ध हैं।

इस मेले में सामाजिक विकास विधा द्वारा सामाजिक समावेशन के तहत दिव्यांगों द्वारा निर्मित अगरबत्ती, मोमबत्ती, लाह की चूड़ियां, कागज और कपड़ों के झोले, मुख्यमंत्री भिक्षाटन निवारण योजना के तहत भिक्षावृत्ति छुड़ाकर आत्मनिर्भर बनाए गए हुनरमंदों द्वारा निर्मित जूट के पर्स, झोले, टेराकोटा के उत्पाद और अगरबत्ती आदि तथा मुक्ति बाजार के तहत जेलों में बंदियों द्वारा निर्मित हस्तशिल्प की प्रदर्शनी और बिक्री हो रही है। 26 दिसंबर तक चलने वाले इस मेले में आने वाले लोगों के मनोरंजन के लिए मेला परिसर में लोक कलाकार राज्य के लोक गीत व लोक नृत्य तथा गजल आदि की संगीतमय प्रस्तुति दे रहे हैं।

# खराब रोशनी के कारण तीसरा टेस्ट ड्रॉ

## भारतीय गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी से कराई वापसी

एजेंसी

**गाबा** । पांचवें दिन भारत की पारी 260 रन पर समाप्त। ऑस्ट्रेलिया को 185 रन की बढ़त मिली। दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया ने 89 रन पर ही 7 विकेट खोकर अपनी पारी घोषित कर दी। भारत को जीत के लिए 275 रन बनाने थे, लेकिन खराब रोशनी के कारण 2 ओवर का खेल हो पाया और मैच को ड्रॉ घोषित कर दिया गया। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी का तीसरा मुकाबला गाबा मैदान, ब्रिसबेन पर खेला जा रहा है। लगातार बारिश से प्रभावित इस मैच में आज बुधवार को पांचवां और आखिरी दिन का खेल हो रहा है। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 445 रन बनाए थे। जबकि टीम इंडिया ने केएल राहुल, रवींद्र जडेजा के अर्द्धशतक और आकाशदीप की जुझारू पारी की बदौलत पहली पारी में 260 रन बनाए। आकाशदीप और बुमराह ने भारत के लिए फॉलोऑन को टालने में बड़ी भूमिका निभाई। ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी के आधार पर 185 रनों की बढ़त मिली। लेकिन दूसरी पारी में भारतीय गेंदबाजों ने जबरदस्त खेल दिखाते हुए 89 रन पर ही उनके 7 बल्लेबाजों को आउट कर दिया। 275 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दूसरी पारी में भारत ने 2।1 ओवर में 8 रन बनाए थे कि खराब रोशनी के कारण खेल रोक दिया गया। लगभग 1 घंटे तक मौसम खराब रहने के कारण मैच को ड्रॉ घोषित कर दिया गया।

भारतीय पारी समाप्त होने के बाद बारिश ने एक बार फिर खलल डाला। बारिश रुकने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी का आगाज किया। लेकिन बुमराह की शानदार गेंदबाजी का जवाब कंगारू बल्लेबाजों के पास नहीं था। ओपनर उस्मान ख्वाजा और मार्नस लाबुशेन को केवल 16 रन पर ही चलता कर दिया। उस्मान ख्वाजा 8 रन तो मार्नस 1 रन बनाकर पवेलियन लौटे। 16 रन के स्कोर पर ही आकाशदीप ने भी अपना जलवा दिखाते हुए ओपनर नाथन मैक्सवीनी को ऋषभ पंत के हाथों कैच आउट करवा दिया। मैक्सवीनी के आउट होने के बाद बैटिंग करने आए मिचेल मार्श भी 2 रन बनाकर आकाशदीप की गेंद पर ऋषभ के हाथों कैच आउट हुए।

पहली पारी के शतकवीर स्टीव स्मिथ भी नहीं चल सके और मोहम्मद सिराज ने उन्हें अपनी तेज गेंद पर विकेट के पीछे कैच आउट करवाया। 33 रन पर स्मिथ पांचवें विकेट के रूप में आउट हुए। 6वें विकेट के लिए ट्रेविस हेड और एलेक्स कैरी ने 27 रन की साझेदारी की। लेकिन आज बुधवार को भारतीय गेंदबाज अपनी पूरी लय में दिखे। सिराज ने ट्रेविस हेड को भी आउट कर ऑस्ट्रेलिया को छठवां झटका दे दिया। ट्रेविस सिराज की गेंद को हिट करना चाह रहे थे, लेकिन गेंद लीडिंग एज लेते हुए सीधा सिर के ऊपर उठ गई और एक बार फिर ऋषभ पंत ने कोई गलती नहीं की। ट्रेविस 19 गेंद पर 17 रन बनाकर आउट हुए।



### कपिल देव का रिकॉर्ड तोड़ बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया में बढ़ाया दबदबा, बन गए नंबर वन गेंदबाज



जसप्रीत बुमराह ने भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच गाबा में चल रहे तीसरे टेस्ट मैच में इतिहास रच दिया है। वे टेस्ट मैचों किसी भी भारतीय द्वारा ऑस्ट्रेलिया में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने कपिल देव का रिकॉर्ड तोड़ दिया हैं। जसप्रीत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरी पारी में 3 विकेट हासिल किए, जबकि इसी मैच की पहली पारी में उन्होंने 6 विकेट लिए थे। जसप्रीत बुमराह के नाम इस टेस्ट से पहले ऑस्ट्रेलिया में 18 मैचों में 44 विकेट रिकॉर्डेड थे। लेकिन इस मैच में बुमराह ने कुल 9 विकेट हासिल कर अपने विकेटों की संख्या 53 पहुंचा दी। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय के रूप में कपिल देव के 21 मैचों में 51 विकेट लेने का रिकॉर्ड तोड़ दिया हैं। जसप्रीत ने 17.21 की औसत से 53 विकेट अपने नाम दर्ज कर लिए हैं।

**ऑस्ट्रेलिया में भारत के लिए सर्वाधिक टेस्ट विकेट**

| विकेट | खिलाड़ी | औसत |
|---|---|---|
| 52 | जसप्रीत बुमराह | 17.21 |
| 51 | कपिल देव | 24.58 |
| 49 | अनिल कुंबले | 37.73 |
| 40 | आर अश्विन | 42.42 |
| 35 | बिशन बेदी | 27.51 |

### 'मरवाओगे क्या', प्रेस कांफ्रेंस में रिपोर्टर के सवाल पर रोहित ने दिया ऐसा जवाब

बारिश के कारण बार बार बाधित हुआ ब्रिसबेन टेस्ट आखिरकार पांचवें दिन बुधवार को ड्रॉ पर समाप्त हुआ और पांच मैचों की सीरीज अब भी 1-1 से बराबरी पर ही है। मैच के खत्म होने के बाद भारत के अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से तुरंत प्रभाव से संन्यास लेने का ऐलान करके क्रिकेट जगत को चौका दिया। अश्विन ने गाबा टेस्ट के बाद संवाददाता सम्मेलन में अपने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। इस दौरान कप्तान रोहित शर्मा भी उनके साथ थे। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान रोहित से अश्विन के संन्यास के बाद रहाणे और पुजारा जैसे खिलाड़ियों के बारे में भी पूछा गया, कुछ देर बल्लेबाजों पर बात करने के बाद उन्होंने कहा कि अश्विन ने ही सिर्फ संन्यास लिया है ये दोनों खिलाड़ी टीम में अब भी वापसी कर सकते हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान रोहित से पुजारा और रहाणे के करियर को लेकर भी पूछा गया। रोहित ने शुरू में दिग्गजों की तारीफ हालांकि कुछ देर बाद उन्हें एहसास हुआ कि इन दोनों खिलाड़ियों ने अब तक संन्यास नहीं लिया है, ऐसे में उनके करियर से जुड़े सवाल पर जवाब देने का मतलब नहीं है, जिसके बाद उन्होंने मजाकिया अंदाज में रिपोर्टर से कहा कि ये इन दोनों के लिए टीम के रास्ते हमेशा के लिए खुले हैं।



## न्यूज़ीलैंड के वनडे और टी20 कप्तान बने मिचेल सैंटनर

एजेंसी

बाएं हाथ के स्पिनर मिचेल सैंटनर को न्यूज़ीलैंड के सीमित ओवर टीमों का कप्तान बनाया गया है। वह औपचारिक तौर पर केन विलियमसन की जगह लेंगे, जिन्होंने जून में हुए टी20 विश्व कप के बाद से ही यह पद छोड़ दिया था। सैंटनर ने 243 अंतर्राष्ट्रीय मुक़ाबलों में न्यूज़ीलैंड का प्रतिनिधित्व किया है। अब वह वनडे और टी20 टीमों के स्थायी कप्तान के रूप में कार्यभार संभालेंगे। इससे पहले वह 24 टी20 और 4 वनडे मैचों में टीम की कप्तानी कर चुके हैं। सैंटनर पिछले महीने श्रीलंका गई न्यूज़ीलैंड की टी20 और वनडे टीमों के कप्तान बनाए गए थे, हालांकि यह नियुक्ति बस उस सीरीज़ के लिए थी। फ़िलहाल औपचारिक और आधिकारिक तौर पर उन्हें सीमित ओवर टीमों का कप्तान बना दिया गया है। 32 वर्षीय सैंटनर अपनी पूर्णकालिक कप्तानी की शुरुआत दिसंबर के अंत और जनवरी की शुरुआत में श्रीलंका के ख़िलाफ़ टी20 और वनडे सीरीज से करेंगे। इन दोनों सीरीज के साथ न्यूज़ीलैंड के लिए सफ़ेद बॉल क्रिकेट का व्यस्त कार्यक्रम शुरू होगा, जिसमें फ़रवरी में पाकिस्तान में एक वनडे त्रिकोणीय श्रृंखला, उसके बाद आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफ़ी और न्यूज़ीलैंड के घरेलू सीजन के अंत में पाकिस्तान के ख़िलाफ़ एक टी20 और वनडे सीरीज़ शामिल है। सैंटनर ने कहा कि उन्हें व्हाइट बॉल टीमों की पूर्णकालिक कप्तानी सौंपे जाने पर गर्व महसूस हो रहा है।



## 'सुपरस्टार' सलमान खान बने पहले खो-खो विश्व कप के ब्रांड एंबेसडर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया (केकेएफआई) ने भारतीय सुपरस्टार सलमान खान को खो-खो विश्व कप के पहले संस्करण को बढ़ावा देने के लिए ब्रांड एंबेसडर के रूप में शामिल करने की बुधवार को घोषणा की, जो 13 जनवरी से 19 जनवरी, 2025 के बीच नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित राष्ट्रीय खिलाड़ी प्रशिक्षण शिविर में मीडिया के समक्ष यह घोषणा की गई, जिसमें केकेएफआई के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल, महासचिव एमएस त्यागी के साथ-साथ भारतीय पुरुष और महिला खिलाड़ी और कोच भी शामिल हुए।



## टाटा स्टील समूह और पीजीटीआई टाटा स्टील टूर चैंपियनशिप 2024 की करेगा मेजबानी

एजेंसी

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील समूह और पीजीटीआई 19 से 22 दिसंबर, 2024 तक जमशेदपुर के बेल्डीह और गोलमुरी गोल्फ कोर्स में टाटा स्टील टूर चैंपियनशिप की मेजबानी करेंगे। टूर्नामेंट में 3 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि की पेशकश की गई है जो पीजीटीआई पर सबसे बड़ी पुरस्कार राशि है। टूर्नामेंट में 62 पेशेवर भाग लेंगे। टाटा स्टील टूर चैम्पियनशिप 2024 टाटा स्टील पीजीटीआई सीजन का सीजन-एंडिंग इवेंट है। टूर्नामेंट 72-होल स्ट्रोक-प्ले चैंपियनशिप है और इसमें कोई कट लागू नहीं होगा। सभी प्रतिभागियों के लिए पुरस्कार राशि की गारंटी है। टूर्नामेंट से पहले प्रो-एम इवेंट 17 दिसंबर को खेला गया था।




### इवेंट का प्रारूप इस प्रकार है

सभी चार राउंड में, आधा क्षेत्र अपने पहले नौ होल गोलमुरी में और दूसरे नौ बेलडीह में खेलेगा जबकि दूसरा आधा अपने पहले नौ होल बेलडीह में और दूसरे नौ गोलमुरी में खेलेगा। दूसरे राउंड से, लीडरबोर्ड का अग्रणी/आगे का आधा हिस्सा (स्कोर के अनुसार अग्रणी समूह) अपने पहले नौ होल गोलमुरी में और दूसरे नौ बेलडीह में खेलेगा। पुरस्कार वितरण समारोह रविवार, 22 दिसंबर को बेल्डीह गोल्फ क्लब में आयोजित किया जाएगा। टूर्नामेंट में भारतीय गोल्फ के कुछ सबसे बड़े नाम शामिल होंगे, जैसे कि मौजूदा चैंपियन गगनजीत भुल्लर (2020 और 2023 चैंपियन), एसएसपी चौरसिया, 2023 टाटा स्टील पीजीटीआई रैंकिंग चैंपियन ओम प्रकाश चौहान, 2024 टाटा स्टील पीजीटीआई रैंकिंग लीडर वीर अहलावत, पूर्व चैंपियन उदयन माने (2019 और 2021 चैंपियन), राहिल गंगजी, मनु गंडास और युवराज संधू।

## प्रो इंटरनेशनल अंडर-25 बास्केटबॉल लीग के लांच की हुई घोषणा

एजेंसी



**नई दिल्ली।** कैप्टन्स प्रोफेशनल बास्केटबॉल प्राइवेट लिमिटेड (सीपीबीएल) ने बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया (बीएफआई) के साथ साझेदारी में बुधवार को प्रो इंटरनेशनल बास्केटबॉल लीग (आईएनबीएल प्रो अंडर-25) के लांच की घोषणा की, जो शानदार अवसरों के साथ भारतीय बास्केटबॉल का चेहरा पूरी तरह से बदल देगी। लीग की शुरुआत 15 जनवरी 2025 को होगी, जिसमें छह टीमें चैम्पियनशिप के लिए मुकाबला करेंगी। शुरुआत के बाद, रोज़ाना एक गेम खेला जाएगा। मार्च 2025 की शुरुआत में अबू धाबी में फाइनल चार मैचों के साथ इसका समापन होगा। 9 जनवरी 2025 को खिलाड़ियों की नीलामी होगी, जिसमे भारत, यूएसए, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैण्ड से प्रतिभाशाली खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। इस लीग के साथ भारतीय बास्केटबॉल में नया अध्याय शुरू होने जा रहा है। लांच के अवसर पर मौजूद उपस्थितगणों में आधव अर्जुन, अध्यक्ष, बीएफआई, कुलविंदर सिंह गिल, महासचिव, बीएफआई, री चैगालराया नायडू, कोषाध्यक्ष, बीएफआई, रूपिन्दर बार संस्थापक एवं चेयरमैन, आईएनबीएल प्रो, अभिषेक यश त्यागी, संस्थापक एवं सह-चेयरमैन, आईएनबीएल प्रो, दुष्यन्त खन्ना, संस्थापक एवं निदेशक, आईएनबीएल प्रो और परवीन बातिश, सीईओ, आईएनबीएल प्रो शामिल थे।

## भारत की सबसे अनोखी गोल्फ लीग 'कुतुब गोल्फ लीग' में 10 टीमें शामिल होंगी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत की सबसे अनोखी गोल्फ़ लीग, जिसे कुतुब गोल्फ़ लीग (क्यूजीएल) का नाम दिया गया है, 4 जनवरी, 2025 को भारत के पहले सार्वजनिक गोल्फ़ कोर्स में शुरू होगी। कुतुब गोल्फ़ कोर्स अपने पहले संस्करण में इस अनोखे आयोजन की मेज़बानी करेगा। अमित खरबंदा और सामंत सिक्का द्वारा प्रवर्तित गेम ऑफ़ लाइफ़ स्पोर्ट्स (जीओएलएस) की एक सोची-समझी पहल, क्यूजीएल का लक्ष्य भारत में सबसे रोमांचक और मनोरंजक गोल्फ़ लीग में से एक बनाना है। इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए, उन्होंने दिगराज गोल्फ़ इंक. (डीजीआई) के साथ साझेदारी की है, जिन्होंने भारत में अन्य गुणवत्तापूर्ण लीगों को सफलतापूर्वक क्यूरेट और डिलीवर किया है। अपने उद्घाटन वर्ष में लीग में 3 खेल दिवस, 2 ज्ञान साझा करने वाली मास्टरक्लास और कई मनोरंजक सामाजिक शामें शामिल होंगी। लीग टीम चैम्पियनशिप प्रारूप में खेली जाएगी जिसमें 8-10 टीमें भाग लेंगी। प्रत्येक टीम में 16 खिलाड़ी होंगे, जिनमें से 12 को मालिक द्वारा चुना जाएगा और शेष चार को आज बाद में होने वाली नीलामी के माध्यम से खरीदा जाएगा। इस प्रकार कुल 160 खिलाड़ी क्यूजीएल में भाग लेंगे। 4 जनवरी को शुरुआती दौर के अलावा, अन्य खेल तिथियां 1 फरवरी और 1 मार्च 2025 होंगी।



### 12 स्वामियों की पसंद में शामिल होंगे

- ए) 2 महिलाएँ
- बी) 1 जूनियर (18 वर्ष से कम आयु)
- सी) 1 वरिष्ठ (65 वर्ष से अधिक आयु)
- डी) 1 सरकारी अधिकारी
- ई) 1 सशस्त्र अधिकारी

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## टूरिज्म और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर पर सीआईआई-ईवाई की रिपोर्ट जारी

# 2034 तक पैदा होंगी 61 लाख से ज्यादा नौकरियां

एजेंसी

**नई दिल्ली।** टूरिज्म और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में 2034 तक 61 लाख से ज्यादा नए रोजगार के अवसर पैदा हो सकते हैं। यह जानकारी बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई। कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) और ईवाई द्वारा 18वें वार्षिक सीआईआई पर्यटन शिखर सम्मेलन में जारी व्हाइट पेपर के मुताबिक, कोविड-19 महामारी से उत्पन्न समस्याओं के बावजूद भी घरेलू पर्यटन के बल पर यह क्षेत्र में मजबूती से उभर रहा है। मौजूदा समय में टूरिज्म सेक्टर का भारत के कुल रोजगार में योगदान करीब 8 प्रतिशत का है। रिपोर्ट में बताया गया, 2034 तक इस क्षेत्र में खर्च 1.2 गुणा बढ़ने की उम्मीद है। इसके लिए 61 लाख से ज्यादा कर्मचारियों की आवश्यकता होगी। इसमें से 46 लाख पुरुष और 15 लाख से महिला कर्मचारी होने की उम्मीद है। सीआईआई-ईवाई की रिपोर्ट में बताया गया कि बढ़ती हुई मांग को पूरा करने के लिए डिजिटल मार्केटिंग, पर्यटन और ग्राहक सेवा में विशेष कौशल की आवश्यकता है। रिपोर्ट में सतत व्यावसायिक विकास के लिए गेमीफाइड लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम (एलएमएस) विकसित करने, स्पष्ट करियर उन्नति मार्ग बनाने के लिए उद्योग संघों के साथ सहयोग करने और कौशल एवं शिक्षा को मानकीकृत करने के लिए पर्यटन मंत्रालय के तहत एक समर्पित टास्क फोर्स की स्थापना करने की सिफारिश की। चिकित्सा पर्यटन जैसे अवसर बढ़ने के कारण व्हाइट पेपर में विशेष रूप से महिलाओं की कार्यबल में भागीदारी को प्रोत्साहित करने के महत्व को रेखांकित किया गया है।



**46 लाख पुरुष और 15 लाख महिला कर्मचारी होने की उम्मीद है**

### सीआईआई पर्यटन शिखर सम्मेलन में कहा गया, मजबूती से उभर रहा है यह क्षेत्र

रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि इस क्षेत्र को बढ़ती पर्यटन गतिविधियों को पूरा करने के लिए अतिरिक्त 61.31 लाख कर्मचारियों की आवश्यकता होगी। महिलाओं और हाशिए पर पड़े समुदायों को कौशल प्रदान करने के लिए लक्षित प्रयास कौशल अंतर को पाटने और आर्थिक विकास और रोजगार सृजन के लिए क्षेत्र की क्षमता को अधिकतम करने के लिए महत्वपूर्ण होंगे।

## रियल एस्टेट में संस्थागत निवेश इस वर्ष रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा

एजेंसी

- वार्षिक आधार पर 51 प्रतिशत की बढ़त हुई है

**मुंबई** । भारत में मजबूत ग्रोथ और राजनीतिक स्थिरता के कारण रियल एस्टेट में संस्थागत निवेश वर्ष 2024 में बढ़कर रिकॉर्ड हाई 8.9 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। इस दौरान डील्स की संख्या 78 थी। यह वर्ष 2007 के पिछले रिकॉर्ड निवेश 8.4 अरब डॉलर से 6 प्रतिशत ज्यादा है। यह जानकारी बुधवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में दी गई। ग्लोबल कॉमर्शियल रियल एस्टेट और इन्वेस्टमेंट मैनेजमेंट फर्म जेएलएल ने कहा कि रियल एस्टेट संस्थागत निवेश में सालाना आधार पर 51 प्रतिशत की बढ़त हुई है, वर्ष 2023 में यह आंकड़ा 5.8 अरब डॉलर था। साथ ही, डील की संख्या में 47 प्रतिशत की बढ़त हुई है। रियल एस्टेट में कुल संस्थागत निवेश में 63 प्रतिशत हिस्सेदारी विदेशी निवेशकों और 37 प्रतिशत हिस्सेदारी घरेलू निवेशकों की थी। रिपोर्ट में बताया गया कि इसके अतिरिक्त वर्ष 2024 में प्लेटफॉर्म प्रतिबद्धताएं कुल 2.4 अरब डॉलर की रही है। इन फंड्स को आने वाले 3-5 वर्षों में निवेश किया जाएगा। रियल एस्टेट में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के सरकारी प्रयासों ने पिछले कुछ वर्षों में निवेशकों का भरोसा बढ़ाया है। क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट (क्यूआईपी) एक महत्वपूर्ण फंडिंग स्रोत के रूप में उभरे हैं, जिन्होंने रियल एस्टेट सेक्टर में 2.7 अरब डॉलर का निवेश किया है। भारत में रियल एस्टेट इंवेस्टमेंट ट्रस्ट (आरईआईटी) में हाल ही में गतिविधि में काफी उछाल देखा गया है। वर्ष 2024 में आरईआईटी में निवेश 800 मिलियन डॉलर के आसपास पहुंच गया था, जो कि 2023 के आंकड़े से तीन गुणा है।

## 31 दिसंबर तक दाखिल कर सकते हैं संशोधित आईटीआर

एजेंसी

**वित्त वर्ष 2023-24**

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए आयकर रिटर्न (आईटीआर) और वार्षिक सूचना विवरण (एआईएस) में अंतर के बारे में जानकारी देने के लिए एक विशेष अभियान चला रहा है, जिसकी अंतिम तिथि 31 दिसंबर, 2024 है। आयकर विभाग ने बुधवार को 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में करदाताओं से कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 के लिए आपके एआईएस और आईटीआर में दर्ज आय के बीच बेमेल के लिए कृपया अपने वार्षिक सूचना विवरण की समीक्षा करें। विभाग ने करदाताओं से आग्रह करते हुए कहा कि कृपया ध्यान दें, 31 दिसंबर, 2024 तक संशोधित या विलंबित आईटीआर दाखिल करें और इस अवसर को न चूकें। उल्लेखनीय है कि आयकर रिटर्न (आईटीआर) और वार्षिक सूचना विवरण (एआईएस) में अंतर के बारे में सूचित करने के लिए एक अभियान चला रहा है। विभाग आईटीआर और एआईएस में अंतर को लेकर करदाताओं और रिटर्न दाखिल नहीं करने वालों को एसएमएस और ई-मेल भेजा है। यह एसएमएस और ई-मेल उन मामलों में भेजा जा रहा है, जहां वित्त वर्ष 2023-24 के लिए एआईएस और लेन-देन के बारे में दी गई जानकारी और आईटीआर में बताई गई इनकम के बीच अंतर पाया गया है।

## सेंसेक्स और निफ्टी लुढ़के

- लगातार तीसरे दिन गिरावट के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार बुधवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरुआत भी कमजोरी के साथ हुई थी। शुरुआती कारोबार में खरीदारी के सपोर्ट से शेयर बाजार कुछ देर के लिए हरे निशान में भी पहुंचा, लेकिन पहले आधे घंटे के कारोबार के बाद ही बिकवाली का दबाव बढ़ जाने के कारण शेयर बाजार ने दोबारा लाल निशान में गोता लगा दिया। इसके बाद पूरे दिन सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक लाल निशान में ही कारोबार करते रहे। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.62 प्रतिशत और निफ्टी 0.56 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स दिनभर के कारोबार के बाद 502.25 अंक की कमजोरी के साथ 80,182.20 अंक के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी 137.15 अंक की कमजोरी के साथ 24,198.85 अंक के स्तर पर बंद हुआ। आज शेयर बाजार में आई कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक की कमी हो गई।

### कांग्रेस ने किया राज भवन मार्च, भाजपा और अदाणी पर बरसे कांग्रेस नेता

# अदाणी को बचाने में लगे हैं पीएम मोदी : कमलेश

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** अदाणी एवं उनके सहयोगियों को बचाने और मणिपुर में जारी हिंसा की अनदेखी करने के विरोध में प्रदेश कांग्रेस ने ने राज भवन मार्च किया। मार्च का नेतृत्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने किया। मार्च शहीद स्थल से शुरू होकर राज भवन तक किया गया। जहां मार्च सभा में परिवर्तित हो गया। सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि केंद्र सरकार अदाणी और मणिपुर मामले पर पूरी तरह मौन है। हमारे नेता सदन में दोनों मामलों को लगातार उठा रहे हैं। मणिपुर में शांति बहाली की मांग कांग्रेस द्वारा लगातार जारी है लेकिन मोदी जी चुप हैं। अदाणी और उनके सहयोगियों के जालसाजी का पदार्फाश हुआ है, रिश्वतखोरी का खुलासा हुआ है लेकिन आज तक इस मामले पर जनता के सामने केंद्र सरकार ने सफाई देने की भी जरूरत महसूस नहीं की। जिस तरह से मणिपुर जल रहा है,लगातार हिंसा हो रही है, कर्फ्यू लगा हुआ है लेकिन आज तक प्रधानमंत्री वहां नहीं गए दोनों मुद्दों पर प्रधानमंत्री मौन है। वहां के मुख्यमंत्री भी इस मामले में फिसड्डी साबित हुए हैं लेकिन प्रधानमंत्री उन्हें हटाने की बजाय उन्हें संरक्षण दे रहे हैं। लगता है मोदी जी मणिपुर को भारत का अंग नहीं मानते तभी इस मामले पर पूरी तरह खामोशी की चादर ओढ़े हुए हैं।



### मणिपुर का दौरा नहीं कर रहे पीएम और गृह मंत्री शाह : प्रदीप यादव

कांग्रेस विधायक दल नेता प्रदीप यादव



ने कहा कि यह जनता की आवाज है कि पीएम और गृह मंत्री उनके सवालों का जवाब दें। पिछले 1वर्ष में शाह दर्जनों बार झारखंड आ चुके हैं लेकिन मणिपुर जो वर्षों से जल रहा है हत्याएं, बलात्कार की घटनाएं हो रही हैं, संवैधानिक मूल्यों की हत्या हो रही है लेकिन गृह मंत्री को वहां जाने का वक्त नहीं मिल रहा है, पीएम के मुंह पर ताला है। पूरे विश्व का दौरा पीएम कर रहे हैं लेकिन मणिपुर नजर नहीं आ रहा है। इस लोकतंत्र की यह बड़ी घटना है। अदाणी प्रकरण पूरी तरह जनता के सामने है, लेकिन अदाणी को बचाने के लिए मोदी भारत की प्रतिष्ठा को विश्व के सामने धूमिल कर रहे हैं।

### अदाणी को बचाने पीएम निकलेंगे तो जनता उन्हें उतार देगी : कच्छप

कांग्रेस विधायक दल के उप नेता



राजेश कच्छप ने कहा कि मोदी जी शायद यह भूल गए हैं कि संविधान ने ही यह ताकत प्रदान की है की चाय बेचते बेचते मोदी जी आज प्रधानमंत्री बन पाए। अगर अदाणी को बचाने मोदी जी निकलेंगे तो जनता उन्हें गाड़ी से उतार देगी। राहुल गांधी के नेतृत्व में हमें खुद को मजबूत करना है यकीनन कांग्रेस के नेतृत्व में मणिपुर जैसी घटना नहीं होगी। अगर हम संजिदगी के साथ नहीं रहेंगे तो देश में पूंजीपतियों का राज आ जाएगा और ऐसे ही पूंजीपतियों से 200 वर्षों तक लड़कर हमने आजादी हासिल की थी।

### अंबेडकर जी का अपमान कर रही भाजपा : राधा कृष्ण किशोर

वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने



कहा कि यदि कोई राजनीतिक दल या व्यक्ति अंबेडकर जी का अपमान करता है तो यह एक व्यक्ति का अपमान नहीं पूरे हिंदुस्तान का अपमान है और ऐसा दल जो हिंदुस्तान का अपमान करें किसी लोकतांत्रिक व्यवस्था का राजनीतिक दल हो ही नहीं सकता। भारत मे अगर ऐसा कोई दल है तो वह है भाजपा।

### अदाणी के इशारे पर देश चल रहा : डॉ इरफान

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि जनता ने साफ मन बना



लिया है कि मोदी सरकार को कुर्सी से उतारना है। अगर भारत में बाबा साहब का रचित संविधान नहीं होता तो आज अल्पसंख्यक, आदिवासी, पिछड़े हाशिये पर होते। देश के हर नागरिक को संविधान ने अधिकार दिया है और इस संविधान के जनक बाबा साहब को भाजपा अपमानित करने पर तुली है।

### खुलेआम संविधान के खिलाफ बोलती है भाजपा : नेहा तिर्की

कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा



कि लोगों का ध्यान मूल मुद्दों से भटकाने के लिए तरह-तरह की चीजों को परोसा जा रहा है संविधान खतरे में है यह सिर्फ बातों में नहीं है यह साफ दिख रहा है। संविधान की रक्षा की जिम्मेदारी जिन पर है वह सदन में स्पीकर के ओहदे पर बैठकर आर एस एस का गुणगान करते हैं।



### अदाणी से यारी व मणिपुर से गद्दारी की जा रही : राजेश

पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि जिस तरह से संविधान और बाबा साहब का अपमान सदन में भाजपा द्वारा किया गया है वह बर्दाश्त करने के लायक नहीं है। हम संघर्ष जारी रखेंगे अदाणी के लूट को रोकना है, मणिपुर जैसी घटनाओं को रोकना है। अदाणी से यारी और मणिपुर से गद्दारी की जा रही है,कांग्रेस यह होने नहीं देगी। संगठन के माध्यम से हम लगातार विरोध करते रहेंगे। यह देश संविधान से चलेगा मोदी और अदाणी के विधान से नहीं।

# शिक्षित हों तभी आने वाली पीढ़ी का होगा विकास : हफीजुल हसन

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग और सुन्नी वक्फ बोर्ड की ओर से कडरू हज हाउस में विश्व अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के मौके पर बुधवार को परिचर्चा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि बच्चों को शिक्षित करें, शिक्षा से ही आने वाली पीढ़ी का विकास संभव है। उन्होंने मदरसा बोर्ड और उर्दू अकादमी के जल्द गठन करने की घोषणा की। मंत्री ने कहा कि झारखंड सरकार ने राज्य के अल्पसंख्यकों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं लागू की हैं। इसका लाभ आज अल्पसंख्यक उठा रहे हैं। अल्पसंख्यकों के शैक्षणिक विकास के लिए सरकार की ओर से कई योजनाएं चलायी जा रही हैं। इससे पूर्व स्वगत भाषण में झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हाजी हिदायतुल्ला खान ने कहा कि झारखंड के अल्पसंख्यक समुदाय को मुख्यमंत्री पर पूरा विश्वास है। अल्पसंख्यकों पर सरकार की ओर से कहीं अन्याय नहीं होने दिया गया। अल्पसंख्यक आयोग की ओर से पत्रकारिता के क्षेत्र के लिए वरिष्ठ पत्रकार मुजफ्फर हुसैन, गुलाम शाहिद के अलावा शिक्षा के क्षेत्र में संत जेवियर्स कॉलेज के प्राचार्य फादर डॉ नोबूल लकड़ा, प्राचार्या निर्मला कॉलेज डॉ ज्योति किसपोटा, सामाजिक संगठन लहू बोलेगा के संस्थापक नदीम खान, जमशेदपुर के सामाजिक कार्यकर्ता मोख्तार आलम खान, सरफराज हुसैन और झारखंड बार के सदस्य अधिवक्ता अब्दुल कलाम रशीदी को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर विकास एवं भवन निर्माण मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू, राज्यसभा सदस्य एवं झारखंड राज्य सुन्नी वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ सरफराज अहमद, झारखंड अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष ज्योति सिंह माथारू और अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य डॉ एम तौसीफ, वारिस कुरैशी, बरकत अली समेत कई लोग मौजूद थे।

### 'फाउंड्री और फार्मिंग तकनीक औद्योगिक विकास की रीढ़'

**रांची।** नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड मैन्युफेक्चरिंग टेक्नोलॉजी (एनआईएएमटी) में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस की शुरूआत बुधवार को हुई। कांफ्रेंस का विषय विषय एडवांसेस ऑफ फाउंड्री एंड फार्मिंग टेक्नोलॉजी है। मुख्य अतिथि राज्यपाल संतोष गंगवार ने कांफ्रेंस का उद्घाटन किया। उन्होंने देश-विदेश से आए शोधार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि फाउंड्री और फार्मिंग तकनीक औद्योगिक विकास की रीढ़ है, जो निर्माण, ऑटोमोबाइल, एयरोस्पेस और रक्षा जैसे क्षेत्रों में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि एनआईएएमटी इस क्षेत्र में बड़ी भूमिका निभा रही है, लेकिन साथ ही हमें औद्योगिक विकास और पर्यावरण संतुलन के बीच सामंजस्य स्थापित करना है, जो आज एक बड़ी चुनौती की तरह है।

### डीसी ने ओरमांझी प्रखंड सह अंचल कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

# बिचौलियों पर नजर रखने की दी हिदायत



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने बुधवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय ओरमांझी का औचक निरीक्षण किया गया। प्रखंड सह अंचल कार्यालय पहुंचते ही उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों/कर्मियों की उपस्थिति की जांच की। उन्होंने कहा कि बायोमेट्रिक उपस्थिति के बिना सभी अनुपस्थित माने जायेंगे, ससमय कार्यालय आयें और अपनी बायोमेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित करें। सभी कार्यों की जांच कि गई उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने प्रखंड एवं अंचल कार्यालय में निष्पादित किये जाने वाले सभी कामों की जांच की। उन्होंने लॉग बुक, आगत-निर्गत पंजी, रोकड़ पंजी, संचिका, जनशिकायत, पेंशन तथा अन्य की जांच करते हुए कहा कि सभी आवेदनों का त्वरित गति से निष्पादन करें, ताकि लोगों को अनावश्यक रुप से कार्यालय का चक्कर न काटना पड़े। उपायुक्त ने बीडीओ/सीओ एवं सभी कर्मचारियों को जिला प्रशासन द्वारा जारी किये गये 'अबुआ साथी' व्हाट्सएप नंबर 9430328080 का प्रचार-प्रसार करने को कहा।

#### बिचौलिया नहीं आए यह सुनिश्चित करें

उपायुक्त द्वारा कड़े शब्दों में निर्देश देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी ओरमांझी को कहा कि प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में कोई बिचौलिया नहीं आए यह सुनिश्चित करें। अगर सम्बंधित प्रखंड से किसी प्रकार कि शिकायत प्राप्त होती हैं, तो त्वरित कार्रवाई कि जाएगी।

### बिनोद बिहारी महतो की पुण्यतिथि पर बलियापुर पहुंचे सुदेश महतो, दी श्रद्धांजलि

**रांची।** झारखंड आंदोलन के प्रणेता बिनोद बिहारी महतो के सपनों का झारखंड बनाने के लिए हमारा संघर्ष अनवरत जारी रहेगा। उनकी सोच और परिकल्पना के आधार पर संगठित, शिक्षित, स्वाभिमानी समाज के निर्माण के लिए काम करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो



ने स्व. बिनोद बिहारी महतो की पुण्यतिथि पर बलियापुर स्थित उनकी समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कही। बाबू बिनोद बिहारी महतो की दूरदर्शिता, उनकी समाज को जोड़ने की अपार क्षमता, और राजनैतिक सीमाओं से आगे बढ़ने के उनके दृष्टिकोण ने झारखंड को नई पहचान और दिशा दी है।

# सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी एनएचएआई के चेयरमैन से मिले



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी बुधवार को नई दिल्ली में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अध्यक्ष संतोष कुमार यादव से मिलकर एनएच 20 रांची एवं रामगढ़ के बीच चुटू पालू घाटी में गंडके मोड़ समीप आए दिन होने वाली सड़क दुर्घटना में जान माल की हो रही क्षति को रोकने, सड़कों को दुरुस्त करने, फोरलेन सड़क का निर्माण, फुट ओवर ब्रिज अंडरपास का निर्माण कराने व सड़क निर्माण के लिए व अधिग्रहण किए गए भूमि का भुगतान करने कई संबंधित विषयों को लेकर चर्चा की। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अध्यक्ष ने रामगढ़ चुटू पालू घाटी में होने वाली सड़क दुर्घटना को लेकर कहा कि इस विषय पर लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है। वाहन

- ***चुटूपालू घाटी में आए दिन होने वाली सड़क दुर्घटना को रोकने के लिए अलग से होगा सड़क का निर्माण***
- ***जैना मोड़ से देवघर व गोला से रामगढ़ तक फोरलेन सड़क का हो निर्माण***

चालक ज्यादा गति से नहीं चले, न्यूट्रल में नहीं चलाएं और ओवरलोडिंग भी नहीं हो, इस पर भी ध्यान रखने की जरूरत है। सड़क दुर्घटना नहीं हो इसको लेकर कई कदम उठाए जा रहे हैं। जहां तक एलाइनमेंट व जांच का विषय है तो इस पर भी प्राधिकरण गंभीर है। स्थायी समाधान निकालने के लिए अलग से सड़क निर्माण कराया जाएगा। सांसद ने अध्यक्ष का ध्यान जैना मोड़ से देवघर वाया बेरमो, नावाडीह, डुमरी, ससारखों, नारायणपुर मधुबन व गिरिडीह तक में फोरलेन सड़क का निर्माण कराने, गोविंदपुर एनएच -19 से गिरिडीह तक सड़क को फोरलेन करने, एनएच 19 डुमरी मोड़ केवी हाई स्कूल के सामने व आईबीपी गूझाडीह मोड़ में आरओबी का निर्माण कराने, गोला से रामगढ़ तक फोरलेन सड़क का निर्माण कराने पर आकृष्ट कराया। साथ ही उन्होंने तोपचांची प्रखंड के 12 नंबर कोटल डीह और जरीडीह प्रखंड में सड़क निर्माण में बांधडीह में दक्षिण पंचायत के टोला मांझीडीह चौक के पास अंडर पास का निर्माण कराए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया। सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने 32 में रायगंज के लोहपीटी में किए गए जमीन अधिग्रहण का अब तक भुगतान नहीं होने के मामले को रखते हुए भुगतान सुनिश्चित करने पर जोर दिया। सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी की बातों को सुनने के बाद प्राधिकरण के अध्यक्ष ने उन्हें इस बात के लिए आश्वस्त किया की प्राधिकरण के रांची क्षेत्रीय कार्यालय को इस विषय पर जरूरी दिशा निर्देश देते हुए स्थल निरीक्षण कर फिजिबिलिटी रिपोर्ट मांगी जाएगी। सभी विषयों और मांगों पर सकारात्मक रूप से कार्यवाही की जाएगी।

### देश भर में केवल रांची में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा वान्या सिल्क की होती है पढ़ाई

# पीजीडीएस कोर्स में है नौकरी की पूरी संभावना



मनोज मिश्रा

**रांची।** पूरे देश के केवल रांची के नगड़ी में स्थित केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान (सीटीआरएंडटीआई) में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा (वान्या सिल्क) कोर्स संचालित होता है। यह कोर्स पूरी तरह से आवासीय है और सेमेस्टर सिस्टम के तहत रांची विश्वविद्यालय, रांची से संबद्ध है। यहां मात्र 20 सीटें हैं, आवश्यक योग्यता (जैविक विज्ञान में स्नातक डिग्री) को पूरा करने वाले उम्मीदवार (ओपन/प्रायोजित) उपलब्ध रिक्तियों के आधार पर सीधे प्रवेश के लिए पात्र होते हैं। जबकि, जैविक विज्ञान के अलावा अन्य डिग्री रखने वाले उम्मीदवारों को संस्थान द्वारा आयोजित स्क्रीनिंग टेस्ट में उत्तीर्ण होना होता है। न्यूनतम 21 वर्ष और अधिकतम 40 वर्ष (1 जुलाई को) और विभिन्न राज्यों के रेशम उत्पादन विभाग में कार्यरत सेवाकालीन उम्मीदवारों के लिए कोई आयु सीमा नहीं है। सीटीआरएंडटीआई में देश के विभीन्न राज्यों से छात्र-छात्राएं पीजीडीएस कोर्स पूरा करने आते हैं। इस संबंध में **'राष्ट्रीय नवीन मेल'** संवाददाता ने छात्र-छात्राओं से बात की। मणिपुर से आए जी पौशिंगलुंग ने बताया कि वे मणिपुर से यहां पीजीडीएस का कोर्स करने आए हैं, यहां छात्रावास में रहकर पढ़ाई करते हैं। टीएच सरिता ने बताया कि पीजीडीएस का कोर्स करने से नौकरी की पूरी संभावना रहती है।

## न्यूज | बॉक्स

### सौरभ बोस ने राज्यपाल संतोष गंगवार से की भेंट



**रांची।** विश्वविद्यालय छात्र संघ के पूर्व सचिव सह पूर्व सीनेट सदस्य सौरव बोस, रोहित शेखर एवं राहुल रंजन ने विवि एवं अंगीभूत महाविद्यालय में व्याप्त गड़बड़ियों एवं ज्वलंत समस्याओं से राज्यपाल को अवगत कराया। इस दौरान राज्यपाल से छात्र संघ चुनाव कराकर छात्र संघ बहाल करने का भी आग्रह किया गया।

### रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता गौरवपूर्ण कदम : रक्षा राज्य मंत्री



**रांची।** बुधवार को विशाखापत्तनम में सर्वेक्षण पोत (बड़े) परियोजना के जहाज निदेशक को इंडियन नेवी में देश के केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के द्वारा (कमिशनिंग) को शामिल करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। यह जहाज हमारी समुद्री सीमाओं के साथ नौसेना को भी मजबूती प्रदान करेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र के मार्गदर्शन और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में अब सबकुछ संभव हो रहा है। यह 80 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री के साथ निर्मित और मल्टी-बीम इको साउंडर्स, साइड स्कैन सोनार, एयूवीएस और आरओवीएस सहित कई अत्याधुनिक प्रणालियों से सुसज्जित है। हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण, नेविगेशन, गहरे समुद्र में संचालन और पर्यावरण अध्ययन में हमारा ढ्ढ१ीिँ' अब महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। हमारी समुद्री सीमाएं और क्षमताएं भी मजबूत होंगी। हमारी नौसेना अब आत्मनिर्भरता के साथ आगे बढ़ रही है। विकसित भारत की तरफ हम आगे बढ़ रहे हैं।

### अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री को आमया ने सौंपा मांगपत्र



**रांची।** विश्व अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पर हज हाउस में झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस दौरान आमया ने अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन अंसारी को 32 सूत्री मांग पत्र सौपा गया।ज्ञापन में 10 जून 2022 रांची गोलीकांड में पीड़ित परिवार को न्याय देने, मॉबलिंचिंग रोकने के लिए कानून बनाने, 4401 उर्दू सहायक शिक्षक के बैकलॉग 3712 पद को अल्पसंख्यक आयोग आदेशवाद संख्या 174/2015 के अनुसार भरने, 543 उर्दू स्कूल जिनका उर्दू स्टेटस और जुमा की सप्ताहिक छुट्टी समाप्त कर दी गई उन स्कूलों में फिर से स्टेटस बहाल करने आदि शामिल है। मौके पर आमया संगठन के अध्यक्ष एस अली, समाजसेवी तनवीर अहमद, मो बाबर, मुस्लिम अंसारी, मौलान जियाउल होदा, इस्मे आजम आदि शामिल थे।

# लोअर बाजार के लोयला ग्राउंड परिसर में विवाद, पहुंची पुलिस

**रांची।** लोअर बाजार थाना क्षेत्र के लोयला ग्राउंड परिसर में किसी बात को लेकर विवाद हो गया है, मौके पर लोअर बाजार थाना प्रभारी और रांची शहर अंचल के सीईओ मुंशी राम समेत कई पदाधिकारी मौजूद।

## पृष्ठ एक के शेष

**सड़क दुर्घटना मे ं शिक्षक...**

सड़क पर पहुंचे, सामने से आ रहे एक ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। घटना इतनी भीषण थी कि शिक्षक की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेजा। रांची जाने के दौरान, पलामू कांग्रेस जिलाध्यक्ष बिट्टू पाठक ने पुलिस और मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दी। घटना के बाद बड़ी संख्या में शिक्षक और स्थानीय लोग सदर अस्पताल पहुंचे। शिक्षक संघ ने सरकार से मृतक के परिजनों को तत्काल 50 लाख रुपए मुआवजा देने और उनके आश्रितों को सरकारी नौकरी देने की मांग की। साथ ही, बायोमेट्रिक सिस्टम पर रोक लगाने की भी मांग की गई। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष पंकज सिंह, विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव, जिप सदस्य विनोद उरांव और अन्य शिक्षक तथा स्थानीय लोग भी मौजूद थे।

**नीलगायों के झुंड का...**

ऐसे में किसानों के लिए इन फसलों को बचाना बड़ी चुनौती बन जाती है, जिससे उनकी रातों की नींद और दिन का चैन छिन जाता है। किसानों का कहना है कि कुछ झुंडों में नीलगायों की संख्या दर्जनों तक होती है, जिनमें शिशु, प्रौढ़ और वृद्ध नीलगाय भी शामिल होते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि नीलगायों को इन फसलों का स्वाद लग जाने के कारण वे शायद ही जंगलों की ओर लौट पाएं।

यदि सरकार ने योजनाबद्ध तरीके से इन नीलगायों को मैदानी इलाकों से भगाने के उपाय नहीं किए, तो उनकी बढ़ती संख्या को देखते हुए यह कहा जा सकता है कि एक दिन यह झुंड किसानों और आम लोगों के लिए मुश्किलें खड़ी कर सकता है। हालांकि राहत की बात यह है कि वन विभाग ने नीलगायों से फसलों को हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति का प्रावधान किया है। लेकिन किसानों का कहना है कि इन फसलों की खेती के लिए भारी पूंजी निवेश और परिश्रम किया जाता है, और नीलगायों का आहार बनने के लिए इन फसलों का उत्पादन किया जाता है। यह सवाल किसानों के लिए विचारणीय है, जो सरकार के समक्ष उठाना चाहिए।

**झारखंड हाई कोर्ट में...**

20 जनवरी की तिथि निर्धारित की है। दरअसल, पूर्वी सिंहभूम के बहरागोड़ा थाना क्षेत्र में वर्ष 2020 में स्कॉर्पियो से भारी मात्रा में गांजा बरामद किया गया था, लेकिन जब्त मादक पदार्थों की सैंपलिंग सही ढंग से नहीं होने पर आरोपितों को जमानत मिल गई थी। इसे हाई कोर्ट ने गंभीरता से लेते हुए डीजीपी को कोर्ट के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया था।

साहित्य अकादमी पुरस्कारों की घोषणा

# हिंदी के लिए कवयित्री गगन गिल को मिलेगा सम्मान

एजेंसी

**नई दिल्ली** । साहित्य अकादमी के वर्ष 2024 के पुरस्कारों की घोषणा बुधवार को कर दी गई। ये पुरस्कार 21 भाषाओं के लिए घोषित किए गए हैं। इनमें आठ कविता-संग्रह, तीन उपन्यास, दो कहानी संग्रह, तीन निबंध, तीन साहित्यिक आलोचना, एक नाटक और एक शोध की पुस्तकें शामिल हैं। कवयित्री गगन गिल को उनके हिंदी कविता संग्रह- 'मैं जब तक आयी बाहर' के लिए पुरस्कृत किया जाएगा। अंग्रेजी में ईस्टरिन किरे को उनके उपन्यास 'स्पिरिट नाइट्स' के लिए पुरस्कृत किया जाएगा।

साहित्य अकादमी के सचिव डॉ के. श्रीनिवासराव ने फिरोजशाह रोड स्थित साहित्य अकादमी के मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि बांग्ला, डोगरी और उर्दू में पुरस्कारों की घोषणा बाद में की जाएगी। उन्होंने बताया कि पुरस्कारों की अनुशंसा 21 भारतीय भाषाओं की निर्णायक समितियों ने की। अकादमी के अध्यक्ष माधव कौशिक की अध्यक्षता में आयोजित अकादमी के कार्यकारी मंडल की बैठक में आज इन्हें अनुमोदित किया गया। ये पुरस्कार, पुरस्कार-वर्ष पिछले पांच वर्ष (1 जनवरी 2018 से 31 दिसंबर 2022 के दौरान) पहली बार प्रकाशित पुस्तकों पर दिए गए हैं। पुरस्कार स्वरूप एक उत्कीर्ण ताम्रफलक, शॉल और एक लाख रुपये की राशि पुरस्कृत लेखकों को नई दिल्ली के कमानी ऑडिटोरियम में 08 मार्च 2025 को आयोजित एक भव्य समारोह में प्रदान किए जाएंगे।




## बांग्ला, डोगरी और उर्दू भाषा में पुरस्कारों की घोषणा बाद में

- पुरस्कारों की अनुशंसा 21 भारतीय भाषाओं की निर्णायक समितियों ने की
- कवयित्री गगन गिल हिंदी कविता संग्रह- 'मैं जब तक आयी बाहर' के लिए पुरस्कृत होंगी

### नेपाल की सभी एयरलाइंस पर यूरोप में उड़ान भरने पर प्रतिबंध बरकरार

**काठमांडू (हि.स.)**। यूरोपीय संघ (ईयू) ने सभी नेपाली एयरलाइंस कंपनियों पर अपने हवाई क्षेत्र में उड़ान भरने के प्रतिबंध को अगले वर्ष भी बरकरार रखा है। ईयू के इस प्रतिबंध के कारण नेपाल एयरलाइंस कार्पोरेशन और हिमालय एयरलाइंस जैसी अंतरराष्ट्रीय कंपनियों को यूरोप के किसी भी गंतव्य तक उड़ान भरने पर एक वर्ष के लिए रोक लग गई है। ईयू की हवाई सुरक्षा सूची सालाना अपडेट की जाती है। मंगलवार को जारी नई सूची में भी नेपाल की सभी एयरलाइंस के उड़ानों पर प्रतिबंध को जारी रखने का निर्णय किया गया है। यूरोपीय संघ की सुरक्षा सूची में नेपाल एयरलाइंस, हिमालय एयरलाइंस, बुद्ध एयर, यति एयरलाइंस और तारा एयर जैसी प्रमुख नेपाली एयरलाइंस के साथ-साथ एयर डायनेस्टी, मनांग एयर और सिमरिक एयर जैसे कई हेलीकॉप्टर सेवा प्रदाता शामिल हैं।

### तब्लीगी जमात के आयोजन स्थल पर हिंसा, दो की हुई मौत

**ढाका (हि.स.)**। बांग्लादेश में तब्लीगी जमात के प्रमुख आयोजन स्थल टोंगी इज्तेमा मैदान में नियंत्रण के लिए बुधवार के तड़के करीब 03:00 बजे दो मुस्लिम धर्मगुरुओं मौलाना साद और मौलाना जुबैर के समर्थकों के बीच हुई हिंसक झड़प में दो लोगों की मौत हो गई। इसके बाद तनाव फैल गया। पूरे क्षेत्र में पुलिस और सशस्त्र बल के जवानों को तैनात किया गया है। ढाका ट्रिब्यून के अनुसार, हिंसा में जान गंवाने वाले बच्चू मिया (70) और बेलाल हुसैन (60) मौलाना जुबैर गुट के हैं। बच्चू किशोरगंज के पाकुंडिया उपजिला और बेलाल ढाका के दक्षिणखान से तब्लीगी जमात में शामिल होने आए थे। दोनों की मौत से गुस्साए तब्लीगी जमात के मौलाना जुबैर गुट के समर्थकों ने प्रदर्शन करते हुए सुबह 10 बजे गाजीपुर में ढाका-मैमनसिंह राजमार्ग को अवरुद्ध कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने टोंगी इज्तेमा मैदान उनके इज्तेमा को सौंपने और हिंसा के लिए जिम्मेदार लोगों को गिरफ्तार करने की मांग की।

### 3 अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों ने नेपाल की शांति प्रक्रिया पर जताई चिंता

**काठमांडू (हि.स.)**। नेपाल में जारी शांति प्रक्रिया के अंतिम चरण को लेकर सरकार के कदम पर तीन अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों ने आपत्ति दर्ज की है। इन तीनों संगठनों ने बुधवार को प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली, नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा और माओवादी के अध्यक्ष पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' को पत्र लिखकर मौजूदा प्रक्रिया को लेकर अपनी चिंता व्यक्त की है। एमनेस्टी इंटरनेशनल, आईसीजे और ह्यूमन राइट्स वॉच ने संयुक्त बयान में कहा कि सत्य निरूपण आयोग (टीआरसी) का गठन करने के लिए सरकार की समिति ने जिन लोगों के नाम की सिफारिश की है, उनका इससे कोई लेना-देना नहीं है।

### द. कोरिया के रक्षा खुफिया कमान प्रमुख मेजर जनरल सांग-हो गिरफ्तार

**सियोल (हि.स.)**। दक्षिण कोरिया में बुधवार की दोपहर 12:20 बजे (स्थानीय समय) रक्षा खुफिया कमान प्रमुख मेजर जनरल मून सांग-हो को औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया गया। उनकी गिरफ्तारी अल्पकालिक मार्शल लॉ अभियान में शामिल रहने के संदेह के रूप में की गई है। मार्शल लॉ डिक्री की जांच कर रहे एक भ्रष्टाचार विरोधी जांच निकाय ने इसकी घोषणा की। द कोरिया टाइम्स समाचार पत्र के अनुसार, उच्च पदस्थ अधिकारियों के भ्रष्टाचार जांच कार्यालय ने कहा कि मेजर जनरल मून सांग-हो को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### ट्रंप की 'टैरिफ धमकियों' के बीच कनाडा ने किया नई सीमा सुरक्षा योजना का ऐलान

**ओटावा (आईएएनएस)**। अमेरिका के नव-निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की 'टैरिफ धमकी' के बाद कनाडा की संघीय सरकार ने सीमा सुरक्षा और इमिग्रेशन सिस्टम को मजबूत करने के लिए एक नई योजना का ऐलान किया है। हाल ही में ट्रंप ने घोषणा की थी कि वह जनवरी में अपने पदभार ग्रहण करने के पहले दिन ही ऐसे आदेशों पर हस्ताक्षर करेंगे, जिसके तहत मेक्सिको और कनाडा से आने वाले सभी सामानों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि टैरिफ तब तक लागू रहेगा, जब तक कि वे अपने देशों से अमेरिका में अवैध अप्रवासियों और ड्रग्स, खास तौर से फेंटानाइल के प्रवाह को न रोक दें। पब्लिक सेफ्टी कनाडा के बयान के मुताबिक, नई योजना में जो प्रमुख बातें है, उनमें - फेंटेनाइल तस्करी का पता लगाना और उसे बाधित करना, परिचालन समन्वय, सूचना साझाकरण को बढ़ाना शामिल हैं।

# बांग्लादेश सीमा पर दिखे यूएवी टीबी-2

## भारतीय वायु सेना ने लड़ाकू विमानों से बढ़ाई निगरानी




एजेंसी

**नई दिल्ली**। बांग्लादेश सीमा पर मानव रहित हवाई वाहनों (यूएवी) के देखे जाने के बाद मेघालय पुलिस की ओर से सतर्क किए जाने पर वायु सेना ने अपनी निगरानी गतिविधि बढ़ा दी है। राज्य के पूर्वी खासी हिल्स जिले के सोहरा और शेला के पास बेराकटार टीबी-2 मानव रहित हवाई वाहनों (यूएवी) के देखे जाने के बाद भारतीय राडार और लड़ाकू विमान नियमित रूप से इन पर नजर रख रहे हैं। मेघालय सीमा के बहुत नजदीक एक बांग्लादेशी ड्रोन के देखे जाने के बाद निर्देश दिए गए हैं कि भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ करने पर बांग्लादेशी यूएवी को मार गिराया जाए।

भारत-बांग्लादेश सीमा के पास पिछले हफ्ते में कई बार टीबी-2 यूएवी देखे जा रहे हैं। बांग्लादेश में छतक और सुनामगंज के आसपास के इलाकों में यूएवी उड़ते हुए पाए गए। इसके अलावा, सीमा के पास मेघालय राज्य के पूर्वी खासी हिल्स जिले के सोहरा और शेला के पास बेराकटार टीबी-2 मानव रहित हवाई वाहनों (यूएवी) को उड़ते हुए देखा गया है। हालांकि, यूएवी से भारतीय सीमा में आधिकारिक तौर पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है, लेकिन सीमा पर तैनात बीएसएफ ने इस बारे में मेघालय सरकार को जानकारी दी है। बीएसएफ का मानना है कि यूएवी की तैनाती बांग्लादेश में अशांति के बीच घरेलू स्तर पर अपनी ताकत दिखाने का प्रयास हो सकता है।

**भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ करने पर बांग्लादेशी यूएवी मार गिराने का बीएसएफ को निर्देश**

बांग्लादेश ने इस साल की शुरुआत में अपने सैन्य आधुनिकीकरण प्रयासों के तहत यह ड्रोन हासिल किए थे। बांग्लादेश के तेजगांव एयरबेस से एक यूएवी संचालित किया गया था, जिसका ट्रांसपोंडर कोड टीबी2आर1-071 था। तुर्की कंपनी बायकर ने बेराकटार टीबी-2 यूएवी को विकसित किया है, जिसे निगरानी और सटीक हमला मिशनों में अपनी दोहरी क्षमताओं के लिए जाना जाता है। ये यूएवी 300 किलोमीटर की परिचालन सीमा और 27 घंटे की धीरज के साथ अपनी तरह के सबसे उन्नत में से एक हैं।

सीमा पर टीबी-2 यूएवी देखे जाने की जानकारी मिलने पर मेघालय पुलिस के महानिदेशक इदाशीशा नोंग्रांग ने इस घटना के बारे में भारतीय वायु सेना को भी अवगत कराया। इसके बाद भारतीय वायु सेना ने बांग्लादेश सीमा पर अपनी निगरानी गतिविधि बढ़ा दी है। सुरक्षाबलों ने कहा कि ऐसी कार्रवाइयां अक्सर पड़ोसियों के लिए सीधे सुरक्षा खतरा पैदा करने के बजाय आंतरिक समर्थन जुटाने का काम करती हैं। भारत सीमा पर निगरानी और खुफिया जानकारी साझा करने के तंत्र को बढ़ाकर स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा है। भारतीय सशस्त्र बल अपने हवाई क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए संभावित जवाबी उपायों का भी मूल्यांकन कर रहे हैं। बांग्लादेशी सेना के टीबी-2 हमलावर ड्रोन देखे जाने के बाद बीएसएफ को भारत-बांग्लादेश सीमा के निकट उड़ने वाली किसी भी हवाई वस्तु को मार गिराने का निर्देश दिया गया है, इसीलिए भारतीय राडार और लड़ाकू विमान नियमित रूप से इन ड्रोन पर नजर रख रहे हैं।


### भारतीय नौसेना को समुद्री विज्ञान उपकरणों से लैस 'निर्देशक' मिला

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**। भारतीय नौसेना में एक अत्याधुनिक विशाल समुद्री जहाज बुधवार को शामिल किया गया। भारतीय नौसेना का सर्वेक्षण जहाज 'निर्देशक' करीब 3,800 टन वजनी है। इसकी लंबाई 110 मीटर है। बुधवार को नौसेना में शामिल किया गया यह समुद्री जहाज दो डीजल इंजनों से संचालित है। यह अत्याधुनिक हाइड्रोग्राफिक और समुद्र विज्ञान सर्वेक्षण उपकरणों से लैस है। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की मौजूदगी में यह जहाज नौसेना डॉकयार्ड, विशाखापत्तनम में नेवी में शामिल किया गया। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि यह विशिष्ट जहाज महासागरों का चार्ट बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह समुद्री डाटा के अधिक सटीक संकलन, प्रसंस्करण और परिणामस्वरूप अत्यधिक विश्वसनीय चार्ट तैयार करने की क्षमता रखता है। इससे समुद्री संचालन और सुरक्षा को बढ़ावा मिलता है।उन्होंने कहा कि यह सर्वेक्षण जहाज एक विश्वसनीय समुद्री कूटनीति उपकरण के रूप में भी काम करते हैं। जब हमारे सर्वेक्षण जहाज किसी मित्र देश के समर्थन में मिशन चलाते हैं, तो वे उस बात का प्रतीक होते हैं, जिस पर भारत विश्वास करता है, यानी 'बदले में कुछ मांगे बिना किसी जरूरतमंद मित्र की मदद करना।

# मुंबई नाव हादसे में 13 लोगों की हुई मौत

## बोट में 100 से ज्यादा यात्री सवार थे





- सीएम फडणवीस ने किया 5-5 लाख रुपये के मुआवजे का ऐलान

एजेंसी

**मुंबई**। मुंबई में गेटवे ऑफ इंडिया से एलिफेंटा जा रही बोट अरब सागर में करंजा के उरण में पलटने से 13 लोगों की मौत हो गई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इन मौतों की पुष्टि की है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को हादसे की जानकारी देते हुए बताया कि मुंबई के बुचर द्वीप पर दोपहर बाद करीब 3:55 बजे 'नीलकमल' नाम की नाव हादसे का शिकार हो गई। शाम 7:30 बजे तक की जानकारी के अनुसार हादसे में 101 लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया है और 13 लोगों की मौत हो गई है। मरने वालों में 10 नागरिक और 3 नौसेना के जवान हैं। दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं, जिन्हें नौसेना के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। देवेंद्र फडणवीस ने कहा, 11 क्राफ्ट और 4 हेलीकॉप्टर की मदद से नौसेना, तटरक्षक और पुलिस ने बचाव अभियान चलाया है। लापता लोगों के बारे में अंतिम जानकारी गुरुवार सुबह मिलेगी। शोक संतप्त परिवारों को मुख्यमंत्री राहत कोष से पांच लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। पूरी घटना की जांच पुलिस और नौसेना द्वारा की जाएगी।

नौसेना, जेएनपीटी, तटरक्षक बल, येलोगेट पुलिस स्टेशन की तीन बोट और स्थानीय मछुआरों की मदद से घटनास्थल पर बचाव और राहत अभियान जारी है। घटना की वीडियो भी सामने आया है, इसमें देखा जा सकता है कि बोट धीरे-धीरे पानी में डूब रही है। लोगों को लाइफ जैकेट पहनाकर दूसरी नावों में शिफ्ट किया जा रहा है। संयुक्त अभियान कमान (जेओसी) और बीएमसी के अनुसार, नौका (बोट) 'नीलकमल' अचानक लड़खड़ा गई और करंजा के उरण के पास पलट गई।

# ईसीएल के तत्कालीन चिकित्सा अधीक्षक को चार साल की सजा

- रिश्वतखोरी के मामले में आसनसोल की विशेष अदालत ने सुनाई है सजा

**कोलकाता (हि. स.)**। ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल) के सेंट्रल हॉस्पिटल, कल्ला (पश्चिम बंगाल) में कार्यरत तत्कालीन चिकित्सा अधीक्षक (ईएनटी) डॉ सुनील कुमार सिंह को रिश्वतखोरी के मामले में आसनसोल की विशेष अदालत ने चार साल की कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही उन पर 30 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। सीबीआई ने 16 फरवरी 2009 को डॉ सुनील कुमार सिंह के खिलाफ शिकायत दर्ज की थी। आरोप था कि उन्होंने एक शिकायतकर्ता से मेडिकल सर्टिफिकेट जारी करने के बदले 400 रुपये की रिश्वत मांगी और स्वीकार की थी। सीबीआई ने मामले की जांच के बाद 25 अगस्त 2009 को आरोपित के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया। सीबीआई मामलों की विशेष अदालत, आसनसोल ने इस मामले में सुनवाई पूरी करने के बाद आरोपित को दोषी करार दिया था।

## ज्ञानवापी परिसर में आगे सर्वेक्षण करने के मामले में हाईकोर्ट में सुनवाई टली

एजेंसी

**प्रयागराज**। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दो याचिकाओं पर सुनवाई स्थगित कर दी। इनमें भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को ज्ञानवापी परिसर में आगे सर्वेक्षण करने का निर्देश देने के लिए समान राहत की मांग की गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने 12 दिसंबर को अंतरिम आदेश दिया, जिसमें अदालतों को सर्वेक्षण के आदेश सहित कोई भी प्रभावी अंतरिम या अंतिम आदेश पारित करने से रोक दिया गया है। जस्टिस रोहित रंजन अग्रवाल की पीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए इस मामले को 24 फरवरी तक सुनवाई स्थगित कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट पूजा स्थल अधिनियम 1991 की संवैधानिक वैधता पर सवाल उठाने वाली याचिकाओं के एक समूह की सुनवाई करेगा, जो पूजा स्थलों के धार्मिक चरित्र को 15 अगस्त, 1947 की स्थिति से बदलने पर रोक लगाता है। राखी सिंह द्वारा दायर पहली याचिका में ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के भीतर 'वजूखाना' क्षेत्र का एएसआई सर्वेक्षण करने का अनुरोध किया गया, जबकि भगवान विश्वेश्वर द्वारा दायर दूसरी याचिका, जिसका प्रतिनिधित्व उनके अगले मित्र एडवोकेट विजय शंकर रस्तोगी कर रहे हैं, का दावा है कि 'स्वयंभू ज्योतिर्लिंग' ज्ञानवापी मस्जिद के मुख्य गुंबद के नीचे स्थित है। दूसरी याचिका एडवोकेट सौरभ तिवारी और विकास कुमार के माध्यम से दायर की गई है, जिसमें वाराणसी जिला जज के आदेश दिनांक 21 अक्टूबर, 2023 को चुनौती दी गई है। इसमें एएसआई को वजूखाना क्षेत्र का सर्वेक्षण करने का निर्देश देने से इनकार किया गया।

एडवोकेट अजय कुमार सिंह के माध्यम से दायर दूसरी याचिका में वाराणसी कोर्ट के अक्टूबर 2024 के आदेश को चुनौती दी गई है। इसमें संपूर्ण ज्ञानवापी मस्जिद परिसर का अतिरिक्त (भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण) सर्वेक्षण करने की मांग करने वाली याचिका खारिज की गई। इसमें मस्जिद के केंद्रीय गुंबद के नीचे के क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया। जिनका एएसआई ने पहले से सर्वेक्षण नहीं किया।

# उत्तराखंड यूसीसी लागू करने वाला देश का पहला राज्य बनेगा : पुष्कर सिंह धामी

एजेंसी



- जनवरी से लागू होगी समान नागरिक संहिता सभी तैयारियां पूरी
- सुगम सेवाएं देने को पोर्टल और मोबाइल एप भी किया गया विकसित

**देहरादून**। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड में जनवरी 2025 से समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू होगी। समान नागरिक संहिता राज्य को संविधानिक दृष्टि से मजबूत बनाने के साथ-साथ सामाजिक और न्यायिक व्यवस्था में भी महत्वपूर्ण बदलाव लाएगी। इस दिशा में सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उत्तराखंड यह कानून लागू करने वाला देश का पहला राज्य बनेगा। मुख्यमंत्री धामी बुधवार को सचिवालय में आयोजित उत्तराखंड निवेश और आधारिक संरचना विकास बोर्ड (यूआईआईडीबी) की बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने धामी ने कहा कि राज्य सरकार अपने संकल्प के अनुसार समान नागरिक संहिता को लागू करने की दिशा में पूरी तरह से तैयार है।

उन्होंने बताया कि मार्च 2022 में नई सरकार बनने के बाद मंत्रिमंडल की पहली बैठक में ही इस संबंध में एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया था, जिसका नेतृत्व सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई ने किया था। समिति की रिपोर्ट के आधार पर 7 फरवरी, 2024 को राज्य विधानसभा से समान नागरिक संहिता विधेयक 2024 पारित किया गया, जिसे राष्ट्रपति की सहमति मिलने के बाद 12 मार्च 2024 को अधिसूचित कर दिया गया है। धामी ने कहा कि राज्य सरकार ने अब इस कानून की नियमावली भी तैयार कर ली है और सभी अधिकारियों को इस संहिता के प्रावधान लागू करने के लिए प्रशिक्षण देने का निर्देश दिए जा चुके हैं। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि जनसामान्य को सुगमता से सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए एक पोर्टल और मोबाइल एप भी विकसित किया गया है, जो पंजीकरण व अपील जैसी सुविधाएं ऑनलाइन प्रदान करेगा।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि समान नागरिक संहिता उत्तराखंड में महिलाओं और बच्चों के सशक्तिकरण का एक बड़ा कदम होगा और यह कानून राज्य की सामाजिक दिशा को एक नया मोड़ देगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कानून 'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास' की भावना को प्रोत्साहित करेगा।

## खालिस्तानी अलगाववादी की हत्या की साजिश का मामला

# अमेरिका-भारत ने जानकारी का किया आदान-प्रदान

- अमेरिका ने एक भारतीय नागरिक के खिलाफ आरोप पत्र भी दायर किए थे

एजेंसी




**न्यूयॉर्क**। अमेरिका के विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर के अनुसार, भारतीय जांच पैनल और अमेरिकी सरकारी एजेंसियों के बीच सूचनाओं का आदान-प्रदान हो रहा है। भारत ने अमेरिकी खालिस्तानी की हत्या की साजिश के आरोपों की जांच के लिए पैनल का गठन किया है। मिलर ने मंगलवार को मीडिया से बात करते हुए कहा, हम अपनी जांच के परिणामों के बारे में उन्हें नियमित रूप से जानकारी देते रहे हैं। भारत ने पिछले साल इस मामले के सभी पहलुओं पर गौर करने के लिए पैनल का गठन किया था, जब अमेरिका ने एक भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता के खिलाफ आरोप पत्र दायर किए थे। आरोप लगाया गया था कि वह खालिस्तानी अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू के खिलाफ न्यूयॉर्क में हत्या की साजिश में शामिल था। इस साल रॉ के साथ काम कर चुके एक पूर्व पुलिस अधिकारी विकास यादव पर भी कथित सह-षड्यंत्रकारी के तौर पर आरोप लगाया गया था।

यह पूछे जाने पर कि क्या सहायक विदेश मंत्री डोनाल्ड लू की हाल की भारत यात्रा के दौरान इस मामले पर चर्चा हुई थी, मिलर ने कहा कि वह इस यात्रा के बारे में कुछ नहीं कह सकते। हालांकि, उन्होंने कहा, मैं आपको बता सकता हूं कि भारत सरकार के साथ हमारे सभी वरिष्ठ-स्तरीय बैठकों में, यह एक ऐसा मुद्दा है, जिसे हम उठाते हैं। मिलर ने कहा, हमने उनके साथ इस बात पर जोर दिया है कि हम इस अपराध के लिए आखिरकार जवाबदेही देखना चाहते हैं। गुप्ता ने अमेरिकी संघीय अदालत में आरोपों से इनकार किया है। चेक गणराज्य में गिरफ्तार किए जाने और अमेरिका को प्रत्यर्पित किए जाने के बाद उन पर मुकदमा चल रहा है।

# लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता को मजबूत करें, बांग्लादेश के लोगों से की अपील

एजेंसी

**500 लोगों ने लिखा 'खुला पत्र'**

**नई दिल्ली**। दर्जनों पूर्व राजनयिकों, लोक सेवकों, वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों, सशस्त्र कर्मियों और नागरिक समाज के सदस्यों सहित लगभग 500 लोगों ने बांग्लादेश के लोगों के नाम एक 'खुला पत्र' लिखा है। इसमें बांग्लादेश के अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा, लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता को मजबूत करने की दिशा में काम करने की अपील है। पत्र में कहा गया है कि बांग्लादेश में फैली अराजक स्थिति का सबसे बड़ा खामियाजा बांग्लादेश के 15 मिलियन अल्पसंख्यक समुदायों को भुगतना पड़ रहा है, जिनमें हिंदू, बौद्ध, ईसाई, साथ ही शिया, अहमदिया और अन्य शामिल हैं। इस पहल का समन्वय बांग्लादेश में भारत की पूर्व उच्चायुक्त वीना सीकरी और पूर्व राजदूत भास्वती मुखर्जी द्वारा किया गया।

पत्र में कहा गया, पिछले चार महीनों से कट्टरपंथी इस्लामी समूहों ने देश भर के लगभग हर जिले में धार्मिक अल्पसंख्यकों पर हिंसक, आतंकवादी हमले किए हैं, जिनमें पूजा स्थलों को अपवित्र करना, तोड़फोड़ करना, अपहरण, बलात्कार, हत्या के साथ-साथ घरों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों को बेरहमी से नष्ट करना शामिल है। यहां तक कि जहां पुख्ता सबूत मौजूद हैं, वहां भी दोषियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है। मुहम्मद यूनुस ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के नेतृत्व वाली सरकार के पतन के बाद 8 अगस्त को बांग्लादेशी अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार के रूप में कार्यभार संभाला था। शेख हसीना के देश छोड़ने के बाद बांग्लागेश में अल्पसंख्यकों, उनकी संपत्तियों और धार्मिक स्थलों पर हमलों का सिलसिला शुरू हो गया। 'खुले पत्र' पर हस्ताक्षर करने वाले जाने-माने भारतीय विद्वानों, पूर्व राजनयिकों और सेवानिवृत्त सेना जनरलों ने संयुक्त रूप से बांग्लादेश में बिगड़ती स्थिति पर अपनी चिंता और चिंता व्यक्त की है।

पत्र में कहा गया, इस्लामवादियों का एजेंडा बांग्लादेश से धार्मिक अल्पसंख्यक आबादी को आतंकित करना और उन्हें बाहर निकालना प्रतीत होता है।